राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 280, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली मंगलवार 23 अप्रैल 2024, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

व्यक्ति के बाद भी उसे जिंदा रखता है देहदान और अंग दान : प्रो. योगेश सिंह .... पेज 03

अयोध्या-काशी ने लक्ष्य पा लिया, अब ब्रज भूमि की बारी : योगी .... पेज 05

धर्मशाला में देश का पहला एसआईएस ग्रास हाइब्रिड पिच वाला स्टेडियम होगा .... पेज 07

## गर्मियों की भीड़ से निपटने के लिए रेलवे ने कमर कसी

नयी दिल्ली। भारतीय रेलवे ने गर्मियों में यात्रियों की भारी आवाजाही के लिए नौ हजार से अधिक विशेष ट्रेनें चलाने के साथ पेयजल उपलब्ध कराने एवं भीड़ प्रबंधन की योजना बनायी है। भारतीय रेलवे के अनुसार रेलवे ने 01 अप्रैल से 21 अप्रैल के दौरान 41.16 करोड़ यात्रियों को यात्रा कराई है। पिछले दो दिनों (20 और 21 अप्रैल) में 3.38 करोड़ यात्रियों को यात्रा की है और बीते 7 दिनों (15-21 अप्रैल) में 13.69 करोड़ यात्रियों ने यात्रा की है। रेल मंत्रालय के अनुसार जोनल रेलवे को रेलवे स्टेशनों पर पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। इस साल रेलवे द्वारा ग्रीष्म ऋतु के दौरान रिकॉर्ड संख्या में 9111 अतिरिक्त ट्रेनें संचालित की जा रही हैं। मंत्रालय के अनुसार सभी प्रमुख और महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण की विस्तृत व्यवस्था की गई है। भीड़ को व्यवस्थित तरीके से नियंत्रित करने के लिए सभी गतिविधियों की निगरानी के लिए इन स्टेशनों पर वरिष्ठ अधिकारी तैनात हैं।

## सौम्या के हत्यारों की जमानत के खिलाफ दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने एक अंग्रेजी समाचार चैनल में काम करने वाली पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की 2008 में हत्या से संबंधित मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय की ओर से सभी चार दोषियों को दी गई जमानत को चुनौती देने वाली एक याचिका पर सोमवार को दिल्ली पुलिस और उन दोषियों को नोटिस जारी किया।

न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने सौम्या की मां माधवी विश्वनाथन की याचिका पर उन दोषियों से जवाब मांगा, जिन्हें उनकी अपील के लंबित रहने के दौरान जेल से रिहा कर दिया गया था।पीठ ने दिल्ली पुलिस को भी चार सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। इस मामले में अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी।

मृतका की मां की ओर से शीर्ष अदालत में दायर याचिका में तर्क दिया गया कि उच्च न्यायालय उसकी (मृतका की मां की) वेदना समझने में विफल रहा। उच्च न्यायालय दोषियों के आपराधिक इतिहास और उनके द्वारा किए गए अपराधों की गंभीरता को भी नहीं समझ पाया।याचिका में कहा गया है कि उच्च न्यायालय यह भी ध्यान देने में असफल रहा कि एक बार जब इन आरोपियों को छोड़ दिया जाएगा तो वे अपनी पिछली गतिविधियों को जारी रख समाज के लिए खतरा बन सकते हैं। याचिका में यह भी दलील दी गई है कि उच्च न्यायालय यह विचार में विफल रहा है कि सत्र न्यायाधीश ने रिकॉर्ड पर व्यापक



आपत्तिजनक सामग्री पर विचार करने के बाद और अपराध की गंभीरता को समझने के बाद आरोपियों को आईपीसी की धारा 302, 34 और मकोका 1999 की धारा 3(1)(द्व) तहत दोहरे आजीवन कारावास की सजा के लिए दोषी ठहराया। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 12 फरवरी 24 को रवि कपूर, अमित शुक्ला, बलजीत सिंह मलिक और अजय कुमार की आजीवन कारावास की सजा को निलंबित कर दिया था। इसके साथ ही उनकी दोषसिद्धि और सजा के खिलाफ (दोषियों की) अपील लंबित रहने के दौरान उन्हें जमानत दे दी गई थी।

## बंगाल में 24 हजार शिक्षकों की नियुक्ति रद्द

### हाईकोर्ट का आदेश- 8 साल की सैलरी लौटाएं; ममता बोलीं- फैसला गैरकानूनी, सुप्रीम कोर्ट जाएंगे



कोलकाता। कलकत्ता हाईकोर्ट ने सोमवार को 2016 में हुई शिक्षक भर्ती रद्द कर दी। इसके अलावा अवैध नियुक्ति पर काम कर रहे शिक्षकों से 7-8 साल के दौरान मिली सैलरी भी वापस लेने के निर्देश दिए।

जस्टिस देवांग्शु बसाक और जस्टिस शब्बर रसीदी की बेंच ने कहा- कैंसर पीड़ित सोमा दास की नौकरी सुरक्षित रहेगी। पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग नई नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करे।

हाईकोर्ट के आदेश को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गैरकानूनी बताया है। उन्होंने कहा- हम उन लोगों के साथ खड़े रहेंगे जिनकी नौकरियां चली गईं। भाजपा नेता न्यायपालिका के फैसलों को प्रभावित कर रहे हैं। इस फैसले के खिलाफ हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे।

पश्चिम बंगाल सरकार ने 2014 में WBSSC के जरिए सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों के लिए टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ भर्ती किया था। तब 24, 640 रिक्त पदों के लिए 23 लाख से अधिक लोगों ने भर्ती परीक्षा दी थी।

इस भर्ती में 5 से 15 लाख रुपए तक की घूस लेने का आरोप है। मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट को कई शिकायतें मिली थीं। भर्ती में अनियमितताओं के मामले में CBI ने राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी, उनकी करीबी मॉडल अर्पिता मुखर्जी और स्स्ष्ट के कुछ अधिकारियों को गिरफ्तार किया था।

### मेरिट लिस्ट से बाहर वालों को नौकरी देने का आरोप

ममता बनर्जी की सरकार ने 2014 में शिक्षकों की भर्ती निकाली थी। इसकी प्रक्रिया 2016 में पूरी हुई थी। तब पार्थ चटर्जी राज्य के शिक्षा मंत्री थे। याचिकाकर्ताओं का आरोप था कि जिन उम्मीदवारों के नंबर कम थे उन्हें मेरिट लिस्ट में ऊपर स्थान मिला।

कुछ उम्मीदवारों का मेरिट लिस्ट में नाम न होने पर भी नौकरी दी गई। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि कुछ ऐसे भी उम्मीदवारों को नौकरी दी गई, जिन्होंने TET परीक्षा भी पास नहीं की थी, जबकि राज्य में शिक्षक भर्ती के लिए TET की परीक्षा पास करना अनिवार्य है।

### हाईकोर्ट ने सीबीआई जांच के आदेश दिए थे

इसी तरह से राज्य में 2016 में SSC द्वारा ग्रुप डी की 13 हजार भर्ती के मामले में शिकायतें मिली थीं। हाईकोर्ट ने इन सभी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सीबीआई जांच के आदेश दिए थे। इसके बाद ईडी ने शिक्षक भर्ती और कर्मचारियों की भर्ती के मामले में मनी ट्रेल की जांच शुरू की थी। सीबीआई ने इस मामले में 18 मई को पार्थ चटर्जी से पूछताछ भी की थी।

### जुलाई 2022 में हुई थी पार्थ चटर्जी की गिरफ्तारी

ईडी ने 23 जुलाई 2022 को पार्थ को शिक्षक भर्ती घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में कोलकाता के सरकारी आवास से गिरफ्तार किया था। पार्थ पर आरोप है कि मंत्री रहते हुए उन्होंने नौकरी देने के बदले गलत तरीके से पैसे लिए। पार्थ की गिरफ्तारी के 5 दिन बाद ममता बनर्जी ने उन्हें कैबिनेट से बर्खास्त कर दिया था। इस मामले में 16 फरवरी 2024 तक पार्थ चटर्जी के करीबियों के ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की थी।

### अर्पिता के घर से 49 करोड़ कैश और करोड़ों की ज्वेलरी मिली थी

ईडी ने 22 जुलाई, 2022 को पार्थ चटर्जी के ठिकानों समेत 14 जगहों पर छापेमारी की थी। इस दौरान घोटाले में बंगाल की एक मॉडल अर्पिता मुखर्जी से जुड़ी जानकारी भी सामने आई। छापेमारी के दौरान अर्पिता मुखर्जी की प्रॉपर्टी के दस्तावेज मिले थे। इसके बाद ईडी ने अर्पिता के घर पर छापा मारा। अर्पिता के फ्लैट से करीब 21 करोड़ रुपए कैश, 60 लाख की विदेशी करेंसी, 20 फोन और अन्य दस्तावेज मिले। 24 जुलाई को ईडी ने अर्पिता और पार्थ को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद एक और छापेमारी में अर्पिता के घर से 27.9 करोड़ रुपए कैश मिला। इसमें 2000 रुपए और 500 रुपए के नोटों के बंडल थे। इसके अलावा 4.31 करोड़ रुपए का गोल्ड मिला। इसमें 1-1 किलो की 3 सोने की ईंटें, आधा-आधा किलो के 6 सोने के कंगन और अन्य ज्वेलरी शामिल हैं।

## वकीलों की रजिस्ट्रेशन फीस 600 से ज्यादा न हो

### सुप्रीम कोर्ट का आदेश- लॉ ग्रेजुएट्स से ज्यादा चार्ज न लें राज्यों की बार काउंसिल

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि देशभर में लॉ ग्रेजुएट्स के लिए एडवोकेट के तौर पर रजिस्ट्रेशन कराने की फीस 600 रुपए से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने ये बात एक याचिका की सुनवाई के दौरान कही, जिसमें कहा गया था कि राज्यों की बार काउंसिल वकीलों के रजिस्ट्रेशन के लिए बेहताशा फीस चार्ज करती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने ऐसी 10 याचिकाओं पर फैसला रिजर्व कर लिया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच इस मामले में सुनवाई कर रही थी। दोनों तरफ के वकीलों की दलील सुनने के बाद बेंच ने एडवोकेट्स एक्ट, 1961 के सेक्शन 24 का हवाला देते हुए कहा कि किसी भी लॉ ग्रेजुएट को वकील के तौर पर रजिस्ट्रेशन कराने के लिए 600 रुपए की फीस तय की गई है। एनरोलमेंट फीस बढ़ाने के लिए संसद को कानून में बदलाव करना होगा। 10 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र, बार काउंसिल और राज्यों के बार काउंसिल को नोटिस जारी कर कहा था कि याचिकाओं में जरूरी मुद्दा उठाया गया है। इन याचिकाओं में दलील दी गई थी बढ़ी हुई रजिस्ट्रेशन फीस कानूनी प्रावधान का उल्लंघन करती है और इस मामले में बार काउंसिल को दखल देना चाहिए, ताकि इसे रोका जा सके।

कोर्ट ने नोटिस में कहा था कि याचिकाकर्ताओं की दलील है कि ओडिशा में एनरोलमेंट फीस 42,100 रुपए, गुजरात में 25 हजार रुपए, उत्तराखंड में 23,650 रुपए, झारखंड में 21,460 और केरल में 20,500 रुपए है। इतनी ज्यादा फीस होने की वजह से ऐसे युवा वकील अपना रजिस्ट्रेशन नहीं करा पाते हैं, जिनके पास रिर्सोस नहीं हैं।

### लखीसराय : ट्रक और बाइक की टक्कर में चार की मौत

लखीसराय। बिहार के लखीसराय जिले में मानिकपुर ओपी क्षेत्र के भवानीपुर गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 80 पर आज एक ट्रक और बाइक की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई तथा एक अन्य घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि युवक अलग-अलग मोटरसाइकिलों से ऋषि पहाड़ गांव जा रहे थे। उन्हें राष्ट्रीय राजमार्ग 80 पर भवानीपुर गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया।


## लोकसभा के पहले दो फेज में 501 कैंडिडेट दागी

### 327 पर ऐसे केस, जिनमें 5 साल की सजा; सुप्रीम कोर्ट को दिए हलफनामे में खुलासा

एजेंसी

नई दिल्ली। 2024 लोकसभा चुनाव के पहले और दूसरे फेज की 190 सीटों पर 2810 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें पहले फेज में 1618 और दूसरे फेज में 1192 उम्मीदवारों में से 501 यानी 18त्न के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से 327 यानी 12त्न के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले हैं। जिनमें 5 साल या उससे ज्यादा की सजा हो सकती है।

एडवोकेट विजय हंसारिया ने सुप्रीम कोर्ट को दिए हलफनामे में एडीआर के हवाले से यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि सांसदों और विधायकों से जुड़े क्रिमिनल केस की सुनवाई करने वाली स्पेशल कोर्ट ने 2023 में 2000 से ज्यादा मामलों में फैसला सुनाया है। विजय को सांसदों/विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामलों के जल्दी निपटारे की मांग वाली एक जनहित याचिका में न्यायमित्र (एमिकस क्यूरी) बनाया गया था। विजय के मुताबिक, लगभग 501 उम्मीदवार पहले दो चरणों में लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं, उन पर अदालतों में आपराधिक मामले अभी भी चल रहे हैं।




### लोकसभा 2019 में भी यही हाल था

हंसारिया ने सुप्रीम कोर्ट को दिए हलफनामे में यह मांग की है कि संबंधित अदालतों को इन उम्मीदवारों के खिलाफ लंबित मामलों और जांच को जल्द निपटाने के सख्त निर्देश दिए जाएं। इसके पीछे वजह बताते हुए उन्होंने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनावों में भी यही स्थिति थी, जिसमें 7928 उम्मीदवारों में से 1500 उम्मीदवारों (19त्न) पर आपराधिक मामले थे। इनमें से 1070 उम्मीदवारों (13 प्रतिशत) पर गंभीर आपराधिक मामले थे।

चुनाव जीतकर संसद पहुंचे 514 सदस्यों में से 17वीं लोकसभा (2019-2024) में 225 सदस्यों (44त्न) के खिलाफ आपराधिक मामले थे। यानी आपराधिक मामले वाले उम्मीदवारों ने बिना आपराधिक मामले वाले उम्मीदवारों की तुलना में अधिक सीटें जीती थीं।

### 2023 में निपटे 2018 केस, 4474 अब भी पेंडिंग

हंसारिया ने अलग-अलग हाईकोर्ट्स से मिली जानकारी के आधार पर एक टेबल चार्ट बनाकर कोर्ट को दिया। इसमें बताया गया कि 1 जनवरी 2023 तक सांसद/विधायकों के खिलाफ 4697 आपराधिक मामले दर्ज थे। 2023 में ही 2018 मामलों का निपटारा हो चुका है। 2023 में सांसदों/विधायकों के खिलाफ 1746 नए आपराधिक मामले दर्ज किए गए। इस तरह 1 जनवरी 2024 तक इन पर कुल 4474 मामले लंबित हैं।

## यूपी-झारखंड समेत 7 राज्यों में 5 दिन हीटवेव का अलर्ट

### बिहार समेत 6 राज्यों में उमस बढ़ेगी, एमपी में आज और कल रात गर्म की संभावना


नई दिल्ली। भारतीय मौसम विभाग गर्मी को लेकर चेतावनी जारी की है। इसके मुताबिक, उत्तर प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और तमिलनाडु में अगले 5 दिन सीवियर हीटवेव चल सकती है। मौसम विभाग ने बिहार समेत 6 कोस्टल राज्यों आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, गोवा, केरल, पश्चिम बंगाल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में उमस बढ़ने की बात कही है।

मौसम विभाग के मुताबिक, हीटवेव तब चलती है, जब मैदानी इलाकों में टेम्परेचर 40 डिग्री, कोस्टल यानी तटीय इलाकों में 37 डिग्री और पहाड़ी इलाकों में 30 डिग्री हो जाए। सामान्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस तापमान बढ़ने पर हीटवेव और 6.4 डिग्री का इजाफा होने पर सीवियर हीटवेव चलती है।

झारखंड के पूर्वी सिंहभूम स्थित बहरागोड़ा में सबसे ज्यादा 46.0 डिग्री सेल्सियस टेम्परेचर रिकॉर्ड किया गया। उधर, ओडिशा के कुछ जिलों में तापमान 43 डिग्री के करीब बना हुआ है। यहां हीटवेव चलने के कारण स्कूलों का समय बदला गया है।

आज से 24 अप्रैल तक ओडिशा के सभी स्कूल सुबह 6.30 से 10.30 तक ही लग रहे हैं। वहीं, 25 अप्रैल से गर्मियों की छुट्टियां घोषित कर दी गई हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के भी सभी स्कूलों में आज से 15 जून तक छुट्टियों का ऐलान किया गया है।

इससे पहले मौसम विभाग ने देश में गर्मी के दौर के साथ-साथ 23 राज्यों में बारिश का अनुमान जताया था। इनमें अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा,



पश्चिम बंगाल, सिक्किम, ओडिशा, झारखंड, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना शामिल हैं।

## टारगेट किलिंग से फिर थर्रायी घाटी, राजौरी में सरकारी कर्मचारी को गोलियों से भूना

जम्मू-कश्मीर में पांच दिन के भीतर टारगेट किलिंग की दूसरी वारदात सामने आई है। अज्ञात बंदूकधारियों ने एक सरकारी कर्मचारी की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना राजौरी के शादरा शरीफ इलाके की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, मोहम्मद रजाक नामक एक युवक मस्जिद से बाहर निकल रहा था, इस दौरान उस पर हमलावरों ने ताबड़तोड़ गोलियां चला दी। युवक ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ा।

मरने वाला मोहम्मद रजाक (उम्र 40 वर्ष) समाज कल्याण विभाग में कर्मचारी था। बीते बुधवार को अनंतनाग में बिहार के एक मजदूर की हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी



थी। पांच दिन में दूसरी वारदात से घाटी में दहशत का माहौल है। फिलहाल हमलावरों की जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

जम्मू कश्मीर पुलिस ने मामले में जानकारी दी है कि घटना की सूचना मिलते ही सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचे और आतंकवादियों को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।

गौर हो कि अनंतनाग और हरपोरा जिलों में दो अप्रवासी लोगों की गोली मारकर हत्या करने के ठीक बाद राजौरी में यह तीसरी घटना है। दक्षिण कश्मीर के हरपोरा में पहले देहरादून के युवक को आतंकवादियों ने गोली मार दी थी। इसके ठीक सप्ताह भर बाद बुधवार को जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में आतंकवादियों ने बिहार के एक श्रमिक की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पांच दिन बाद यानी 22 अप्रैल को राजौरी में सरकारी कर्मचारी की हत्या कर दी गई है।

जम्मू कश्मीर में टारगेट किलिंग की वारदात तब सामने आई है जब अनंतनाग में लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अपने चरम पर पहुंच रहा है।

**मसालों की जांच** | हॉन्गकॉन्ग और सिंगापुर में बैन के बाद भारत सरकार का एक्शन, इन प्रोडक्ट्स से कैंसर का खतरा

## एमडीएच-एवरेस्ट समेत सभी कंपनियों के मसाले जांचे जाएंगे

नई दिल्ली। हॉन्गकॉन्ग और सिंगापुर में एमडीएच और एवरेस्ट के चार मसालों पर बैन के बाद अब भारत सरकार ने फूड कमिश्नर्स से सभी कंपनियों के मसालों का सैंपल कलेक्ट करने को कहा है। मीडियो रिपोर्ट्स में इस बात की जानकारी दी गई है। दोनों कंपनियों के इन प्रोडक्ट्स में पेस्टिसाइड एथिलीन ऑक्साइड की ज्यादा मात्रा होने के कारण इन्हें बैन किया गया था।

इन प्रोडक्ट्स में इस पेस्टिसाइड की ज्यादा मात्रा से कैंसर होने का खतरा है। हॉन्गकॉन्ग के फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट ने कहा था कि स्ष्ठ॥ ग्रुप के तीन मसाला मिक्स- मद्रास करी पाउडर, सांभर मसाला पाउडर और करी पाउडर में एथिलीन ऑक्साइड की मात्रा ज्यादा पाई गई है। एवरेस्ट के फिश करी मसाला में भी यह कार्सिनोजेनिक पेस्टिसाइड पाया गया है।

### तीन-चार दिनों में सैंपल कलेक्ट हो जाएंगे, 20 दिन में लैब रिपोर्ट

सूत्रों ने कहा- देश के सभी फूड कमिश्नर्स को इस मामले को लेकर अलर्ट कर दिया गया है। मसालों के सैंपल कलेक्शन की प्रोसेस शुरू कर दी गई है। तीन से चार दिनों में एमडीएच और एवरेस्ट समेत देश की




सभी कंपनियों की मसाला मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स से सैंपल्स कलेक्ट कर लिए जाएंगे। इनकी लैब रिपोर्ट करीब 20 दिनों में आएगी।

भारत में फूड आइटम्स में एथिलीन ऑक्साइड के इस्तेमाल पर बैन है। भारतीय मसालों में हानिकारक तत्व पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। आपराधिक कार्यवाही का भी प्रावधान है। सरकार ने मिनिस्ट्री ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के तहत स्पाइस बोर्ड से अपील की है कि वह जागरूकता फैलाए कि उत्पादों में कोई हानिकारक तत्व नहीं मिलाया जाना चाहिए।

### पहले भी होती रही है सैंपलों की टेस्टिंग, इस बार ज्यादा सैंपल कलेक्ट करेंगे

सूत्रों ने ये भी कहा कि वे हॉन्गकॉन्ग और सिंगापुर की घटनाओं से पहले भी सैंपलों की टेस्टिंग कर रहे थे। दावा किया कि अब तक भारतीय बाजार में उपलब्ध विभिन्न ब्रांडों के मसालों में कोई हानिकारक तत्व नहीं पाए गए हैं। यह सैंपल लेने की एक सतत प्रक्रिया है। इस बार हम पहले जो भी सैंपल ले रहे थे, उससे कहीं अधिक तेजी और अधिक संख्या में सैंपल लेंगे।

स्पाइस बोर्ड एथिलीन ऑक्साइड को 10.7 सेल्सियस से ऊपर के तापमान पर ज्वलनशील, रंगहीन गैस के रूप में परिभाषित करता है। यह कीटाणुनाशक, स्टरलाइजिंग एजेंट और कीटनाशक के रूप में काम करता है।

इसका इस्तेमाल चिकित्सा उपकरणों को स्टरलाइज करने और मसालों में माइक्रोबियल कंटेमिनेशन को कम करने के लिए किया जाता है।

नई दिल्ली
मंगलवार 23 अप्रैल 2024
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### ओडिशा एसटीएफ ने फरार ड्रग तस्कर को पकड़ा

भुवनेश्वर। ओडिशा पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने कंधमाल पुलिस की सहायता से फरार गांजा तस्कर सौम्य रंजन दिगल को गिरफ्तार कर लिया है। तस्कर दिगल एक बड़े रैकेट का हिस्सा है और पिछले तीन वर्षों से अवैध तस्करी के कारोबार में लिप्त है। एसटीएफ सूत्रों ने बताया कि टीम ने 21 अप्रैल को टिकाबाली में छापेमारी की और दिगल को पकड़ लिया। उल्लेखनीय है कि तस्कर दिगल की गिरफ्तारी से पहले उसके छोटे भाई को भुवनेश्वर से पकड़ा गया था और अदालत में भेजा गया था। ऑपरेशन के दौरान पिछले 11 अप्रैल को सौम्य दिगल के छोटे भाई विकास दिगल के कब्जे से 52 किलोग्राम प्रतिबंधित गांजा और एक कार जब्त की गयी। दोनों आरोपी कंधमाल और बौध इलाकों से प्रतिबंधित गांजा इकट्ठा करते थे। पुलिस से बचने के लिये वे बड़े वाहनों या ट्रकों के बजाय कारों में गांजा परिवहन करते थे, क्योंकि कानून प्रवर्तन एजेंसियों को कारों पर कम संदेह होता है। इस मामले की जांच अन्य अंतर-जिला और अंतर-राज्य ड्रग तस्करों के साथ उनके संबंधों को लेकर की जा रही है। एसटीएफ ने आगे कहा कि कंधमाल-बौध क्षेत्र में नक्सलियों और उनके समर्थकों के साथ उनके संभावित संबंधों की भी जांच की जाएगी। दोनों आरोपियों ने तस्करी के माध्यम से काफी धन अर्जित किया है और करीब पांच महंगी कारें और दो मोटरसाइकिलें खरीदी हैं।

### ममता ने कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले को बताया अवैध

कोलकाता। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग के 2016 भर्ती बोर्ड द्वारा की गयी 25 हजार से अधिक नियुक्तियों को रद्द करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले को सोमवार को अवैध करार दिया और उनकी सरकार इसके खिलाफ उच्चतम न्यायालय में चुनौती देगी। बनर्जी ने कहा कि उच्च न्यायालय के फैसले से सरकारी और उसके सहायता प्राप्त स्कूलों में 25,000 से अधिक शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नौकरियां चली जाएंगी। मुख्यमंत्री ने उच्च न्यायालय की खंडपीठ द्वारा फैसला सुनाए जाने के कुछ घंटों बाद पूर्वी सिंहभूम के चाकुलिया में एक चुनाव अभियान को संबोधित करते हुए कहा, यह आदेश अवैध है और हम उच्च न्यायालय के इस फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देंगे। अदालत ने शिक्षकों के नियुक्ति प्रक्रिया की विस्तृत जांच के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को भी आदेश दिया और तीन महीने के भीतर अदालत के समक्ष विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। बनर्जी ने भाजपा नेताओं पर यह आरोप लगाया कि केंद्र सरकार के निर्देश पर वे न्यायपालिका और फैसले तथा राजनीतिक फैसलों को प्रभावित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, चिंता नहीं करें। सरकार के पास अभी एक लाख से अधिक नौकरियां खाली हैं। उन्होंने वेतन लौटाने के अदालत के फैसले सवाल किया कि क्या ऐसा संभव है।

### शिवकुमार ने की मोदी की आलोचना

बेंगलुरु। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों और बयानों पर चिंता जताई है। शिवकुमार ने इस बात पर जोर दिया कि देश के प्रमुख के रूप में प्रधानमंत्री ने संविधान को बनाए रखने की शपथ ली है, जो समानता और निष्पक्षता के सिद्धांतों को स्थापित करता है। उन्होंने सोमवार को यहां मीडियाकर्मियों से कहा, प्रधानमंत्री को पता होना चाहिए कि उन्होंने संविधान की शपथ ली है। देश के प्रमुख के रूप में उन्हें बिना किसी भेदभाव के सभी लोगों के साथ समान व्यवहार करना चाहिए। देश और दुनिया भर में विभाजनकारी संदेश भेजना अनुचित है और इसके नकारात्मक संदेश जाता है। वह कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र के वादों के खिलाफ श्री मोदी की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। गौरतलब है कि श्री मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ऐसी नीतियों को लागू करने का इरादा रखती है जो अचल संपत्ति और महिलाओं के सोने को जब्त कर लेगी और उन्हें विभिन्न समूहों में वितरित कर देगी। उन्होंने कहा, वे महिलाओं का सोना छीनकर लोगों में बांटना चाहते हैं। जब कांग्रेस सत्ता में थी, तब श्री मनमोहन सिंह ने कहा था कि हमारे संसाधनों पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। वे आपका मंगल सूत्र भी नहीं छोड़ेंगे। वे ले लेंगे। अपना धन उन लोगों को दे दो, जिनके अधिक बच्चे हों।

### 8.40 करोड़ की जब्तियां

शिमला। हिमाचल प्रदेश में आगामी लोकसभा चुनाव और उप-चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद पुलिस और अन्य विभागों द्वारा 8.40 करोड़ रुपये की अवैध शराब, नकदी, आभूषण आदि जब्त किए गए हैं। यह जानकारी सोमवार को यहां निर्वाचन विभाग के प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि राज्य आबकारी एवं कराधान और पुलिस विभागों ने 5.80 करोड़ रुपये मूल्य की 396655 लीटर शराब जब्त की है। प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस विभाग ने अब तक 74.63 लाख रुपये की 37 किलोग्राम चरस, 1.08 करोड़ रुपये कीमत की 1.55 किलोग्राम हेरोइन तथा 25 लाख रुपये की नकदी भी जब्त की है। उन्होंने कहा कि अब तक लगभग 3.35 लाख रुपये के सोने व चांदी के आभूषण भी जब्त किये जा चुके हैं। आबकारी विभाग ने जिला चम्बा, कांगड़ा, हमीरपुर, शिमला, कुल्लू और बद्दी में अवैध शराब के कारोबार के विरूद्ध कार्रवाई कर 6805 लीटर शराब व लाहन बरामद की है। यह जानकारी देते हुए राज्य कर एवं आबकारी आयुक्त डॉ. यूनुस ने आज यहां बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से विभाग द्वारा गठित 59 टीमों ने सीमावर्ती क्षेत्रों व प्रदेश के भीतर अवैध शराब का कारोबार करने वाले लोगों के विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की है।

### भाजपा का ‘400 पार’ नारा पूरी तरह फुस्स साबित होने वाला है : हुड्डा

चंडीगढ़। हरियाणा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने सोमवार कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का लोकसभा चुनावों में 400 सीटों से अधिक जीतने वाला नारा पूरी तरह फुस्स साबित होने वाला है।हुड्डा ने यहां पत्रकारों से कहा कि पूरे देश की तरह हरियाणा में भी कांग्रेस पूरी मजबूती के साथ लड़ाई लड़ रही है। जो चुनावी विश्लेषक कुछ दिन पहले भाजपा को आठ से नौ सीटें दे रहे थे, आज वहीं लोग उसे हराता हुआ दिखा रहे हैं। तमाम चुनावी सर्वे बता रहे हैं कि कांग्रेस का ग्राफ बढ़ रहा है और भाजपा का ग्राफ गिरता जा रहा है। मतदान की तारीख आते-आते स्पष्ट हो जायेगा कि हरियाणा में कांग्रेस एकतरफा जीत रही है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के नतीजे से हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनने की नींव भी पड़ जायेगी, क्योंकि भाजपा सरकार से हर वर्ग दुखी है। आज बेरोजगार युवा सड़कों पर बारात निकालकर प्रदर्शन कर रहे हैं, न्यूनतम समर्थन मूल्य( एमएसपी) नहीं मिलने से नाराज किसान मंडियों में परेशान बैठे हैं और घटती आमदनी से मजदूर, कामगार और मध्यम वर्ग हताश हो चुका है। 2014 तक देश के सबसे समृद्ध प्रदेश रहे हरियाणा की 63 प्रतिशत जनता को भाजपा ने गरीबी के दलदल में धकेल दिया है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भाजपा के पास हरियाणा में चुनाव लड़ने के लिये अपने उम्मीदवार तक नहीं थे।

### कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा भ्रष्टाचार के सहोदर भाई हैं : बाबूलाल मरांडी

रांची। झारखंड में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस बार एनडीए गठबंधन को 14 सीट जीतना है। मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 400 सीट लेकर तीसरी बार देश की बागडोर संभाले, यही निवेदन करने आया हूं। वे आज चाईबासा में लोगों को संबोधित कर रहे थे। मरांडी सांसद प्रत्याशी गीता कोड़ा के नामांकन के अवसर पर चाईबासा पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पिछले 10 वर्षों में देश और झारखंड के लिए काफी काम किया है। पार्टी ने सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास का नारा दिया है। इस दौरान सभी वर्गों के लिए काम किया। पिछली किसी भी सरकार ने अपने कार्यकाल में इतना काम नहीं किया। भाजपा जो कहती है, वह करती है। मरांडी ने कहा कि झारखंड अलग राज्य भी भाजपा की देन है। झारखंड की लड़ाई वर्षों से लड़ी जा रही थी, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने इस राज्य की लोगों की भावना का कद्र नहीं किया। कभी सम्मान नहीं दिया। यहां के नेता जयपाल सिंह और शिबू सोरेन को खेलाते और खिलाते रहे, लेकिन झारखंड राज्य नहीं बना। भाजपा ने वादा किया था कि सत्ता में आने के बाद झारखंड अलग राज्य बना देगी।

# कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

**नोएडा की एक कंपनी में करते थे काम, दो घायलों को इलाज बाद भेजा घर**




नोएडा। नोएडा के सेक्टर-52 मेट्रो स्टेशन के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के दौरान दो युवकों की मौत हो गई। दो अन्य घायलों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। अभी मृतकों के परिजनों ने थाने में शिकायत नहीं दी है।

एसीपी अरविंद कुमार ने बताया, एटा निवासी मुकेश सिंह, अलीगढ़ निवासी कैलाश कुमार, लायक सिंह और अनिल सेक्टर-61 स्थित उपेरा ग्लोबल कंपनी में काम करते थे। शनिवार रात एक बजकर 45 मिनट पर चारों एक बाइक से सेक्टर-63 की तरफ जा रहे थे।

फोर्टिस अस्पताल से सेक्टर 62 की तरफ जाने वाले सड़क पर बने पहले यू टर्न पर पहुंचे तभी पीछे से आई कार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि चारों बाइक से उछलकर दूर जाकर गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के बाद आरोपी कार चालक वाहन समेत फरार हो गया। चारों घायलों ने राहगीरों से मदद की गुहार लगाई। राहगीरों ने हादसे की जानकारी पुलिस को दी। राहगीरों की मदद से पुलिस ने चारों घायलों को नजदीक के अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया।

इलाज के दौरान मुकेश को दिल्ली के एम्स अस्पताल के लिए रेफर किया गया। दिल्ली पहुंचने से पहले ही रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। मुकेश के सिर समेत शरीर के अन्य हिस्से में चोट आई थी। थोड़ी ही देर बाद कैलाश कुमार की मौत भी फोर्टिस अस्पताल में उपचार के दौरान हो गई।

लायक सिंह और अनिल को मामूली चोट आई है। चारों युवक शहर के अलग-अलग हिस्से में किराये का कमरा लेकर रहते थे और एक ही कंपनी में काम करते थे। हादसे के दौरान बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

## जनपद में 8152 कर्मचारी कराएंगे मतदान

ग्रेटर नोएडा। गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट के लिए 26 अप्रैल को होने वाले मतदान में 8152 कर्मचारी तैनात रहेंगे। पोलिंग पार्टी भेजे से पहले सभी कर्मचारियों को फूल मंडी में उपस्थिति दर्ज करानी होगी। चुनाव ड्यूटी से गैरहाजिर रहने वाले कर्मचारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी जर्नादन मिश्रा ने बताया कि गौतमबुद्ध नगर में मतदान के लिए 1852 पोलिंग बूथों पर 8152 कर्मचारी तैनात होंगे। इनमें 2038 पीठासीन अधिकारी होंगे। चुनाव कराने के लिए 2038 पोलिंग पार्टियां बनाई जाएंगी। 25 अप्रैल को सुबह 7 बजे चुनाव ड्यूटी के लिए कर्मचारी नोएडा में फूल मंडी पहुंचेंगे। फूल मंडी से ही उन्हें मतदान कराने के लिए रवाना किया जाएगा। दादरी, जेवर और नोएडा में उपजिलाधिकारी के अधीन अतिरिक्त कर्मचारी रहेंगे। जरूरत के मुताबिक उनको तैनात किया जा सकेगा। इनके अलावा 1500 कर्मचारी चुनाव की व्यवस्था बनाने में रहेंगे।

# डीएनडी पर हुए हादसे में तीसरी मौत

**गुरुवार को डिवाइडर से टकराई थी कार, युवती का चल रहा इलाज**

नोएडा। डीएनडी के पास गुरुवार रात तेज रफ्तार कार के डिवाइडर से टकराने से घायल एक अन्य युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। दो युवकों की हादसे के कुछ मिनट बाद ही मौत हो गई थी। एक अन्य घायल युवती का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है । हादसा कैसे हुआ यह अभी भी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

फेज वन थाना प्रभारी ने बताया कि गुरुवार रात को हरियाणा नंबर की कार दिल्ली से नोएडा की तरफ आ रही थी। कार में दिल्ली के जनकपुरी निवासी सिद्धार्थ, रजत, प्राकांशिका और चिराग सवार थे।

कार डीएनडी पार करके नोएडा में जैसे पहुंची तभी फिल्म सिटी के लिए उतरने वाले रास्ते के निकट सड़क के बीचो बीच लगे डिवाइडर से टकरा गई थी। हादसे में कार सवार चारों लोग घायल हो गए थे। हादसे के कुछ ही देर बाद इलाज के दौरान सिद्धार्थ और चिराग ने दम तोड़ दिया था। रजत और प्राकांशिका की हालत गंभीर बनी हुई थी।

रविवार को इलाज के दौरान रजत की भी मौत हो गई है। रजत स्नातक का छात्र था। वहीं प्राकांशिका की हालत स्थिर बनी हुई है। फेज वन थाना प्रभारी ने बताया कि हादसे के बाद जब घायलों को अस्पताल ले जाया जा रहा था तभी उनके मोबाइल पर परिजनों की कॉल आने लगी थी। कॉल रिसीव कर घायलों के बारे में उनके परिजनों को जानकारी दी गई थी।

कुछ की देर में परिजन अस्पताल पहुंच गए थे। कार सवार कहां जा रहे इसके बारे में परिजनों को भी कोई जानकारी नहीं है। जिन दोनों लोगों की मौत हादसे के तुरंत बाद हुई थी उनमें से एक ड्राइविंग सीट पर जबकि दूसरा उसके बगल में बैठा हुआ था।

# मेघदूतम पार्क के उद्यानिक वेस्ट में लगी आग

**20 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू**

नोएडा। नोएडा के सेक्टर-50 स्थित मेघदूतम पार्क में सोमवार सुबह करीब 8 बजे के आसपास उद्यानिक वेस्ट में आग लग गई। आग काफी तेज थी जिसकी लपटे देखी जा सकती है। मौके पर लोग भी सैर सपाटा करते देखे जा सकते है।

वहां मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी दमकल विभाग को दी। मौके पर पहुंची दमकल विभाग और स्थानीय पुलिस ने आग पर काबू पाया। करीब 20 मिनट तक पानी बौछार की गई। हालांकि अब भी हल्का धुआं उठ रहा है।

सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया, आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं है। आग लगाई या अपने आप लगी। इसकी जांच की जा रही है। यहां काफी दिनों से उद्यानिक वेस्ट पड़ा था। जिसको प्रोसेसिंग किया जाना था। इससे पहले आग लग गई। बताया गया कि तेज गर्मी के चलते केमिकल रिएक्शन ये भी आग लग सकती है।

आग से कोई जनहानि नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर मौके पर दमकल की एक गाड़ी भेजी गई थी।

20 मिनट पानी बौछार के बाद आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने तेज गर्मी से चलते आग लगने की घटनाएं बढ़ रही है। इसलिए सावधानी बरतनी ज़रुरी है।

## फ्लैट बेचने के नाम पर 97 लाख रुपये का फ्रॉड

नोएडा। फ्लैट बेचने के नाम पर 97 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई। नया बांस निवासी पीड़ित महेश चंद की शिकायत पर कोतवाली सेक्टर-49 पुलिस ने दंपती समेत चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में महेश चंद ने कहा कि अगस्त 2023 में सेक्टर-50 महागुन मैपल सोसाइटी निवासी मनोज अरोड़ा, सपना अरोड़ा, राजीव अरोड़ा और महेंद्र सिंह की उनसे मुलाकात हुई थी। इन लोगों ने कहा कि इनके फ्लैट पर इंडियन ओवरसीज बैंक का 97 लाख रुपये का ऋण है। अगर उन्होंने यह ऋण नहीं चुकाया तो बैंक प्रबंधन फ्लैट जब्त कर देगा। वह इस फ्लैट को बेचकर किराये पर रहना चाहते हैं।

# नोएडा में चलती कार में लगी आग

**2 लोगों ने किसी तरह निकलकर बचाई जान, फायर ब्रिगेड की टीम ने पाया काबू**



गौतम बुद्ध नगर। सेंट्रल नोएडा में सोमवार को दोपहर चलती कार में अचानक आग लग गई। आग इतनी भीषण थी की कुछ ही देर में कार जलकर राख हो गई। कार में सवार दो लोगों ने किसी तरह निकलकर जान बचाई। दमकल की एक गाड़ी की मदद से आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जलकर राख हो गई। घटना सूरजपुर थाना क्षेत्र के गोल चक्कर की है।

महिंद्रा मराजो गाड़ी ग्रेटर नोएडा से नोएडा की तरफ जा रही थी। गाड़ी एलजी गोल चक्कर के पास पहुंची तभी अचानक से गाड़ी से धुआं निकलने लगा। गाड़ी में सवार चालक ने गाड़ी को साइड लगाया। इतनी ही देर में कार जलने लगी। कार सवार दो लोग किसी तरह बाहर निकले। कुछ ही देर में कार आग का गोला बन गई।

### हादसे में कोई जन हानि नहीं हुई

आग लगने की सूचना तत्काल प्रभाव से स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग की टीम को दी गई। इसके बाद दमकल विभाग की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक कार पूरी तरह जलकर राख हो गई। गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई जन हानि नहीं हुई। आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है, लेकिन आशंका जताई जा रही है कि कार में शॉर्ट सर्किट होने के चलते आग लगी है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

सूरजपुर थाना प्रभारी पुष्पराज सिंह ने बताया कि आज दोपहर करीब डेढ़ बजे एलजी गोलचक्कर के पास गाड़ी में अग्निकांड की सूचना मिली। सूचना मिलने पर फायर सर्विस यूनिट रवाना हुई। आग एलजी गोल चक्कर से सूरजपुर की तरफ जा रही महिंद्रा मराजो गाड़ी में लगी थी, जिसे फायर सर्विस यूनिट ने बुझाया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।

# ग्रेटर नोएडा में फर्जी कॉल सेंटर का गिरोह गिरफ्तार

**फर्जी आईडी पर सिम विदेश में करता था सप्लाई, एसटीएफ ने पकड़ा**



गौतम बुद्ध नगर। एसटीएफ नोएडा की टीम ने फर्जी आईडी पर सिम एक्टिवेट कर थाईलैंड, नेपाल और कंबोडिया में सप्लाई करने वाले गिरोह के एक नेपाली नागरिक सुनील खड़का को नोएडा के क्राउन प्लाजा होटल से गिरफ्तार किया है।

इसके पास से फर्जी आईडी पर एक्टिवेट किए गए 33 सिम, दो नेपाली पासपोर्ट, दो मोबाइल फोन, एक मैकबुक, आधार कार्ड, पेन कार्ड, चेकबुक आदि बरामद हुआ है। इस सिम की मदद से विदेश में बैठे ठग ठगी की वारदातों को अंजाम देते हैं।

एसटीएफ नोएडा यूनिट के अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मिश्रा ने बताया कि 4 मार्च 2024 को गौतमबुद्धनगर पुलिस द्वारा नेपाल के अनिल थापा एवं चीनी नागरिक शू योमिंग तथा गौतमबुद्ध नगर के गांव कटहैरा के विनोद उर्फ अगस्तया भाटी को गिरफ्तार किया गया था।

### साइबर अपराध में शामिल हो गया

जिनके कब्जे से काफी संख्या में एक्टिवेट सिम बरामद हुए थे। इस संबंध में कोतवाली बिसरख में भी मुकदमा दर्ज है। इसी गिरोह का एक सदस्य सुनील खड़का, जो कोतवाली बिसरख की एक घटना में आरोपितों के पकड़े जाने के बाद कोलकाता होते हुए थाईलैंड भाग गया था। 19 अप्रैल को दोबारा भारत आया है।

राजकुमार मिश्रा ने बताया कि सुनील खड़का ने नेपाल से ही एमए एवं पीएचडी की पढ़ाई की है। वह वर्ष 2007 में व्यापार करने के लिए बैंकाक थाईलैंड चला गया था। वहीं पर रहने लगा।

थाईलैंड में रहकर ही उसने क्रिप्टो करेंसी खरीदने, बेचने का काम करना शुरू कर दिया। फिर अपने नेपाली दोस्त के माध्यम से नेपाल के श्याम उर्फ घनश्याम अधिकारी के संपर्क में आया और साइबर अपराध में शामिल हो गया।

## जेवर में यमुना एक्सप्रेसवे पर थार अज्ञात वाहन से टकराई, गाड़ी में फंसे तीन युवक

जेवर (ग्रेटर नोएडा)। रविवार रात यमुना एक्सप्रेसवे पर बड़ा हादसा होने से बच गया। जेवर टोल से ग्रेटर नोएडा की तरफ 35 किलोमीटर माइल स्टोन के पास थार कार आगे चल रहे किसी अज्ञात वाहन से टकरा गई। हादसे में कार सवार तीन लोग घायल हो गए। कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त होने की वजह से तीनों लोग कार में ही फंस गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों और जेपी इंफ्राटेक के निजी सुरक्षा कर्मीयों की मदद से तीनों को किसी तरह से बाहर निकालते हुए जेवर के कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने बताया कि रविवार रात करीब दस बजे आगरा से दिल्ली जा रहे लालगंज रायबरेली निवासी मानवेंद्र पुत्र राघवेंद्र, जयेंद्र व जवाहर नगर, कानपुर निवासी धनराज पुत्र शिवेंद्र अपनी थार कार से दिल्ली की तरफ जा रहे थे। रास्ते में जेवर इंटरचेंज के समीप उनकी कार आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। हादसे के बाद कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे कार सवार तीनों लोग कार में ही फंस गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जेपी इंफ्राटेक के निजी सुरक्षा कर्मीयों की मदद से किसी तरह से तीनों को कार से निकाल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां तीनों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## जेवर में दो विदेशी नागरिकों के साथ मारपीट

जेवर। नोएडी की रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में फ्लैट का रेंट न देने पर प्रॉपर्टी ब्रोकर ने अपने साथियों संग मिलकर नाइजीरियन मूल के दो व्यक्तियों की जमकर पिटाई कर दी। मारपीट से नाइजीरियाई मूल का व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, दादरी एरिया के रहने वाले प्रमोद और ललित किराए पर मकान दिलाने का काम करते हैं। कुछ महीने पहले उन्होंने नाइजीरिया के रहने वाले दो लोगों को रबूपुरा कोतवाली एरिया की सुपरटेक गोल्फ कंट्री सोसाइटी में एक फ्लैट रेंट पर दिलाया था। आरोप है कि दोनों विदेशियों ने पिछले तीन महीने से उस फ्लैट का रेंट नहीं चुकाया और वह दूसरे फ्लैट में जाकर रहने लगे। प्रॉपर्टी ब्रोकरों ने उन लोगों से फ्लैट का किराया मांगा। जिसको लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद के बाद मामला मारपीट तक पहुंच गया और ब्रोकरों ने अपने साथियों संग मिलकर नाइजीरियन मूल के दोनों लोगों के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस घटना में नाइजीरियन मूल के खलीफा नाम के युवक को गंभीर चोटें आईं। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पर एक पीड़ित की हालत गंभीर बताई जा रही है। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए। घायल अवस्था में एक नाइजीरियाई व्यक्ति का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो को संज्ञान में लेते हुए पुलिस आरोपियों के खिलाफ पीड़ित की शिकायत मिलने पर कानूनी कार्रवाई करने की बात कह रही है। पुलिस का कहना है कि रेंट को लेकर विवाद हुआ है। जिसके चलते विदेशी नागरिकों के साथ आरोपियों ने जमकर लाठी डंडों से मारपीट की है।

## अप्रैल फेयर में पहुंचे देसी और विदेशी खरीदार

ग्रेटर नोएडा। नॉलेज पार्क स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में शनिवार से तीन दिवसीय अप्रैल फेयर की शुरुआत हुई। अप्रैल फेयर में देश विदेश के ई कॉमर्स कंपनियों के स्टॉल लगाए गए। इन्हें देखने के लिए देसी विदेशी खरीदार पहुंचे। इसके अलावा अरब, म्यांमार, सूरीनाम और अन्य राष्ट्रों के राजदूत व अन्य मेहमान भी पहुंचे। अप्रैल फेयर में खूबसूरती से सजाए गए स्टॉल्स ने खरीदारों के समूह को आकर्षित किया। ई-कॉमर्स क्रॉस-बॉर्डर कॉन्क्लेव में लोगों ने गहरी रुचि दिखाई। मेले में लगभग 11 सौ लोग पहुंचे। इनमें अंतरराष्ट्रीय और घरेलू खरीदार, खरीद एजेंट, खुदरा विक्रेता और कॉर्पोरेट प्रतिनिधि शामिल हैं।

# नोएडा में दो हथियार तस्कर हुए गिरफ्तार

**15 तमंचे हुए बरामद, अवैध हथियारों की करने जा थे सप्लाई**

गौतम बुद्ध नगर। हाईटेक गौतम बुद्ध नगर हथियार तस्करों पसंदीदा जगह बन चुका है। लोकसभा के चुनाव की घोषणा बाद नोएडा सेंट्रल ज़ोन और ग्रेटर नोएडा ज़ोन के विभिन्न थाना क्षेत्रों से तीन अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड हो चुका है और 41 हथियारों के साथ 7 हथियार तस्कर गिरफ्तार किये जा चुके हैं। इसी कडी में नोएडा ज़ोन की कोतवाली 24 पुलिस ने हथियारों की तस्करी करने वाले दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। इन दोनों के कब्जे से 15 तमंचे बरामद किए गए। लोकल इंटेलीजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर कोतवाली 24 पुलिस ने जगत सिंह उर्फ चिन्टू को मदर डेयरी सेक्टर 11 नोएडा के पास से गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से 315 और





12 बोर के 7 तमन्चे कारतूस और स्कूटी बरामद की गई है। जगत सिंह से पूछताछ की गई और उसके इनपुट पर राहुल उर्फ गोविन्दा को बिजली घर सेक्टर 53 नोएडा के पास से गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से 315 और 12 बोर के 8 तमन्चे कारतूस और बाइक बरामद हुई है। एडिशनल डीसीपी मनीष कुमार ने बताया कि दोनों शातिर किस्म के अन्तर्राजीय अवैध हथियारों के तस्कर है, जो कि भिन्न-भिन्न जिलों व राज्यों में घूम फिरकर अवैध हथियारों की तस्करी करते थे।

315 बोर के तमंचों को ग्राहकों को 7000 से 7500 रुपये की कीमत पर बेचते थे और 12 बोर के तमंचो को 5000 से 5500 रुपये की कीमत पर बेचते थे, इन दोनों पर दिल्ली में 80 से ज्यादा मुकदमें दर्ज है। फिलहाल पुलिस इनके गिरोह के अन्य सदस्यों को भी तलाश कर रही है।

# नेहा हत्याकांड की जांच सीओडी से कराई जाएगी : सिद्दारमैया

शिवमोग्गा। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने घोषणा की है कि हुबली की नेहा हिरेमथ की दुखद हत्या के मामले की गहन जांच के लिए इसे कॉप्स ऑफ डिटेक्टिव्स (सीओडी) को सौंपा जाएगा।

सिद्दारमैया ने सोमवार को यहां मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, मामले को जांच के लिए सीओडी को सौंप दिया जाएगा। एक विशेष अदालत की स्थापना की जाएगी, और सुनवाई समयबद्ध तरीके से की जाएगी।

इस दुखद घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है, जिसके कारण राज्य सरकार ने न्याय सुनिश्चित करने के लिए यह त्वरित कार्रवाई की है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के इस आरोप पर कि मुख्यमंत्री ने अब तक हुबली में नेहा के परिवार से मुलाकात नहीं की है, श्री सिद्दारमैया ने कहा कि कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री एचके पाटिल पहले ही कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ उनसे मुलाकात कर चुके हैं।

उन्होंने कहा, जब मैं धारवाड़ जाऊंगा तो माता-पिता से मिलूंगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राज्य सरकार जांच के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और मामले को बहुत गंभीरता से लेती है। इसके बाद वह महास्वामी के पास पहुंचे और उनसे धारवाड़ लोकसभा क्षेत्र से अपनी उम्मीदवारी वापस लेने का आग्रह किया। उन्होंने आध्यात्मिक नेता से इसके बजाय कांग्रेस पार्टी को अपना समर्थन देने का अनुरोध किया।

## नेहा हत्याकांड: डीएनए का किया जा रहा है परीक्षण

हुबली। कर्नाटक महिला आयोग की अध्यक्ष नागलक्ष्मी चौधरी ने हुबली में नेहा हिरेमथ की हत्या की चल रही जांच को लेकर आशा व्यक्त की है। नागलक्ष्मी ने यह आश्वासन दिया कि जांच सावधानीपूर्वक की गई है। उन्होंने कहा कि एकत्र किए गए रक्त के नमूनों का डीएनए परीक्षण किया जा रहा है और जल्द ही समाधान की उम्मीद जताई। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, एक बार जब डीएनए परिणाम उपलब्ध हो जाएंगे, जो तीन महीने के भीतर आने की उम्मीद है, तो हमें उम्मीद है कि नेहा को न्याय मिलेगा। गौरतलब है कि इस हत्याकांड ने काफी लोगों का ध्यान आकर्षित किया है और इसको लेकर जनता में काफी आक्रोश है। इस मामले में त्वरित, संपूर्ण और निष्पक्ष कानूनी प्रक्रिया की मांग की जा रही है। नागलक्ष्मी ने कहा कि सरकार और पुलिस दोनों यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि नेहा की हत्या के आरोपियों को उचित सजा मिले।

## शार्ट न्यूज

### युवा कांग्रेस ने बताया मोदी के बयानों को झूठ

नयी दिल्ली। युवा कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयानों को झूठ का पुलिंदा करार देते हुए सोमवार को यहां विरोध-प्रदर्शन किया और कहा कि वह बौखलाहट में झूठ बोल रहे हैं। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए कहा कि मोदी सरकार नफरत फैला रही है और देश का माहौल बिगड़ रही है। इस अवसर पर युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बी वी ने कहा कि हार की बौखलाहट के कारण खुलेआम प्रधानमंत्री नफरत का बीज बो रहे है। घबराहट में उनके झूठ का स्तर इतना गिर गया है कि वह अब जनता को मुद्दों से भटकाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, देश की 140 करोड़ जनता अब इस झूठ के झाँसे में नहीं आने वाली। हमारा घोषणापत्र हर एक भारतीय के लिए है। सबकी बराबरी की बात करता है। सबके लिए न्याय की बात करता है। भारत के इतिहास में किसी भी प्रधानमंत्री ने अपने पद की गरिमा को इतना नहीं गिराया, जितना मोदी जी ने गिराया है। श्रीनिवास ने प्रधानमंत्री को चुनौती देते हुए कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में कहीं भी हिंदू-मुसलमान शब्द लिखा हो तो दिखा दें। यह चुनौती स्वीकार करें, या झूठ बोलना बंद कर दें।

### महिला आयोग ने कर्नाटक पुलिस को भेजा नोटिस

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय महिला आयोग ने कर्नाटक में एक महिला के साथ दुष्कर्म और बलपूर्वक धर्मांतरण पर राज्य पुलिस को नोटिस भेजकर तीन दिन के भीतर जवाब देने को कहा है। महिला आयोग ने सोमवार को यहां बताया कि कर्नाटक में एक 28 वर्षीय महिला के साथ दुष्कर्म और बलपूर्वक धर्मांतरण की खबरें मीडिया में हैं जो बेहद चिंताजनक और निंदनीय हैं। महिला आयोग ने कहा कि यह घटना निंदनीय है और आयोग इस पर स्वत् संज्ञान ले रहा है। आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने इस मामले को लेकर राज्य के पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखा है और तीन दिन के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट भेजने को कहा है। आयोग ने कहा है कि कर्नाटक में महिलाओं के बलपूर्वक धर्मांतरण के मामले लगातार बढ़ रहे है और आयोग इस पर चिंता व्यक्त करता है। हाल में एक युवा महिला की हत्या कर दी गयी और कारण बताया गया कि उसने अन्य धर्म के व्यक्ति से विवाह करने से इंकार कर दिया था।

### 54वें विश्व पृथ्वी दिवस पर प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने का संकल्प लिया : शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय




ग्रीन अर्थ क्रूसेडर के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने आज बरवाला में 54वें विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर प्रकृति,पृथ्वी और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। वत्स ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के खतरे के बावजूद जनसंख्या में हो रही भारी वृद्धि के कारण संसाधनों की कमी के चलते धरती पर विकराल संकट छाया हुआ है। मानव द्वारा प्रकृति और पृथ्वी का जिस बेरहमी से दोहन किया जा रहा है वह भी मानवता के लिए खतरे का संकेत है। प्रकृति, पृथ्वी और पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण ही एकमात्र बचाव का रास्ता बचता है। इसी से पृथ्वी का अस्तित्व कायम रह पाएगा। वत्स ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों को बचाने के लिए विश्व समुदाय को प्रकृति और पृथ्वी का सम्मान करना ही होगा। वत्स ने इस अवसर पर संकल्प लिया कि भारत की धरती को प्लास्टिक मुक्त करने के लिए जागरूकता अभियान चलाएंगे। भारत जैसे देश में प्लास्टिक का बढ़ता प्रयोग पृथ्वी के लिए घातक है। इसलिए हमें प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने की दिशा में भी तेजी से काम करना होगा।

### घर में लगी आग, पति-पत्नी की मौत

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना टीला मोड़ क्षेत्र के फारुख नगर में एक मकान में आग लग गई। जिस समय आग लगी उस समय घर में पति पत्नी सो रहे थे। दोनों की मौत हो गई है। आशंका है कि दोनों को आग का पता नहीं चला और झुलस गए। दोनो को अस्पताल ले जाया गया था। गाजियाबाद में एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि गाजियाबाद पुलिस को जानकारी मिली की थाना टीला मोड़ के फारूक नगर इलाके में एक मकान में आग लग गई है। पुलिस और दमकल कर्मी जब मौके पर पहुंचे तो पाया कि पूरे घर में आग लगी हुई है। आग लगने का कारण संभवत शॉर्ट सर्किट था। इस आग में झुलस कर इस घर में रहने वाले पति पत्नी की मौत हो गई है। पति का नाम शम्सुद्दीन उम्र 57 साल थी और पत्नी का नाम समरजहा और उम्र 55 साल थी। मौके पर एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है जो इस बात की जांच कर रही है कि आखिर आग कैसे लगी। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। पुलिस परिवार वालों से संपर्क करने की कोशिश कर रही है।

### स्वीमिंग पूल में नहाते समय बच्चा डूबा, मौत

मोदीनगर। गाजियाबाद के मुरादनगर के गांव असालतनगर में स्वीमिंग पूल में नहाते समय दस वर्षीय कक्षा पांच के छात्र की डूबने से मौत हो गई। बच्चा अपने चचेरे भाई के साथ स्वीमिंग पूल आया था। बच्चे की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है। नगर की व्यापारीयान कॉलोनी निवासी सरफराज अपनी पत्नी रुबीना, बेटे रिहान व शुबहान के साथ रहते हैं। बड़ा बेटा रिहान कक्षा सात का छात्र है,जबकि छोटा बेटा शुबहान कक्षा पांच का छात्र। रविवार दोपहर को दोनों भाई रिहान व शुबहान अपने चचेरे भाई कैब के साथ स्वीमिंग पूल में नहाने के लिए निकले थे। कैब दसवीं का छात्र है, कैब के साथ दोनों भाई गांव असालतनगर में जलालपुर रोड स्थित एडी स्वीमिंग पूल व पार्टी हॉल नामक स्वीमिंग पूल में नहाने के लिए गए थे। रिहान व कैब स्वीमिंग पूल में नहाने लगे ,जबकि शुबहान थोड़ी दूरी पर खड़ा हो गया। इसी बीच रिहान व कैब नहाते समय स्विमिंग पूल के दूसरे छोर पर चले गए। इधर और बच्चों को देखते हुए शुबहान ने भी छलांग लगा दी। छलांग लगाते ही शुबहान डूबने लगा और हाथ पैर मारने लगा।

# इंसुलिन देने को लेकर अदालत को ईडी कर रही गुमराह : आप

**ईडी और जेल प्रशासन ने अदालत में कहा कि उन्होंने केजरीवाल को एम्स के डॉक्टर को दिखाया जो सरासर झूठ है**

एजेंसी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इंसुलिन न मिले इसलिए जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और तिहाड़ प्रशासन अदालत को गुमराह कर रही है।




आप की वरिष्ठ नेता और दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने सोमवार को कहा कि केजरीवाल को इंसुलिन न मिले इसलिए ईडी और तिहाड़ प्रशासन अदालत को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की ईडी और जेल प्रशासन ने अदालत में कहा कि उन्होंने केजरीवाल को एम्स के डॉक्टर को दिखाया जो सरासर झूठ है। ईडी और तिहाड़ प्रशासन द्वारा अदालत में पेश होने तक श्री केजरीवाल का एम्स के किसी डायबटीज़ विशेषज्ञ से परामर्श नहीं लिया गया।

आतिशी ने कहा कि 30 साल से गंभीर डायबटीज़ के मरीज की इन्सुलिन रोकने के लिए एम्स के एक सामान्य से डाइट चार्ट को अदालत में आधार बनाया गया। उन्होंने ईडी-तिहाड़ प्रशासन अदालत और पूरे देश को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। श्री केजरीवाल अपने डॉक्टर से बात न कर सके, इन्सुलिन न ले सके इसलिए यह पूरा षड्यंत्र रच जा रहा है।

उन्होंने कहा कि ईडी और तिहाड़ प्रशासन द्वारा अदालत में कहा गया था कि उन्होंने एम्स के डॉक्टरों से संपर्क किया, लेकिन हक़ीक़त यह है कि उन्होंने एम्स के किसी भी डॉक्टर से संपर्क नहीं किया। दुनियाभर में कोई भी डॉक्टर ऐसा नहीं होगा जो कहेगा कि ब्लड शुगर के 300 के पार पहुँचने के बाद बिना इन्सुलिन के उसे नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अदालत को गुमराह करने की कोशिश की जाती है, एम्स के डॉक्टरों का हवाला दिया जाता है और भाजपा कहती है कि श्री केजरीवाल को इंसुलिन की ज़रूरत नहीं है।

## आतिशी ने दिल्ली लैंडफिल आग की जांच का वादा किया



नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) नेता और दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने सोमवार को कहा कि आप सरकार यह पता लगाने के लिए जांच कराएगी कि गाजीपुर लैंडफिल साइट पर आग किस वजह से लगी।

आतिशी ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा, ग़ाज़ीपुर लैंडफिल साइट पर लगी आग पर अब काबू पा लिया गया है और बुझ गई है। दिल्ली अग्निशमन सेवा विभाग ने आग बुझाने के लिए रात भर कड़ी मेहनत की। हम आग लगने के कारण की जांच करेंगे। आप मंत्री ने कहा, रविवार को उप महापौर अलेय मोहम्मद इकबाल ने लैंडफिल साइट का दौरा किया। आज महापौर शैली ऑबरॉय स्थिति का जायजा लेने के लिए साइट का दौरा करेंगी। आतिशी ने दिल्ली नगर निगम में अपने कार्यकाल के दौरान कूड़ा निस्तारण में हुई गड़बड़ी के लिए भी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आरोप लगाया। गौरतलब है कि रविवार शाम को राजधानी की गाजीपुर लैंडफिल साइल पर भीषण आग लग गयी थी। आग बुझने के बावजूद लैंडफिल से धुएं का घना गुबार उठ रहा है। लैडफिल साइट के घना काला धुंआ उठने पर आसपास रहने वाले लागों को सांस लेने में ज्यादा तकलीफ होने पर घर छोड़कर अन्यत्र जाने में मजबूर होना पड़ा। दिल्ली अग्निशमन सेवा की रिपोर्ट के मुताबिक, कचरे के विशाल ढेर के भीतर बनी गैसों के कारण ही आग लगी थी।

## अलीपुर इलाके में दिनदहाड़े चली गोलियां, एक की मौत

नई दिल्ली। अलीपुर इलाके में सोमवार की दोपहर बाइक सवार बदमाशों ने थाने के घोषित बदमाश नरेंद्र उर्फ ढीलू को गोलियों से भून दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। गोलीबारी में उनके एक साथी तरुण के पैर में तीन गोलियां लगी हैं। इनके तीसरे साथी अमित ने मौके से भागकर अपनी जान बचाई। नरेंद्र को आधा दर्जन से अधिक गोली मारी गई हैं।

शुरुआती जांच में पुलिस को पता चला है कि मृतक अलीपुर थाने के घोषित बदमाश था और वह गोगी गैंग के संपर्क में था। पुलिस ने गैंगवार की आशंका से इंकार नहीं किया है। पुलिस को टिल्लू गैंग के बदमाशों पर वारदात को अंजाम देने का शक है। अलीपुर थाना पुलिस ने हत्या और हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है।

मृतक नरेंद्र उर्फ ढीलू धूलिया कॉलोनी अलीपुर में रहता था और वह अपना टाटा ऐस(माल ढोने वाला वाहन) चलाता था। घायल तरुण भी इसी इलाके में रहता था और नरेंद्र के साथ काम करता था।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोपहर करीब दो बजे अलीपुर थाना पुलिस को मिनी स्टेडियम के नजदीक नेहरु एंक्लेव, दयाल मार्केट अलीपुर में गोलीबारी की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि मृतक अपने साथियों के साथ टाटा ऐस पर बैठा था। इसी दौरान दो बाइक पर चार बदमाश वहां पहुंचे और इनपर ताबड़तोड़ गोलीबारी कर दी। बदमाशों ने करीब एक दर्जन से अधिक गोलियां चलाईं। नरेंद्र उर्फ ढीलू को छह सात गोलियां गोलियां लगी थीं। उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

जबकि घायल तरुण उर्फ छोला को पुलिस ने सत्यवादी राजा हरिशचंद्र अस्पताल में भर्ती कराया। छानबीन में पता चला कि अलीपुर निवासी अमित इनके साथ ही मौजूद था, जो गोलीबारी के दौरान वहां से भाग गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतक पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। 2017 में उसपर लूटपाट और 2019 में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज है। वह अलीपुर थाने का घोषित बदमाश था। जांच के दौरान पुलिस को नरेंद्र का गोगी गैंग से जुड़े होने के सबूत मिले हैं। इस वजह से पुलिस को गैंगवार का शक है।

## व्यक्ति के बाद भी उसे जिंदा रखता है देहदान और अंग दान : प्रो. योगेश सिंह

**देहदान और अंग दान को लेकर जागरूकता हेतु दिल्ली विश्वविद्यालय में बैठक आयोजित**



दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि किसी व्यक्ति की मृत्यु के बाद भी उसके द्वारा किया गया देह-अंग दान उसे दूसरों के शरीर में जिंदा रख सकता है। कुलपति दिल्ली विश्वविद्यालय एवं इससे संबंधित विभागों और कॉलेजों में देह-अंग दान को लेकर जागरूकता हेतु आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर दधीचि देह दान समिति के संरक्षक एवं विश्व हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने मुख्य वक्ता के तौर पर देह-अंग दान पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कुलपति ने अपने संबोधन में कहा कि देह दान एवं अंग दान बहुत महान कार्य है, लेकिन इसके प्रति जागरूकता की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस पुनीत कार्य की वर्तमान समय में जितनी अधिक आवश्यकता है, इसके प्रति लोगों को तैयार करना उतना ही अधिक कठिन कार्य है। कुलपति ने कहा कि यह कार्य लघु समय में सम्पन्न होने वाला नहीं, अपितु एक दीर्घ कालीन कार्य है। इसके लिए सतत प्रयास करने होंगे। परिणाम बेशक देर से आने शुरू हो सकते हैं, लेकिन वक्त के साथ लोगों में इसकी स्वीकार्यता काफी बढ़ेगी। इसमें शिक्षकों और विद्यार्थियों की अहम भूमिका है। साल दर साल इसकी सफलता की कहानियाँ भी सामने आनी शुरू होंगी। उन सफलता की कहानियों को जनता के सामने रखने पर साकारात्मकता और बढ़ेगी। दधीचि देह दान समिति के संरक्षक आलोक कुमार ने बैठक के दौरान संबोधित करते हुए समिति के 27 वर्ष के कार्यकाल के अनुभवों को साझा किया। उन्होंने देह दान और अंग दान के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि एक व्यक्ति की आँखों से 4-6 लोग दृष्टि पा सकते हैं। कई बार मरने के बाद भी व्यक्ति के शरीर के बहुत से अंग दूसरों के शरीर में सफलतापूर्वक प्रत्यारोपित किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसके लिए व्यक्ति को अपने किन्हीं दो परिजनों की सहमति के साथ शपथ पत्र भरना होता है। उन्होंने कहा कि अगर देह दान के प्रति लोग तैयार न हों तो अंग दान तो अवश्य करना चाहिए। इस अवसर पर अनेक शिक्षकों ने अपने-अपने सुझाव और जिज्ञासाओं को भी खुल कर सामने रखा। बैठक के दौरान डीन ऑफ कॉलेजेज़ प्रो. बलराम पाणी, दक्षिणी परिसर के निदेशक प्रो. श्री प्रकाश सिंह और रजिस्ट्रार डॉ. विकास गुप्ता के साथ अनेकों कॉलेजों एवं विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### मार्च में आया था विचार, अप्रैल में बनी थी कमेटी

दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा देह-अंग दान को लेकर दधीचि देह दान समिति के साथ मिलकर जागरूकता अभियान चलाने का विचार दधीचि देह दान समिति के संरक्षक आलोक कुमार की ओर से मार्च 2024 में आया था। दिल्ली विश्वविद्यालय ने इस पर विचार विमर्श के लिए दो अप्रैल को कुलपति प्रो. योगेश सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की थी जिसमें 6 सदस्यों की एक समिति का गठन किया गया था। इसमें एनसीसी कोऑर्डिनेटर, एनएसएस कोऑर्डिनेटर, टीचिंग स्टाफ के लिए कोऑर्डिनेटर, नॉन-टीचिंग स्टाफ के लिए कोऑर्डिनेटर, विद्यार्थियों के लिए कोऑर्डिनेटर (महिला) और विद्यार्थियों के लिए कोऑर्डिनेटर (पुरुष) नियुक्त किए गए थे। एनसीसी और एनएसएस कोऑर्डिनेटर को लाइजन ऑफिसर नियुक्त किया गया था। जागरूकता हेतु यह कोऑर्डिनेटर कॉलेज और विभागों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। अधिकतर कॉलेजों में भी कमेटियाँ गठित कर दी गई हैं।

## सीएम को नहीं मिली राहत, एम्स से परामर्श की मांग खारिज

**कोर्ट ने दिया पैनल गठित करने का निर्देश**

नई दिल्ली। राउज एवेन्यू कोर्ट ने केजरीवाल को अपने निजी डॉक्टर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से परामर्श की इजाजत नहीं दी। कोर्ट ने तिहाड़ जेल ऑथोरिटी से कहा कि केजरीवाल को जेल के अंदर जरूरी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए, सेहत का ख्याल रखा जाए। अदालत ने केजरीवाल की सेहत को लेकर कहा कि अगर किसी विशेष परामर्श की जरूरत हो, तो तिहाड़ जेल ऑथोरिटी एम्स के मेडिकल बोर्ड से सलाह लेगी। एम्स के डायरेक्टर एक बोर्ड का गठन करेंगे, बोर्ड में सीनियर एंडोक्राइनोलॉजिस्ट/डायबेटोलॉजिस्ट शामिल होंगे।



सीबीआई और ईडी मामलों की विशेष जज कावेरी बावेजा ने अपने डॉक्टर से वीडियो परामर्श के लिए केजरीवाल की याचिका को खारिज करते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल की सेहत और चिकित्सा जरूरतों के मद्देनजर अगर जरूरी होगा तो ये मेडिकल बोर्ड डाइट और एक्सरसाइज प्लान भी देगा। जब जब जरूरत होगी, तब मेडिकल बोर्ड अरविंद केजरीवाल से व्यक्तिगत रूप से जेल में मिलकर उनकी जांच कर सकता है।

### केजरीवाल को घर से बना खाना मिलता रहेगा

एम्स का मेडिकल बोर्ड जल्द से जल्द कोर्ट में अपनी रिपोर्ट सौंपेगा। रिपोर्ट में बोर्ड इस पर भी अपनी राय देगा कि क्या केजरीवाल को अभी इंसुलिन की जरूरत है या नहीं।

अभी केजरीवाल को घर से बना खाना मिलता रहेगा। लेकिन ये खाना उनके प्राइवेट डॉक्टर के डाइट चार्ट और एक अप्रैल को दिए आदेश के मुताबिक होगा।

बाद में उनका खाना मेडिकल बोर्ड की तरफ से सुझाये गए डाइट प्लान के अनुसार होना चाहिए।

### डॉक्टरों की सलाह के मुताबिक मिले खाना

जेल ऑथोरिटी सुनिश्चित करेगी कि केजरीवाल को मिलने वाला खाना डॉक्टरों की सलाह के मुताबिक ही हो। अगर केजरीवाल इसका पालन नहीं करते तो जेल ऑथोरिटी इसे तुरंत कोर्ट के संज्ञान में लाएगी। अगर केजरीवाल को सेहत को लेकर भविष्य मे किसी स्पेशलिस्ट की जरूरत पड़ती है तो जेल ऑथोरिटी मेडिकल बोर्ड से सलाह लेकर इस पर फैसला करेगी

### हर 15 मिनट में रिपोर्ट कोर्ट भेजे तिहाड़

तिहाड़ जेल ऑथोरिटी अरविंद केजरीवाल की रिपोर्ट हर 15 दिन में नियमित अंतराल पर कोर्ट को भेजेगी। तिहाड़ जेल ऑथोरिटी की जिम्मेदारी होगी कि अरविंद केजरीवाल को जेल के अंदर जरूरी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उनकी सेहत का पूरा ख्याल रखा जाए।

## जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की 2550वीं जयंती पर सत्य, अहिंसा और करुणा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया



नेशनल चाइल्ड एंड वूमेन डेवलपमेंट चेरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने आज बरवाला में जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की 2550वीं जयंती पर सत्य, अहिंसा और करुणा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। वत्स ने कहा कि तीसरे विश्व युद्ध के कगार पर बैठी दुनिया को भगवान महावीर की शिक्षाएं और सिद्धांत ही विनाश से बचा सकते हैं। मानव को अपने और दूसरे के जीवन को सुखमय बनाने के लिए सत्य का आचरण करना होगा, अहिंसा के रास्ते पर चलना होगा और सभी प्राणियों के लिए अपने मन में करुणा और दया की भावना विकसित करनी होगी। यह संसार जीयो और जीने दो के सिद्धांत पर ही चलेगा तभी विश्व का कल्याण होगा। तभी विश्व बंधुत्व और भाईचारे की भावना विकसित होगी। वत्स ने कहा कि भगवान महावीर जयंती पर हम सब भारतवासी यह प्रण लें कि हम छल, कपट, झूंठ, प्रपंच से दूर रहकर इस मानव जीवन को जीने लायक बनाएंगे।

## संजय भूषण पटियाला को मंदाकिनी के हाथों मिला आईसीसीए 2024 अवॉर्ड .!

भारतीय फिल्म और मनोरंजन जगत में संजय भूषण पटियाला को आज एक और पुरस्कार से सम्मानित किया गया । मुम्बई के होटल सहारा में आज ICCA ( अंतरराष्ट्रीय कन्टेन्ट क्रियेटर अवॉर्ड ) समारोह का आयोजन किया गया था ।

इस समारोह में देश विदेश की तमाम बड़ी हस्तियॉ मौजूद थीं । इसी समारोह में मनोरंजन के क्षेत्र में विभिन्न आयामों पर अपनी प्रतिभाओं से लोगों के बीच खास जगह बनाने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित करने का कार्यक्रम चल रहा था ।




इसी में फ़िल्म प्रचारक सह सेलिब्रिटी मैनेजर संजय भूषण पटियाला को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की भारतीय अभिनेत्री मंदाकिनी के हाँथों अंतरराष्ट्रीय कन्टेन्ट क्रियेटर अवॉर्ड 2024 दिया गया । मंदाकिनी अपने जमाने की सबसे पॉप्युलर और खूबसूरत अभिनेत्रियों में शुमार थीं और उस दौर में उनके आसपास भी कोई अन्य अभिनेत्री नहीं फटक पाती थीं ।

संजय भूषण पटियाला को यह अवॉर्ड देने के बाद मंदाकिनी ने कहा कि संजय भूषण अपने कार्यक्षेत्र में निरन्तर बेहतरीन काम कर रहे हैं जिसका इनाम इन्हें आज मिला है ।

संजय भूषण पटियाला भी इस अवॉर्ड को पाकर काफी खुश दिखे, उन्होंने इस अवॉर्ड के लिए अपने चाहने वाले लोगों को शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि यह सबके प्यार और आशीर्वाद की बदौलत सम्भव हुआ है ।

हम आगे भी इसी तरह से और मेहनत इस क्षेत्र में करते रहेंगे ताकि लोगों का शुद्ध और स्वच्छ मनोरन्जन होता रहे । फिल्मोरा मीडिया नेटवर्क और डिप्टा के द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसके आयोजक थे अखिलेश सिंह । कार्यक्रम में संजय भट्ट, अभिजीत राणे, और अरविंदर सिंह जैसे सम्मानित लोग भी शामिल हुए ।

## वीएमएमसी और सफदरजंग अस्पताल में स्तन कैंसर स्क्रीनिंग और जागरूकता शिविर का आयोजन

नई दिल्ली। स्तन कैंसर से निपटने के उद्देश्य से एक शक्तिशाली सहयोग में, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तत्वावधान में, वीएमएमसी और सफदरजंग अस्पताल ने, मुफ्त स्तन कैंसर जांच और जागरूकता का आयोजन करने के लिए प्रतिष्ठित गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) रेस्पेक्ट इंडिया के साथ हाथ मिलाया है। 22 अप्रैल, 2024 को शिविर। सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित यह कार्यक्रम नई दिल्ली के वीएमएमसी और सफदरजंग अस्पताल परिसर में हुआ।



भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव सुश्री रोली सिंह इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा, भारत में स्तन कैंसर एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता बनी हुई है। इस शिविर जैसी पहल के माध्यम से, हमारा लक्ष्य महिलाओं को ज्ञान के साथ सशक्त बनाना और उन्हें सुलभ स्क्रीनिंग सुविधाएं प्रदान करना है। उपचार के परिणामों में सुधार और बहुमूल्य जीवन बचाने के लिए प्रारंभिक पहचान महत्वपूर्ण है। नियमित रूप से स्तन कैंसर के खिलाफ हमारी लड़ाई में स्क्रीनिंग और जागरूकता प्रमुख हथियार हैं। इस तरह के शिविर बीमारी को उजागर करने और महिलाओं को वित्तीय बाधाओं के बिना अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

शिविर में विशेष अतिथि के रूप में रेस्पेक्ट इंडिया के महासचिव डॉ. मनीष चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति का भी स्वागत किया गया। उन्होंने कहा, वीएमएमसी और सफदरजंग अस्पताल के साथ हमारा सहयोग महिलाओं के स्वास्थ्य और कल्याण का समर्थन करने के लिए हमारी साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। हम अपनी साझेदारी को और मजबूत करने और ऐसी पहलों की पहुंच का विस्तार करने के लिए तत्पर हैं।

वीएमएमसी और सफदरजंग अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वंदना तलवार के नेतृत्व में आयोजित इस सहयोगात्मक प्रयास का उद्देश्य स्तन कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाना और शीघ्र पता लगाने के लिए मुफ्त जांच सुविधाएं प्रदान करना है, जो प्रभावी उपचार और बेहतर जीवित रहने की दर में एक महत्वपूर्ण कारक है। डॉ. वंदना तलवार ने कहा, स्तन कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाले कैंसर के सबसे प्रचलित रूपों में से एक है। नियमित स्क्रीनिंग के माध्यम से शीघ्र पता लगाने से अनगिनत लोगों की जान बचाने में गहरा अंतर आ सकता है। हमने सभी महिलाओं को इस अवसर का लाभ उठाने और इस शिविर में भाग लेकर अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए प्रोत्साहित किया। स्तन कैंसर के खिलाफ लड़ाई में सबसे आगे रहने वाला एक समर्पित गैर सरकारी संगठन, रिस्पेक्ट इंडिया जागरूकता बढ़ाने, सहायता प्रदान करने और नियमित जांच को बढ़ावा देने की दिशा में अथक प्रयास कर रहा है। इस उद्देश्य के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता ने उन्हें अपने संगठन की सीमाओं से परे और विभिन्न चिकित्सा शिविरों के माध्यम से समुदायों के दिल में पहुंचा दिया, जिसका उद्देश्य आम जनता को गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों के प्रति संवेदनशील बनाना था।

नि:शुल्क स्तन कैंसर जांच और जागरूकता शिविर में उपस्थित लोगों को नि:शुल्क स्तन कैंसर परीक्षण की पेशकश की गई। रेस्पेक्ट इंडिया ने ज्ञान और सहायता के साथ महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए शैक्षिक संसाधन और परामर्श सेवाएँ भी प्रदान कीं। किसी पूर्व पंजीकरण की आवश्यकता नहीं थी, और शिविर सभी महिलाओं के लिए खुला था। उपस्थित लोगों को जल्दी पहुंचने के लिए प्रोत्साहित किया गया ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे नि:शुल्क स्क्रीनिंग सेवाओं का लाभ उठा सकें। दिल्ली और आसपास के इलाकों से लगभग 200 महिलाएं शिविर में दी जाने वाली मुफ्त जांच सेवाओं का लाभ उठाने के लिए जल्दी पहुंच गईं, जिससे यह एक शानदार सफलता बन गई।

## संपादकीय

# जेलों में खूनी संघर्ष

भारत में जेलों में खूनी संघर्ष एक गंभीर समस्या है, जिसने हाल के वर्षों में विशेष रूप से ध्यान आकर्षित किया है। जेलों में बंदी नागरिकों के बीच हिंसक झगड़े, गैंगवार, और अन्य संघर्षों की घटनाएं आम हो गई हैं। इस तरह की घटनाएं जेल प्रशासन और सरकारी अधिकारियों के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई हैं। इन संघर्षों के कारण जेलों में कानून व्यवस्था की कमी और बंदियों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं।

### जेलों में खूनी संघर्ष के कारण

अत्यधिक भीड़ : भारतीय जेलों में बंदियों की संख्या अक्सर जेलों की क्षमता से अधिक होती है। इससे वहां की स्थिति बहुत खराब हो जाती है और संघर्ष की संभावना बढ़ जाती है।

गैंगवार: जेलों में अक्सर विभिन्न आपराधिक गिरोहों के सदस्य एक साथ रहते हैं, जिससे गैंगवार की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। यह संघर्ष जेल के भीतर गंभीर हिंसा का कारण बन सकता है।

संस्कृति का टकराव: विभिन्न सांस्कृतिक, धार्मिक, और जातीय पृष्ठभूमि के बंदियों के बीच संघर्ष की संभावना बढ़ जाती है, जिससे जेलों में झगड़े और हिंसा होती है।

प्रशासनिक नियंत्रण की कमी: जेल प्रशासन कभी-कभी बंदियों के बीच उत्पन्न होने वाले संघर्षों को नियंत्रित करने में असमर्थ होता है, जिससे हिंसा बढ़ जाती है।

सूचना और सुविधाओं की कमी: जेलों में अक्सर बंदियों के लिए मूलभूत सुविधाओं की कमी होती है, जिससे उनकी असंतोष की स्थिति बढ़ जाती है।

### जेलों में खूनी संघर्ष के प्रभाव

बंदियों की सुरक्षा : संघर्षों के कारण बंदियों की सुरक्षा खतरे में पड़ती है और गंभीर चोटें या मौत हो सकती है।

जेल प्रशासन पर दबाव: जेल प्रशासन को इन संघर्षों के परिणामस्वरूप बंदियों के बीच संतुलन बनाए रखने में मुश्किल होती है।

कानून व्यवस्था: जेलों में खूनी संघर्ष से जेलों में कानून व्यवस्था की कमी हो जाती है, जिससे जेलों के भीतर और बाहर की स्थिति पर असर पड़ता है।

समाज पर प्रभाव: जेलों में खूनी संघर्ष समाज पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है, क्योंकि यह कानून व्यवस्था के प्रति लोगों के विश्वास को कम करता है।

### जेलों में खूनी संघर्ष के समाधान

जेलों की भीड़ कम करना: जेलों में बंदियों की संख्या को जेलों की क्षमता के अनुरूप बनाए रखना चाहिए।

प्रशासनिक सुधार: जेल प्रशासन को सुधारने के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग करना चाहिए और कर्मचारियों के प्रशिक्षण पर ध्यान देना चाहिए।

संवेदनशीलता प्रशिक्षण: जेल कर्मचारियों और अधिकारियों को बंदियों की विविधता और उनके संघर्षों को समझने के लिए संवेदनशीलता प्रशिक्षण देना चाहिए।

गैंगवार को रोकने के उपाय: जेलों में गैंगवार को रोकने के लिए कड़ी निगरानी और अलगाव की व्यवस्था करनी चाहिए।

# अपराधों के दुश्चक्र में नाबालिग

जिस उम्र में बच्चों के हाथों में किताब और बैट-बॉल जैसी चीजें शोभा देती हैं, उस उम्र के बच्चों के हाथों में चाकू-छुरे जैसी चीजें देखना दिल दहला देने वाली घटना है। हाल के कुछ वर्षों में नाबालिग बच्चों द्वारा अपराध की घटनाओं में तेजी दिख रही है। हाल ही में तिमारपुर इलाके में महज माचिस देने से मना करने पर एक नाबालिग ने 21 साल के युवक की चाकू से हत्या कर दी। साल भर पहले भी उसी नाबालिग ने महज कंधा टकराने पर 16 साल के एक नाबालिग की चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी। उसके बाद कुछ समय तक बाल सुधार गृह में रहने के बाद वह बाहर आ गया। वहीं 2023 के अंत में दक्षिण पूर्वी जिले के बदरपुर इलाके में तीन नाबालिगों ने किशोरी दोस्त के साथ गैंगरेप किया और वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। ये घटनाएं आपराधिक मामलों में नाबालिगों की संलिप्तता की बानगी हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों की मानें, तो वर्ष 2022 में देश में नाबालिगों द्वारा कुल 30,555 अपराध किए गए, जिनमें झपटमारी, लूटपाट, वाहन चोरी, घरों में चोरी, ठगी की वारदातें और यहां तक कि दुष्कर्म के मामले भी शामिल हैं। आंकड़े बताते हैं कि महिलाओं के साथ किए गए अपराधों में 3,545 नाबालिगों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी, जिनमें से 345 मामले जबरन शादी के इरादे से महिलाओं के अपहरण से संबंधित मामले पाए गए। नाबालिगों द्वारा अपराध के मामले में देश की राजधानी 2,340 से अधिक मामलों के साथ छठे स्थान पर है। वहीं पहले स्थान पर महाराष्ट्र(4,406), फिर मध्य प्रदेश (3,795) और राजस्थान (3,063) हैं। नाबालिगों द्वारा अपराध के मामलों में इजाफे का क्या कारण है? क्या इन सबके पीछे का कारण दोषपूर्ण परवरिश व सामाजिक माहौल में बदलाव है या नई तकनीकी दुनिया। फरवरी 2024 में बिहार से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई थी, जिसमें मरने से पहले इंसान को तड़पता हुआ देखने के लिए तीन नाबालिग लड़कों ने कैब ड्राइवर को इतनी बेरहमी से मौत के घाट उतारा कि किसी की भी रुह कांप जाए। एक ने ड्राइवर के गले में फंदा डाला, तो दूसरे ने ड्राइवर के गले में कील घोंप दी। इसके बाद वे रस्सी से ड्राइवर का गला तब तक कसते रहे, जब तक उसकी मौत नहीं हो गई। पुलिस के सामने उन्होंने कबूला कि उसकी जान निकलते देखने में उन्हें बहुत आनंद आ रहा था। उन्होंने यह भी कबूला कि कत्ल करने का यह तरीका उन्होंने यूट्यूब से सीखा और उस ड्राइवर से उनकी न तो जान-पहचान थी और न ही कोई दुश्मनी। पुलिस के लिए भी ऐसी विकृत मानसिकता चिंता का कारण बनी हुई है, क्योंकि ऐसे संगीन अपराधों में भी नाबालिगों को कड़ी सजा देने का प्रावधान नहीं है। उन्हें बाल सुधार केंद्र भेज दिया जाता है या उनकी काउंसिलिंग करा कर ही घर भेज दिया जाता है, जिस कारण कई बार बड़े-बड़े अपराधी उनका फायदा उठाते हैं और उन्हें अपराध के दलदल में फंसा देते हैं। बालमन को पैसों का मोह, मौज-मस्ती तेजी से अपनी ओर आकर्षित करता है। अपराध से जुड़ी फिल्मों और वेब सीरीज का भी बच्चों के दिमाग पर बुरा असर पड़ता है और उनमें आपराधिक मानसिकता को बढ़ावा देता है। बच्चे देश के भावी नागरिक होते हैं। यदि इनका भविष्य संवर गया, तो देश का विकास मुमकिन है और यदि इसी गति से नाबालिगों के अपराध के ग्राफ में बढ़ोतरी होती रही, तो वह दिन दूर नहीं, जब देश पर माफिया का राज होगा। इसलिए जरूरी है कि नाबालिगों द्वारा बढ़ते अपराध को कम करने के लिए सही सजा का प्रावधान हो और ऐसी नीति बनाई जाए कि बच्चों को जुल्म की दुनिया में कदम रखने से रोका जा सके। नाबालिगों को उसके अपराध की प्रकृति के आधार पर सजा का उचित प्रावधान होना चाहिए, ताकि जघन्य अपराधों की तरफ रुख करने से बालमन बचा रहे व कोई उन्हें बहला-फुसलाकर अपराध की राह पर न धकेल सके। सरकार, समाज, माता-पिता, अभिभावकों को बच्चों के बेहतर व्यक्तित्व विकास के लिए उन्हें नैतिक शिक्षा देनी चाहिए और स्वस्थ सामाजिक-सांस्कृतिक वातावरण प्रदान करना चाहिए। 11 से 16 वर्ष की किशोरावस्था किसी भी बच्चे के व्यक्तित्व निर्माण के लिए महत्वपूर्ण समय होता है, इसलिए इस उम्र में उन्हें सही-गलत की पहचान कराना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए, ताकि स्वस्थ मानसिकता के साथ बच्चे अपनी जिम्मेदारी को समझ सकें और अपने परिवार का ही नहीं, बल्कि पूरे देश का गौरव बन सकें।

# एलन मस्क की भारत यात्रा टली-चुनाव परिणामों की प्रतीक्षा का अनुमान ?



एलन मस्क की भारत यात्रा टलने से ईवी प्लांट,स्टर्लिंग सेवा और वैश्विक मोबाइल ब्रॉडबैंड पर चर्चा को लेकर अनिश्चित बनी !

भारत सरकार द्वारा घोषित नई इलेक्ट्रिक वाहन निर्माण नीति और मेक इन इंडिया के लिए प्रतिबद्ध इलेक्ट्रिक कार कंपनियां जरुर सफ़ल होंगी- एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां में भारत की चर्चा एक नहीं अनेकों विषयों को लेकर हो रही है, चाहे वह तकनीकी प्रौद्योगिकी स्वास्थ्य स्पेस इलेक्ट्रिक वाहन नीति विदेश नीति एफटीए तथा वर्तमान में 19 अप्रैल से 1 जून 2024 तक चल रहे चुनावी महोत्सव हो, भारत आज वैश्विक केंद्रबिंदु बन गया है, यही कारण है कि दुनियां के सबसे बड़े अमीरों में से एक और टैक्सिला कंपनी के मालिक एलन मस्क ईवी प्लांट स्टर्लिंग सेवा और वैश्विक मोबाइल ब्रॉडबैंड पर चर्चा के लिए 21-23 अप्रैल को भारत दौरे पर आने वाले थे व माननीय पीएम से भी मिलने का उनका शेड्यूल था जिसकी जानकारी मीडिया की ओर से आई थी। आज दिनांक 20 अप्रैल 2024 को एकाएक उन्होंने अपने ट्विटर हैंडलएक्स पर भारत दौरे का को स्थगित कर सबको चौंका दिया व पहले से दिल्ली में आए अधिकारियों के उत्साह को भी फर्क महसूस हुआ।कुछ जानकारी की मीडिया में दिए दौरा कैंसिल होने के कयासों में चुनाव परिणाम की प्रतीक्षा का अनुमान भी लगाया जा रहा है, हालांकि वर्तमान सरकार ही सत्ता में आएगी यह मेरा मानना है पूर्ण रूप से निश्चित है। परंतु उन्होंने दौरे के स्थगन की वजह 23 अप्रैल 2024 को अमेरिका में टेक्सला की पहली तिमाही के कॉन्फ्रेंस कॉल को बताई गई है। चूंकि एलन मस्क की भारत यात्रा टल गई है, जिससे चुनाव परिणाम की प्रतीक्षा का अनुमान लगाया जा रहा है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, एलन मस्क के भारत यात्रा टलने से ईवी प्लान स्टर्लिंग सेवा और वैश्विक मोबाइल ब्रॉडबैंड पर चर्चा को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

साथियों बात अगर हम एलन मस्क की भारत यात्रा टलने की करें तो, दुनियां की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक कार बनाने वाली कंपनी टेस्ला के मालिक और विश्व के सबसे अमीर लोगों में से एक एलन मस्क ने अपनी भारत यात्रा को टाल दिया है। वे 21 और 22 अप्रैल को पहली बार भारत आने वाले थे, जिसे फिलहाल उन्होंने स्थगित कर दिया है। इस बात की पुष्टि खुद मस्क ने अपने एक्स पोस्ट के जरिए की है। मस्क ने अपने भारत दौरे को रद्द करने के पीछे का कारण भी बताया है उन्होने एक्स पोस्ट के जरिए दी, पोस्ट किया कि टेस्ला की कुछ बड़ी जिम्मेदारियों की वजह से उन्होंने फिलहाल अपना भारत दौरा टाल दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि वह इस साल के आखिर तक भारत आने के लिए बेहद उत्साहित हैं।दरअसल एलन मस्क को 23 अप्रैल को टेस्ला के निवेशकों के सवालों का जवाब देने के लिए अमेरिका में उपस्थित रहना जरूरी है। टेस्ला ने हाल ही में तिमाही परिणाम जारी किया है।कंपनी को हालिया महीनों में बिक्री में गिरावट का सामना करना पड़ा है,ऐसे में कंपनी के निवेशक व शेयरधारक परेशान हो रहे हैं।अगर मस्क 21-22 अप्रैल को भारत में रहते तो 23 अप्रैल के इन्वेस्टर्स कॉल में उनके लिए मौजूद रहना मुश्किल हो जाता।गौरतलब है कि एलन मस्क अपने भारत दौरे में टेस्ला के लिए भारत में मैन्युफैक्चरिंग यूनिट और सैटेलाइट कम्युनिकेशन जैसे कई योजनाओं का ऐलान करने वाले थे। मीडिया रिपोर्ट्स ने दावा किया था कि वह भारत में 25, हज़ार करोड़ रुपये के निवेश का ऐलान कर सकते थे, इससे पहले उन्होने 10 अप्रैल को अपने ट्वीट में जानकारी दी थी कि वह पीएम से मिलने के लिए बेहद उत्साहित हैं।मस्क की भारत यात्रा के ऐलान से कुछ दिन पहले ही भारत सरकार एक नई ईवी पॉलिसी लेकर आई थी। इस पॉलिसी से देश में विदेशी कंपनियों के लिए ईवी प्लांट लगाना आसान हो गया है। सरकार ने अपनी नई ईवी पॉलिसी में उन विदेशी कंपनियों को इंपोर्ट ड्यूटी में छूट देने की बात कही है, जो देश में 500 मिलियन डॉलर से अधिक का निवेश करेंगी। टेस्ला के अलावा एलन मस्क भारत में स्टारलिंक के प्रवेश के लिए भी लंबे वक्त से कोशिश कर रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार केंद्र सरकार ने स्टारलिंक को यह आश्वासन दिया है कि वह देश में तीसरी तिमाही तक अपना ऑपरेशन शुरू कर पाएगी। इसके अलावा फरवरी में सरकार ने स्पेस सेक्टर को बढ़ावा देने के लिएएफडीआई को मंजूरी दी थी। उसके बाद से ही भारत में स्पेस एक्स की एंट्री को लेकर कयास तेज हो गए थे। साथियों बात अगर हम दौरा रद्द होने के कयासों की करें तो, उन्होने दौरा रद्द होने की साफ वजह नहीं बताई है। इस कारण कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। माना जा रहा कि मस्क की यात्रा टेस ?ला की पहली तिमाही के परिणाम के बारे में कुछ सवालों के जवाब देने को 23 अप्रैल को अमेरिका में एक कॉन ?फ्रेंस कॉल की वजह से टाली गई है। समाचार एजेंसी के अनुसार एलन 23 अप्रैल को टेस ?ला के तिमाही नतीजे के बारे में जानकारी देने वाले हैं।स्पेशएक्स के सीईओ एलन मस्क के भारत आने की खबरों से यहां के स्पेस स्टार्टअप काफी उत्साहित थे। वह मस्क से मिलना चाहते थे। भारत के जो स्पेस स्टार्टअप मस्क से मिलने की योजना बना रहे थे, उनमें स्काईरूट एयरोस्पेस, अग्निकुल कॉस्मोस, बेलाट्रिक्स एयरोस्पेस और ध्रुव स्पेस शामिल हैं। बता दें मस्क अक्सर स्पेस एक्स के जरिए स्पेस से जुड़े इनोवेशन करते रहते हैं। हाल में भारत सरकार ने नई इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण नीति की जारी की थी। इसके तहत मेक इन इंडिया के लिए प्रतिबद्ध इलेक्ट्रिक कार कंपनियों को टैक्स में राहत देने की बात कही गई थी। बता दें मस्क की कंपनी टेस्ला इलेक्ट्रिक और ड्राइवरलेस कार निर्माण के लिए फेमस है। सूत्रों ने बताया था कि मस्क भारत में 20-30 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा कर सकते हैं।

एक इंटरव्यू में पीएम ने कहा था कि वह एलन मस्क से पहले दो बार मिले हैं। पहली बार साल 2015 में एक फैक्ट्री के दौरे के वक्त और दूसरी बार पिछले साल अमेरिका की यात्रा के समय मुलाकात हुई थी। साल 2015 में फैक्ट्री के दौरे को याद करते हुए उन्होंने कहा कि टेस्ला के सीईओ ने उनसे मिलने की अपनी पूर्व-निर्धारित मीटिंग रद्द कर दी थी।

साथियों बात अगर हम एलन मस्क की भारत आने की उत्सुकता की करें तो, अप्रैल में मस्क ने अपने भारत दौरे की पुष्टि की थी। उन्होंने एक्स को लिखा था, भारत में पीएम से मुलाकात के लिए उत्सुक हूं।पिछले साल जून में पीएम की अमेरिका यात्रा के दौरान, मस्क ने उनसे मुलाकात की और भारतीय बाजार में टेस्ला के प्रवेश के बारे में आशा व्यक्त करते हुए 2024 में भारत आने के अपने इरादे का उल्लेख किया।उनकी नियोजित यात्रा से यह उम्मीद जगी कि वह अपने उपग्रह संचार उद्यम, स्टारलिंक के साथ-साथ टेस्ला के लिए देश में उपस्थिति स्थापित करने की योजना का अनावरण कर सकते हैं। इसके अलावा, उम्मीदें अधिक थीं कि मस्क टेस्ला के लिए भारत में अपनी विनिर्माण इकाई स्थापित करने की योजना का खुलासा करेंगे, जिसमें संभावित रूप से अरबों डॉलर का निवेश शामिल होगा, और भारतीय बाजार में टेस्ला इलेक्ट्रिक कारों की शीघ्र शुरूआत के लिए रोडमैप पर चर्चा करेंगे।इसके अतिरिक्त, विनियामक अनुमोदन लंबित होने तक, उनके भारत में अपने सैटेलाइट इंटरनेट व्यवसाय, स्टारलिंक के लिए अवसर तलाशने की संभावना थी।मस्क ने अतीत में भारत में आयात शुल्क में कटौती का आह्वान किया था ताकि वह देश में टेस्ला कारों को बेचने में सक्षम हो सके।

साथियों बात अगर हम भारत सरकार द्वारा 15 मार्च 2024 को घोषित एक नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति की करें तो,केंद्र सरकार ने देश को इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण में मजबूत बनाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने देश को इलेक्ट्रिक वाहनों के मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में विकसित करने के लिए एक नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति को मंजूरी दे दी है।नई नीति के तहत अब देश में कंपनियां न्यूनतम 4,150 करोड़ रुपये के निवेश से इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण के लिए प्लांट लगा सकती हैं।इसके लिए उन्हें इलेक्ट्रिक वाहनों में कम से कम 25 प्रतिशत स्थानीय रूप से निर्मित कंपोनेंट्स का इस्तेमाल करना होगा,जो कंपनियां इन आवश्यकताओं को पूरा करेंगी, उन्हें 35,000 डॉलर और उससे अधिक कीमत वाली कारों पर 15 प्रतिशत के कम आयात शुल्क पर प्रति वर्ष 8,000 इलेक्ट्रिक वाहनों को आयात करने की अनुमति दी जाएगी। भारत आयातित कारों पर उनके मूल्य के आधार पर 70 प्रतिशत या 100 प्रतिशत का कर लगाता है।सरकार द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि इस कदम से नवीनतम तकनीक तक पहुंच प्रदान करने और ईवी इकोसिस्टम को बढ़ाने और मेक इन इंडिया पहल में समर्थन मिलने की उम्मीद है।इम्पोर्ट किए जा सकने वाले इलेक्ट्रिक वाहनों पर शुल्क छूट वार्षिक पीएलआई प्रोत्साहन (6,484 करोड़ रुपये) या मैन्युफैक्चरिंग कंपनी द्वारा किए गए निवेश, जो भी कम हो, तक सीमित है। मंत्रालय के अनुसार यह नीति भारतीय उपभोक्ताओं को लेटेस्ट टेक्नोलॉजी तक पहुंच प्रदान करेगी, मेक इन इंडिया पहल को बढ़ावा देगी, ईवी निर्माताओं के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देकर ईवी इकोसिस्टम कोमजबूत करेगी।

जिसकी वजह से उच्च उत्पादन मात्रा, पैमाने की अर्थव्यवस्थाएं, उत्पादन लागत में कमी, कच्चे तेल के आयात में कमी, व्यापार घाटे में कमी, खासकर शहरों में वायु प्रदूषण में कमी होगी और स्वास्थ्य और पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।वाणिज्य और उद्योग मंत्री द्वारा नई नीति बनाने को लेकर कुछ दिनों पहले ही घोषणा कर दी थी।

# साहित्य, भाषा आत्मिक गौरव की अभिभाषक

साहित्य अध्ययन, उन्नयन मनुष्य के जीवन में उत्कृष्टता का आधार होता है।साहित्य सदैव मनुष्य के जीवन में संवेदना, संवेदनशीलता एवं मानवता लाने का उत्कृष्ट कार्य करता है। हमारा साहित्य, भाषा, हमें आत्मिक गौरव का सदैव अभिभाष कराती है। इसीलिए जीवन में साहित्यिक पुस्तकों का विशेष महत्व है। सतसाहित्य और भाषा से जीवन गरिमा और गहरी संवेदना लिए हुए होता है। वस्तुत अच्छा साहित्य का वाचक, एक प्रशासक, एक अच्छा अभिनेता और एक अच्छा राजनेता बन सकता है। पर दूसरी तरफ एक अच्छा राजनेता, अच्छा प्रशासक, अच्छा अभिनेता बिना भाषा ज्ञान और साहित्यिक मनन के अच्छा साहित्यकार या उत्कृष्ट मानव नहीं हो सकता है। इसके लिए मनुष्य के जीवन में साहित्य के अध्ययन, मनन और चिंतन की आवश्यकता होती है। क्योंकि साहित्य में मानवीय समाज के सुख-दुख, आशा निराशा,उत्थान और पतन का स्पष्ट परिवेश स्वमेव उपस्थित रहता है।

साहित्य की इन्हीं सब खूबियों के कारण उसे समाज का प्रतिबिंब कहा जाता है। साहित्य सर्वमान रूप से एक स्वायत्त आत्मा ही है, और साहित्य का रचयिता खुद स्वयं यह नहीं बता सकता कि साहित्य किसके जीवन में कब और क्या क्या परिवर्तन ला सकता है। मूलत:साहित्य सत्य के अन्वेषण की साधना और सौंदर्य की अभिव्यंजना भी है। विशुद्ध जीवन एवं उच्च सत साहित्य मानव और समाज की संवेदना और उसकी सहज व्यक्तियों को युगों तक आने वाली पीढ़ियों में संचारित करता रहता है।और यही वजह है कि शेक्सपियर, तुलसीदास की कृतियां आज भी लोगों के हृदय में राज करती है।

वैश्विक स्तर पर मनुष्य कितने ही जाति, राजनीति और भौगोलिक तौर पर अनेक गुटों में बट जाए, पर साहित्यिक धरातल एवं परिसीमा में सब एक हैं,सभी का बराबरी का दर्जा है। साहित्य मनुष्य को मानव और एक सहृदय व्यक्ति बनाना सिखाता है। दुनिया के सभी इंसान एक है,उनकी प्रवृतियां भी एक जैसी ही है। साहित्य सभी मानव में संवेदना भरकर करुणा, दया तथा परस्पर स्नेह के भाव पैदा करता है। साहित्य समय की धारा से अछूता नहीं रह सकता है। साहित्यकार उस समय काल की धारा में बैठकर उस समय की पीड़ा, संत्रास और उत्पीड़न को लेकर अपनी रचनाएं करता है, और समाज को एक परिष्कृत वातावरण बनाने के लिए प्रेरित करता है। जिस समाज में साहित्यिक परंपरा विशाल एवं समृद्ध है,वह समाज हमेशा से जीवंत और प्रगतिशील माना गया है। सत साहित्य सदैव मानवी सहज प्रवृत्तियों के साथ समय की धारा के साथ परिवर्तित एवं परिमार्जित होता रहा है। और यही कारण है कि एक अच्छा साहित्यकार एक अच्छा मनुष्य माना जाता है। और उसकी कृति युगों युगों तक जनमानस को प्रेरित, उत्प्रेरित तथा उत्साहित करती रहती है।

## पल प्रतिपल की कविता

शब्द भी सीधे सपाट बढ़ते जाते हैं
रुकते नहीं,
नदिया भी निर्झरिणी की तरह
बलखाती, लहराती, खिलखिलाती
बहती है,
रुकती नहीं निर्बाध,बहती जाती है
समंदर में समूचा विलीन होने तक,
इसी तरह कविता भी पल्लवित पुष्पित
होती जाती है, खंडकाव्य होने तक,
पल प्रति पल की कविता. या कविता
का प्रति पल
भी इसी तरह होते हैं
मेरे घर की सीढ़ीयाँ भी
ऊपर की जाती है
नीचे क्यों कर नहीं आती,
शब्द भी इसी तरह अंतरिक्ष में चले
जाते लौटकर नहीं आते
जाते हैं,
कविता,दोहा,चौपाई,और छंद
बनकर,
कविता का आज,
आज की कविता भी
इसी तरह की होती है,
ऊपर जाती है सीढ़ियां संदेश बनकर
फिर लौटकर कोई नहीं आती
कोई न कविता न सीढ़ियां,
बस चलती जाती है
बहती जाती है
मेरे विचारों की तरह।
संजीवनी बन कर।



संजीव ठाकुर
रायपुर

# रूद्रावतार हनुमान : जिनके बिना रामकाज भी अधूरा



सुरेश सिंह बैस 'शाश्वत'

रूद्र के ग्यारहवें अवतार पवन पुत्र हनुमान का जन्म पंचागानुसार चैत्र पूर्णिमा के दिन मंगलवार चित्र नक्षत्र व मेष लग्न के योग में हुआ था। ज्योतिषाचार्यों के गणना अनुसार हनुमान जी का जन्म अंठ्ठावन हजार एक सौ तेरह वर्ष पूर्व त्रेता युग में हुआ था। हनुमान जी ने वानर राज केसरी के यहां एवं माता अंजनी के गर्भ से जन्म लिया था। मित्रों अधिकांशत: लोगों को यह जानकारी नहीं होगी कि हनुमान जी के अलावा उनके पांच सगे भाई और भी थे। अर्थात माता अंजनी और वानरराज केसरी के छह पुत्र थे। सभी छह पुत्रों में हनुमान जी सबसे बड़े हैं। इन सभी भाईयों के नाम इस प्रकार हैं—मतिमान, श्रुतिमान, केतुमान, गतिमान और धृतिमान। वैसे महाभारत काल में हस्तिनापुर नरेश महाराज पाण्डु पुत्र भीम को भी हनुमान जी का ही भ्राता माना जाता है।

इस पृथ्वी पर हिंदू मतानुसार केवल आठ व्यक्तियों को ही अमर माना गया है। इनमें से एक हनुमान जी भी है। इनके अलावा अस्वस्थामा, परशुराम , महाराजविभीषण, राजा महाबलि, वेद व्यास ऋषि, कृपाचार्य , एवं मार्कंडेय ऋषि -,ये सभी इस धरा में कहीं ना कहीं विराजमान हैं। ऐसा माना जाता है कि जहां-जहां भी राम का नाम लिया जाता है रामायण, भागवत कथा कीर्तन कहे जाते हैं, वहां वहां हनुमानजी अन्यान्य रूपों में साक्षात विराजमान रहते हैं। हनुमान जी का आज भी गंधमादन पर्वत में निवास माना जाता है। इसी संदर्भ में एक बात कहनी थी पाठकों, प्राय: लोग हनुमान जन्मोत्सव को हनुमान जयंती भी कहते हैं जो कि अनुचित एवं गलत है। जयंती उनके लिए कहा जा सकता है जो इस लोक से इहलीला समाप्त कर परलोक में विराजते हैं ।हनुमान जी के जन्मदिवस को जयंती कह दिया जाता है। चूंकि हनुमान जी तो अमर हैं, वे यही इस पृथ्वी पर विराजमान हैं, इसलिए उनके जन्मदिवस को जन्मोत्सव ही कहा जाएगा और यही उचित है।

रामचरितमानस के रचयिता तुलसीदास जी के काल की घटना का वर्णन है कि, एक बार प्रसिद्ध तीर्थ स्थल चित्रकूट से उत्तर दिशा की ओर लगभग पैंतीस किलोमीटर की दूरी पर नांदी गांव के पास गोस्वामी तुलसीदास जी अपनी जन्मभूमि से रोजाना हनुमान जी की पूजा करने जाते थे। जबकि वह स्थान उनके निवास से करीब आठ किलोमीटर की दूरी पर पड़ता है। किंतु फिर भी तुलसीदास जी रोजाना वहां पैदल आकर अपनी आराधना संपूर्ण करते थे। एक रात्रि को हनुमान जी ने तुलसीदास को स्वप्न में दर्शन देकर कहा कि अपने निवास के पास मेरी स्थापना करके मेरी आराधना करो मैं तो मैं वहीं पर दर्शन दूंगा। वहां जाने की आवश्यकता नहीं है। तब तुलसीदास जी ने ठीक वैसा ही किया। उन्होंने स्वप्न के अनुसार गांव के बाहर एक स्थान को पवित्र करके मालवा गिरि चंदन को घिस करके उससे हनुमान जी की मूर्ति उत्कीर्ण की और उनकी आराधना करने लगे। तब हनुमान जी ने वहीं पर उन्हें दर्शन देकर तुलसीदास जी के मनोरथ को सफल किया था।

इस स्थान में एक और अद्भुत चमत्कार सुना जाता है। यहीं पर हनुमान जी की मूर्ति दक्षिणा मुख विराजमान है, वैसा कम ही देखने को मिलता है और इस मूर्ति का एक चरण पृथ्वी के अंदर तक प्रविष्ट है। एक बार मुगल बादशाह औरंगजेब ने हनुमान जी के चरण की थाह लेने की इच्छा से वहां खुदाई करवाई। किंतु काफी गहरा खोदने के बाद भी जब चरण का अंत नहीं मिला तो आखिरकार वह थक हार कर खुदाई बंद करवा के वापस चला गया। तभी से इस स्थान की मान्यता और महत्वता और अधिक बढ़ गई।

श्री राम जो साक्षात ईश्वरावतार हैं। उनका रावण के विरुद्ध महायुद्ध और लंका विजय में ऐसा माना जाता है की हनुमान के बिना असंभव और नामुमकिन होता। निश्चित ही भगवान श्री राम की लंका विजय में बहुत बड़ी भूमिका का निर्वहन हनुमान ने किया। वे इस युद्ध में श्री राम के साथ ना होते तो रावण के विरुद्ध युद्ध जीतना अत्यंत कठिन हो जाता। राम और रावण के बीच जब महायुद्ध चल रहा था तब हनुमान रावण की नगरी लंका गए थे, वहां के भेद जानने। भगवान राम ने उन्हें वहां अपना गुप्तचर और दूत बना कर भेजा था। तब हनुमान ने जब वहां के सारे भेद जान लिए। इसके पश्चात वह वहां से वापस लौटने का उपक्रम कर रहे थे तभी रावण के सैनिकों ने उन्हें पकड़ लिया ,और उन्हें रावण के सामने राज दरबार में प्रस्तुत किया। रावण ने हनुमान को सजा के तौर पर उनके पूंछ पर आग लगा देने का आदेश दे दिया। तब हनुमान ने अपनी जलती पूंछ से पूरी लंका को ही जला डाला था। लंका दहन के पश्चात अग्नि की ज्वाला से ज्वलित हनुमान जी ने श्रीराम से अग्नि की ज्वाला को शांत करने के लिए उनसे स्मरण करते हुए निवेदन किया-

हे राघव मेरे पूरे शरीर में जलन व्याप्त है ।हे राघव मेरी इस जलन और पीड़ा को शांत करिए। तब श्री राम ने उनकी पूछ के आग बुझाने और जलन की पीड़ा को शांत करने के लिए उपाय बताया और उन्हें पीड़ा से मुक्ति दिलाई। अब जबकि हनुमान जी की पूंछ की बात चल निकली है तो यह जान लें कि हनुमान जी के पूंछ पर माता पार्वती का वास माना जाता हैं। वह इसलिए कि, जो लंका में सोने का महल था जिसमें रावण निवास करता था, वह दरअसल माता पार्वती के द्वारा शिव शंकर सहित अपने निवास के लिए कुबेर से कहकर बनवाया गया था। इस भव्य महल को जब रावण ने देखा तो उसकी नियत डोल गई। रावण ने सोचा ऐसा भव्य महल तो तीनों लोकों में कहीं भी नहीं है। और उसने छल से भगवान शंकर के पास दरिद्र ब्राह्मण का रूप लेकर दान में इस महल को मांग लिया। इस बात की जब माता पार्वती को जानकारी हुई तो वह रावण पर बहुत कुपित हुई । उन्हें शांत करने के लिए भगवान शंकर ने उन्हें कहा कि-- हे पार्वती त्रेता युग में जब रावण के अत्याचारों से त्राहि-त्राहि कर रही मानव जाति की रक्षा के लिए श्री हरि विष्णु के अवतार श्री राम के कार्य को सफल करने अर्थात श्रीलंका विजय और रावण के नाश के लिए मैं उनके सहयोगी रूप में वानर अवतार लूंगा। तब तुम उस समय मेरी पूंछ में रहना और रावण को सजा के रूप में उसके इस महल को भस्म कर देना।

साथियों प्राय: (हनुमानजी) बजरंगबली की आपने जहां-जहां भी मूर्ति देखी होगी हर जगह सिंदूरी और भगवा रंग में ही देखी होगी। लेकिन सारे विश्व में उनकी लंका दहन के समय की आग से अत्यंत काली पड़ गई मूर्ति जो पूर्ण रूप से काली है, वह दो ही जगह आज देखी जाती है। पहला धनुष्कोटी यानी रामेश्वरम के क्षेत्र में हनुमान जी की काली मूर्ति विराजमान है। दूसरी छत्तीसगढ़ प्रदेश के शिवरीनारायण धाम में हनुमान की काली मूर्ति का दर्शन किया जा सकता है। साथ ही शिवरीनारायण धाम में अगर आप जाते हैं तो वहां भगवान राम और अनुचरों द्वारा निर्मित रामसेतु के रामनामी एक पत्थर का भी दर्शन कर सकते हैं। यह पत्थर पानी के ऊपर तैरता हुआ आज भी शिवरीनारायण में देखा जा सकता है।

राम सिया के काज संवारे
दानव दल चुन चुन कर मारे
कोई ना इनसे बलवान शक्तिमान
बोलो जय जय बालाजी हनुमान

नई दिल्ली
मंगलवार 23 अप्रैल 2024
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### मासूम की पानी की टंकी में डूबने से मौत

बस्ती । उत्तर प्रदेश में बस्ती जिले के हर्रैया क्षेत्र में एक सात माह के बच्चे की पानी की टंकी में डूबने से मौत हो गयी है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया है कि क्षेत्र के महावीर पुरवा अमारी बाजार में रविवार की देर रात्रि को पानी की टंकी मे डूबने से सात माह के मासूम अनंत उर्फ कृष्णा पुत्र रवि सोनी की डूबने से मौत हो गयी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जांच पड़ताल किया जा रहा है। स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि किन परिस्थितियों में सात माह का बच्चा छत पर पानी की टंकी मे कैसे पहुंच गया परिवार के लोगों से पूछताछ की जा रही है। आरोप है कि परिवार में किसी बात पर विवाद के बाद उसकी मां पिंकी ने बेटे को छत पर रखी पानी की टंकी में ले जाकर डुबा दिया है उस समय परिवार के अन्य सदस्य घर पर नही थे लेकिन पिंकी द्वारा भी बच्चे को मारने का आरोप परिवार के सदस्यों पर लगा जा रहा है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पिंकी का पति रवि सोनी डीजे बजाने का काम करते है रविवार की रात्रि को वो डीजे बजाने के लिए बुकिंग पर चले गये थे घर पर उनकी माता आशा देवी दुकान पर थी तथा बहन सुषमा सोनी पड़ोसी के घर गयी हुई थी उसी दौरान यह घटना घटी है।

### लखनऊ में रूट चार्ट से चलेंगे ई-रिक्शा

लखनऊ। लखनऊ में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए प्रदेश में पहली बार जोनवार ई-रिक्शा चलाने की व्यवस्था शुरू की जा रही। अप्रैल महीने के अंत तक राजधानी को 5 डीसीपी के क्षेत्र में बांटा जाएगा। 16 जोन में 25 हजार ई-रिक्शा का निर्धारित रूट पर संचालन शुरू होगा। यदि यह प्रयोग सफल रहा तो इसे प्रदेश के अन्य बड़े शहरों के साथ ही प्रयागराज में होने वाले कुंभ में भी लागू किया जाएगा। रोज लगने वाले जाम से बचने के लिए ई-रिक्शा के सत्यापन की व्यवस्था शुरू की गई। साथ ही महिला और सामान्य यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भी यह पहल शुरू की गई। पुलिस की तरफ से सत्यापन फॉर्म ई-रिक्शा चालकों से भरवाया गया है। इसमें करीब 25 हजार फॉर्म भरे गए। फॉर्म के सत्यापन करने के बाद 25 हजार ई- रिक्शा के पंजीकरण का कार्य किया जा रहा है। 25 हजार ई- रिक्शा का पंजीकरण करने के बाद पुलिस की तरफ से इन्हें निर्धारित रूट पर चलने की अनुमति दे दी जाएगी। बिना पंजीकरण के चलने वाले ई- रिक्शा के खिलाफ पुलिस की तरफ से कार्रवाई की जाएगी।

### झांसी में ऑटो ड्राइवर ने किया सुसाइड

झांसी। झांसी में एक ऑटो ड्राइवर ने सुसाइड कर लिया। सोमवार सुबह उनकी लाश फंदे पर लटकी मिली है। बेटा का कहना है कि पिता ने शादी के लिए कर्ज लिया था। चुका न पाने के कारण वह डिप्रेशन में चल रहे थे। इसी वजह से उन्होंने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फिलहाल पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरु कर दी है। मृतक का नाम सुदेश (60) पुत्र मुन्नालाल सेन था। वह प्रेमनगर के राजगढ़ के रहने वाले थे। मृतक के बेटे अमित सेन का कहना है कि पिता ने शादी के लिए 7 साल पहले कर्ज किया था। तभी से वह कर्ज चुका रहे थे, लेकिन अभी भी उनको 5 लाख रुपए देने थे। यह कर्ज बैंक और मिलने वाले लोगों से लिया था। कर्ज को लेकर वह काफी समय से डिप्रेशन में चल रहे थे। अमित ने बताया कि पिता की भतीजी की बेटी की इंदौर में शादी थी। पिता शादी में शामिल हुए और रविवार को घर लौट आए। इसके बाद वह कमरे में अकेले सो गए। आज सुबह वह कमरे से बाहर नहीं निकले। तब उनको आवाज दी और दरवाजा खटखटाया। पर कोई जबाव नहीं मिला।

### बलिया में गंगा नदी में डूबा युवक

बलिया। बलिया के हल्दी थाना अन्तर्गत चैन छपरा गंगा घाट पर सोमवार को मुण्डन संस्कार के दौरान गंगा नदी में ओझवलिया का एक युवक डूब गया। युवक के डूबने की खबर मिलते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सुशील दूबे ने हल्दी थाना एवं सम्बंधित अधिकारियों को सूचित किया। सूचना मिलते ही हल्दी पुलिस मौके पर पहुंचकर नदी में युवक की तालाश में जुट हुई है। सोमवार की सुबह बलिया के ओझवलिया निवासी गोलू पासवान (27) वर्ष पुत्र स्व. लल्लन पासवान के बड़े भाई अर्जुन पासवान के दो लड़के बलवीर और कान्हा का मुण्डन संस्कार चैन छपरा गंगा घाट पर हो रहा था। इसी दौरान स्नान के बाद गोलू पूजा करने हेतु गंगा जल लाने दोबारा नदी में गया। तभी उसका पैर फिसल गया। जिससे गहरे पानी में जाने से गोलू डूब गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची हल्दी पुलिस स्थानीय गोताखोरों की मदद से गोलू की तालाश की जा रही है। उधर युवक के डूबने की सूचना पर परिजन परेशान हो गए।

### गोंडा में 12 किसानों के खेत में लगी आग

गोंडा। गोंडा में लगातार तेज हवाओं के साथ आग का तांडव देखने को मिल रहा है। जिले में अलग-अलग स्थानों पर लगी आग से हजारों बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो चुकी है। जिससे किसानों की परेशानी बढ़ गई है। देहात कोतवाली क्षेत्र के पंडित पुरवा गांव में सोमवार को लगी आग से 80 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। यह आग सुबह 10: 00 बजे के करीब उस समय लग गई जब खेत में लोग अपने गेहूं की कटाई कर रहे थे। कटाई करते समय जय प्रकाश के खेत में आग लग गई और देखते ही देखते आसपास के खेतों को भी अपने चपेट में ले लिया। जिससे 80 बीघा गेहूं जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड की टीम को सूचना दी, लेकिन 1 घंटे बाद फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची। फायर ब्रिगेड की टीम और ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने से जय प्रकाश, राम दत्त, सुनील, वैभव, सम्मयदीन, निबरे, शिव प्रकाश, उर्मिला देवी सहित एक दर्जन किसानों की गेहूं की फसल जली है। पीड़ित जय प्रकाश ने बताया कि हम लोग अपने खेतों में गेहूं काट रहे थे।

### हापुड़ में जंगल में पड़ा मिला युवक का शव

हापुड़। थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के गांव लोधीपुर के जंगल के एक खेत में एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला। मौके पर काफी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव लोधीपुर निवासी चरण ने कोटला निवासी एक व्यक्ति का खेत बटाई के लिए ले रखा था। बताया गया कि रविवार की रात को वह खेत में पानी देने के लिए गया था। उसके बाद वह वापस नहीं लौटा। सोमवार की सुबह को कुछ लोगों ने चरण का खेत में शव पड़ा देखा। मौके पर काफी संख्या में लोग इकट्ठे हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी। मौत की सूचना से पत्नी पिंकी व अन्य परिजन का रो-रोकर बुरा हाल हो गया था। मृतक के चार छोटे छोटे बच्चे हैं। सीओ वरुण मिश्र का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### डुप्लीकेट तार का जखीरा बरामद

मेरठ। मेरठ अधिकारियों के आदेश पर टीपीनगर पुलिस ने स्पीड सर्च एंड नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के अधिकारियों के साथ एक गोदाम पर छापा मारते हुए भारी संख्या में ब्रांडेड कंपनियों के नाम पर बना लाखों रुपए का डुप्लीकेट तार पकड़ लिया। टीम ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा कायम कर दिया है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। टीपीनगर थाना क्षेत्र स्थित ज्वालानगर का रहने वाला लक्की पुत्र विजय ब्रांडेड कंपनियों जैसे कि आर-आर, हेवल्स, पोलीकेब, वी-गार्ड आदि कंपनियों का डुप्लीकेट वायर बनाकर उसकी पैकिंग करने के बाद मार्केट में बेच रहा था। स्पीड सर्च एंड नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड चंडीगढ़ के ऑपरेशन मैनेजर सुमित आर्य को काफी समय से मेरठ में नामी-ग्रामी कंपनियों का डुप्लीकेट तार बनने की सूचना मिल रही थी। इसी के चलते सोमित आर्य अपनी टीम के साथ मेरठ पहुंचे और उन्होंने एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह को मामले की जानकारी देते हुए गोदाम पर छापेमारी करने के लिए फोर्स उपलब्ध करवाने की रिक्वेस्ट की मामला सज्ञान में आने के बाद एसपी सिटी ने सीओ ब्रह्मपुरी के साथ भारी संख्या में पुलिस बल को भेजने का आदेश जारी कर दिया।

# अयोध्या-काशी ने लक्ष्य पा लिया, अब ब्रज भूमि की बारी : योगी

**किरावली में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए योगी ने सपा-बसपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा**



आगरा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि अयोध्या-काशी ने अपना लक्ष्य पा लिया। अब ब्रज भूमि की ही बारी है। किरावली में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए श्री योगी ने सपा-बसपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। मुख्तार अंसारी का नाम लिए बिना उन्होंने कहा आज कांग्रेस, सपा, बसपा के लोग माफिया की कब्र पर जाकर फातिहा पढ़ रहे हैं। इनको कह दो कि वोट तो कमल के निशान पर जाएगा। आपको पांच साल की छुट्टी दे रहे हैं, पांच साल जाकर फातिहा पढ़ो। फतेहपुर सीकरी से भाजपा प्रत्याशी सांसद राजकुमार चाहर के समर्थन में वोट की अपील करते हुये उन्होंने कहा एक तरफ कांग्रेस, सपा, बसपा थी, रामजन्मभूमि के लिए हमसे प्रमाण पूछते थे। राम-कृष्ण हुए ही नहीं, यह भी कहते थे। जैसे इस सृष्टि के पहले कांग्रेस, सपा, बसपा ही हुए थे। मोदी जी के कारण इनका झूठ फेल हो गया और पांच सौ साल बाद रामलला प्रकट हो गए।

उन्होंने कहा, आगरा में आपका एयरपोर्ट बन रहा है। आगरा गंगा जल का सेवन कर रहा है और हर घर नल की योजना लागू हो रही है।

योगी ने कहा, वर्ष 1947 में बड़े दंभ के साथ पाकिस्तान भारत से अलग हुआ था। पाकिस्तान की कुल आबादी 25 से 30 करोड़ है, जबकि भारत की आबादी 140 करोड़। भारत में पिछले चार साल से 80 करोड़ लोग फ्री राशन का लाभ ले रहे हैं जबकि पाकिस्तान में लोग रोटी के लिए मोहताज हैं। जितनी पाकिस्तान की आबादी है, उतनी आबादी को भारत में गरीबी रेखा से ऊपर उठा दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस, बसपा, सपा लोगों को तरसाते थे। बैंक खाते नहीं खुलवाते थे। गैस सिलेंडर नहीं थे। दस करोड़ को गैस कनेक्शन मिला, चार करोड़ को घर मिला। कुछ बच गए हैं, तीसरे कार्यकाल में हर व्यक्ति को सुविधा मिलेगी। भाजपा के शासन में चेहरा देखकर योजना का लाभ नहीं मिलता।

मुख्यमंत्री की जनसभा के दौरान देश के पूर्व वायुसेना अध्यक्ष आरकेएस भदौरिया भी मौजूद रहे।

## श्रावस्ती में 24 किसानों के खेत में लगी आग

श्रावस्ती। श्रावस्ती में सोमवार को अलग-अलग थाना क्षेत्र में आग लगने की घटना हुए है। जिसमें 95 बीघे से अधिक गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों के साथ पुलिसकर्मियों ने दमकल की मदद से आग बुझाने में मदद की। जिससे आसपास के खेतों की गेहूं की फसल बचाई गई। पहला मामला सिरसिया का है। जहां पर अज्ञात कारणों से गेहूं की खड़ी फसल में आग की लपटे दिखाई दी। जब तक लोग पहुंच कर आग को बुझाते-बुझाते तब तक हवा तेज चलने की वजह से आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।सूचना के बाद मौके पर पहुंची दमकल टीम ने ग्रामीणों की मदद से कड़ी मेहनत कर आग पर काबू पा लिया। इस दौरान लाजवंती, मंगल, सुघरा, ज्वाला और तेजा समेत पांच किसानों की करीब 15 बीघे से ज्यादा गेहूं की खड़ी फसल खेतों में जलकर राख हो गई। हल्का लेखपाल ने आग जनी में हुई फसलों के नुकसान की क्षति का आकलन किया। दूसरी घटना गिलौला थाना क्षेत्र के रामपुर पैड़ा गांव की है। जहां पर अज्ञात कारणों से एक खेत में आग लग गई।

## रामलला का दर्शन कर निहाल हुए 30 देशों के रामभक्त

एजेंसी

**अयोध्या।** अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान श्रीरामलला का दर्शन करने सोमवार को 30 देशों से 90 विदेशी श्रद्धालु पहुंचे।

श्रद्धालुओं का नेतृत्व वैश्विक भारत के ब्रांड अंबेस्डर व दिल्ली स्टडी ग्रुप के अध्यक्ष व पूर्व विधायक डॉ. विजय जौली ने किया। सभी श्रद्धालुओं का स्वागत रामनामी अंगवस्त्र देकर व माथे पर चंदन का तिलक लगाकर किया गया। इससे पहले बीती शाम सभी श्रद्धालु सरयू घाट पर आरती में भी शामिल हुए। इस टोली ने हनुमान गढ़ी मंदिर पहुंचकर राम भक्त बजरंगबली का आशीर्वाद भी लिया। वहीं सोमवार को सभी ने श्रीराम मंदिर में बैठकर सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। इस दौरान प्रवासी भारतीयों की 400 श्रद्धालुओं की टोली ने भी रामलला के दर्शन किये। अयोध्या पहुंचने वालों में प्रमुख रूप से भूटान के राजदूत मेजर जनरल वेत्सोप नामग्याल, काउंसलर दोरजिक किंजांग, चीन गणराज्य (ताइवान) प्रतिनिधि कुमारी त्साई जेन चुन, भारत में रोमानिया महावाणिज्य दूत विजय मेहता व टुवालू महावाणिज्य दूत डॉ. दीपक जैन और निर्वासित तिब्बत संसद के स्पीकर खेंपो सोनम तेनफेल उपस्थित रहे। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अतिथियों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए चाक-चौबंद इंतजाम किए गए थे।

दर्शन करने वाले प्रवासी भारतीयों में ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई, भूटान, कनाडा, कोलंबिया, कंबोडिया, जॉर्जिया, गुयाना, केन्या, कजाकिस्तान, मलेशिया, मोजाम्बिक, मकाऊ, नाइजीरिया, नेपाल, नॉर्वे, रोमानिया, रवांडा, स्पेन, सिंगापुर, सिंट मार्टेन, चीन गणराज्य (ताइवान), ताजिकिस्तान, त्रिनिदाद एण्ड टोबैगो, तुवालु, तिब्बत, युगांडा, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त अरब अमीरात, उज्बेकिस्तान, संयुक्त राज्य अमेरिका इत्यादि देशों के प्रतिनिधि शामिल रहे। सभी के भोजन की व्यवस्था दिल्ली के समाजसेवी गोपाल गर्ग ने की। गौरतलब है कि बीते वर्ष 23 अप्रैल 2023 को डॉ. जौली की पहल पर 156 देशों व सात महाद्वीपों के नदियों व समुद्रों के जल से राम मंदिर में अभिषेक किया गया था।

**बलरामपुर में बिना मान्यता के चल रहा स्कूल**

## डीआईओएस ने निरीक्षण के बाद बंद कराया

बलरामपुर। बलरामपुर में बिना मान्यता के चल रहे स्कूल पर शिक्षा विभाग ने एक्शन लेते हुए विद्यालय बंद करने का निर्देश दिया है। मामला सदर तहसील के भगवती गंज का है। जहां कक्षा 1 से कक्षा 9 तक एम्स कान्वेंट चालित हो रहा था।

जिला मुख्यालय के भगवती गंज बाजार में एम्स कान्वेंट स्कूल कक्षा 1 से लेकर कक्षा 9 तक बिना मान्यता के संचालित किया जा रहा था। विद्यालय अवैध तरीके से संचालित कर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा था। जिला विद्यालय निरीक्षक ने निरीक्षण कर प्रधानाचार्य और प्रबंधन के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करा जाएगा। साथ ही विद्यालय बंद करने का निर्देश दिया है।

डीआईओएस गोविंद राम ने कहा कि निरीक्षण के दौरान एम्स कान्वेंट स्कूल में कक्षा 1 से कक्षा 9 तक संचालित पाया गया है। मान्यता संबंधित पत्रावली प्रधानाचार्य से मांगी गई। जिसे उपलब्ध नहीं कराया गया। जांच में मामला सामने आया कि कक्षा 9 के छात्रों का नामांकन पब्लिक सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज अगरहवा में कराया गया था। मामले को संज्ञान लेते हुए विद्यालय को तत्काल प्रभाव से बंद करने का निर्देश दिया गया है।

## चित्रकूट में इंटर की छात्रा ने किया सुसाइड

चित्रकूट। चित्रकूट में इंटर की छात्रा ने फांसी लगाकर जान दे दी। घर वालों ने बताया कि उसका इंटर का रिजल्ट आया था, जिसमें कम नंबर आए थे, जिस कारण वह गुमसुम थी। आज घर में अकेले होने पर उसने सुसाइड कर लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। सरधुवा थाना क्षेत्र के अरछा गांव की प्रियंका वर्मा पुत्री रामस्वरूप ने फांसी लगाकर जान दे दी। आज घर के लोग खेत में फसल काटने गए थे तो सूने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पिता रामस्वरूप ने बताया कि बेटी ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सरधुवा के राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय से इंटर की परीक्षा दी थी, जिसमें वह पास हो गई थी। उसके नंबर काम आए थे इस बात को लेकर वह कल से टेंशन में थी।

## सहारनपुर में युवक को गोली मारी

**दो युवकों की लड़ाई में बीच बचाव कराने का कर रहा था प्रयास, आरोपी फरार**

सहारनपुर। सहारनपुर में जैन डिग्री कॉलेज के सामने दो युवकों की लड़ाई छुड़वाने गए युवक को गोली मार दी। गोली युवक के पेट से आरपार हो गई। जिसके बाद युवक जमीन पर गिर गया। गंभीर हालत में युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे हॉयर सेंटर रेफर कर दिया गया है। आरोपी युवक गोली मारकर फरार हो गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना रविवार देर रात की बताई जा रही है। मामला थाना सदर बाजार का है।

### चार दिन से दो युवकों में हो रही थी कहासुनी

थाना सदर बाजार के मोहल्ला पंजाबी बाग में रहने वाले अनुज का चार दिन



पहले लेबर कॉलोनी में रहने वाले निशु पंडित से विवाद हो गया था। अनुज के अनुसार, निशु पंडित उसे लगातार धमकी दे रहा था। रविवार की शाम को वह जेवी जैन डिग्री कॉलेज के मैदान पर बॉस्केट बॉल खेल रहा था। तभी आरोपी निशु पंडित का फोन आया और वह धमकी देने लगा। मिलने को कहा। अनुज ने उसे जैन कॉलेज के पास ही बुला लिया। अनुज ने थाना रामपुर मनिहारान के चांदनपुर के रहने वाले अपने दोस्त बंटी उर्फ विपिन को बुला लिया।

### अनुज और निशु पंडित में हो रहा था विवाद

आरोपी निशु पंडित जैन कॉलेज के पास पहुंच गया। अनुज के साथ विवाद होने लगा। आरोप है कि निशु पंडित ने एक हाथ में पिस्टल और दूसरे में तमंचा ले रखा था। जब विवाद ज्यादा बढ़ गया तो बंटी उर्फ विपिन कुमार दोनों का बीच बचाव कराने लगा। तभी आरोपी निशु पंडित ने गोली चला दी। जो विपिन के की कोख में जाकर लगी और गोली आरपार हो गई। विपिन खून से लथपथ जमीन पर गिर गया। मौके से आरोपी फरार हो गया।

# चौबेपुर में दो वर्गों में संघर्ष के बाद तनाव

**पुलिस-पीएसी और अफसरों ने डाला डेरा, 31 पर एफआईआर, 16 घायल और 14 को भेजा गया जेल**


कानपुर। कानपुर चौबेपुर के रुद्रपुर बैल गांव में दो वर्गों में संघर्ष के बाद तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। गांव के माहौल को देखते हुए पीएसी, पुलिस फोर्स और पुलिस व प्रशासनिक कैंप कर रहे हैं। रैली के दौरान उत्तेजक नारेबाजी को लेकर दोनों वर्गों में संघर्ष हुआ था।

बवाल इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों से 16 लोग घायल हुए। इसके बाद चौबेपुर थाने में दोनों पक्षों से 31 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई और 14 बवालियों को जेल भेजा गया।

### पुलिस और पीएसी का गांव में पहरा, ड्रोन से निगरानी

डीसीपी वेस्ट विजय ढुल ने बताया कि चौबेपुर के रुद्रपुर बैल गांव में तनाव के माहौल को देखते हुए पीएसी, पुलिस फोर्स और एडीसीपी व एसीपी कैंप कर रहे हैं। इलाके में निगरानी के लिए ड्रोन का भी इस्तेमाल किया जा रहा है।

इसके साथ ही महिला और पुरुष पुलिस अफसरों को गांव में भेजकर युवाओं को मोटीवेट किया जा रहा है। एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार और कई महिला दरोगा व इंस्पेक्टर को गांव भेजा गया है। इससे कि दोबारा गांव में तनाव की स्थिति पैदा नहीं हो।



वहीं, दूसरी तरफ घायलों का बेहतर इलाज हैलट में चल रहा है। दोनों पक्षों से 14 बवालियों को अरेस्ट करके जेल भेज दिया गया है। अन्य की पहचान के लिए मौके के वायरल फोटो-वीडियो से शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। डीसीपी वेस्ट ने बताया कि माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले एक-एक पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### गांव में कैसे बिगड़ा माहौल

चौबेपुर थाना क्षेत्र के रुद्रपुर बैल गांव में रहने वाला सचिन कुरील गांव के कुछ लोगों के साथ शिवराजपुर एक राजनैतिक पार्टी की रैली में गए थे। वहां से गांव लौटने के दौरान भी सचिन और उनके साथियों ने अंबेडकर प्रतिमा का माल्यार्पण किया और एक जाति विशेष पर अमर्यादित नारेबाजी शुरू कर दी।

इससे दूसरे वर्ग के लोग भी आक्रोशित हो उठे और विरोध किया। इसके बाद बात इतना बढ़ गई कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गाली-गलौज करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। इसके बाद दोनों पक्षों में लाठी-डंडे से मारपीट शुरू हो गई।

जमकर पथराव हुआ। दोनों वर्गों के संघर्ष में 16 लोग घायल हो गए। जिसमें पांच लोगों को गंभीर चोट आई और एक की हालत नाजुक हैं। जिसे हैलट में एडमिट कराया गया है।

### क्रॉस एफआईआर और 14 लोग भेजे गए जेल

बवाल के बाद गांव के सचिन कुरील की तहरीर पर दूसरे पक्ष के राकेश, अशोक दुबे, लाल सिंह, रंजन शुक्ला, शिवा अवस्थी, लाल जी, बउआ गुप्ता, जय सिंह, अमित शुक्ला, सुमित शुक्ला, नीरज, रौनक सविता, अगम, संजय सेंगर और निहाल सेंगर समेत 15 लोगों के नामजद और कई अज्ञात के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट, बलवा, मारपीट, जानलेवा हमला समेत अन्य गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है।

वहीं दूसरे पक्ष से अशोक दुबे की तहरीर पर सचिन कुरील, विकास, अतुल, श्याम बाबू, ऋषि, विमल, अनुज, आकाश, होरीलाल, कल्लू, अंकित, रामपाल, प्रमोद, अरुण और अभिषेक समेत अन्य अज्ञात के खिलाफ बलवा, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने समेत अन्य गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है।

### ये लोग भेजे गए जेल

सचिन कुरील, आशीष, अभिषेक, शोभित, अंकित, ऋषि, अतुल, अशोक दुबे, संजय, शिवा अवस्थी, नारायण सिंह, शिवम दुबे, रौनक और नीरज को अरेस्ट करके जेल भेजा गया है। अन्य आरोपियों की शिनाख्त की जा रही है। इसके साथ ही जिनकी शिनाख्त हो गई उनकी अरेस्टिंग के लिए पुलिस ताबड़तोड़ दबिश दे रही है।

## औरैया में सिर पर वारकर युवक की हत्या

**सड़क किनारे मिला था शव, हत्या करके हादसा दिखाने की कोशिश, पीएम रिपोर्ट से खुलासा**


एजेंसी

औरैया। औरैया के अयाना में संदिग्ध हालात में सड़क किनारे शव पड़ा मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर पर चोट आने से मौत होने की पुष्टि हुई है। मामले में पत्नी ने रुपए के लेनदेन को लेकर एक नामजद समेत तीन लोगों पर हत्या कर शव फेंकने की रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

रविवार देर शाम को पोस्टमार्टम के बाद राजमिस्त्री मनोज दोहरे निवासी अयाना का शव गांव पहुंचने पर कोहराम मच गया। पत्नी प्रीति, पिता करन सिंह, मां राजेश्वरी का रो-रो कर बुरा हाल है।

गांव में तनाव का माहौल देखते हुए घटनास्थल पर पुलिस तैनात रही। सोमवार दोपहर को पुलिस की मौजूदगी में परिजनों ने गांव में ही शव का अंतिम संस्कार किया।

बता दें कि रविवार सुबह भासौन मार्ग पर गेहूं की फसल की कटाई करने गई महिलाओं ने बाइक समेत शव को सड़क किनारे खड्ड में पड़ा देखा था।




पत्नी प्रीति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सिताब का अड्डा निवासी शिवपूजन के साथ पति का लेनदेन था। शनिवार शाम सात बजे शिवपूजन और उसके दो अज्ञात साथी पति को घर से ले गए थे।

### रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

देर रात तक वापस न लौटने पर परिजनों ने उसके घर जानकारी की तो उसने पति के वहां न होने की जानकारी दी। सुबह पति का शव सड़क किनारे पड़ा मिला।

आरोप लगाया कि शिवपूजन व उसके साथियों ने पति की हत्या को हादसा दिखाने की कोशिस की है। थाना प्रभारी जयप्रकाश पाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच की जा रही है।


## अवैध शस्त्र फैक्ट्री का खुलासा , 2 गिरफ्तार

मैनपुरी। मैनपुरी पुलिस ने सोमवार को अवैध शस्त्र फैक्ट्री का खुलासा किया है। साथ ही फैक्ट्री संचालित करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 22 तमंचे, कारतूस और हथियार बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस ने आर्म एक्ट में मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया। जहां से उनको जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया किशनी थाना क्षेत्र की पुलिस चेकिंग अभियान चला रही थीय़ इस दौरान उनके मुखबिर ने सूचना दी कि कुसमरा क्षेत्र के गांव दाउदपुर में कुख्यात हिस्ट्रीसीटर पूरन सिंह अपने साथियों के साथ मिलकर अवैध शस्त्र फैक्ट्री का संचालन करता है और अवैध असलहो का निर्माण कर रहा है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर विश्वास करके घेराबंदी करते हुए दबिश दी तो गांव दाउदपुर के पास ट्यूबवेल की आड़ में पेड़ों के नीचे अवैध शस्त्र फैक्ट्री का संचालन हो रहा था। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जिसने एक ने अपना नाम पूरन उर्फ राजेश कुमार और अजय कुमार बताया।

## पुलिस ने चार आरोपियों को किया गिरफ्तार, तीन बालिग

**तीन बालिग और एक बाल अपचारी शामिल, च्यूंगम शर्ट पर चिपकने को लेकर हुआ था विवाद**

आजमगढ़। आजमगढ़ में जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के नत्थूपुर गाँव में मामूली विवाद में हमलावरों ने दुकानदार समेत 3 लोगों पर लाठी, डंडा, चाकू से हमला कर दिया था। जिसमें एक व्यक्ति की मौत तथा दो गंभीर घायलों को अस्पताल इलाज के लिए भेजा गया। इस घटना का वीडियो भी सामने आया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर 4 लोगों के विरुद्ध मुकदमा



दर्ज कर कुछ घंटो में आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आजमगढ़ जिले के जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के नत्थूपुर गाँव में मामूली सी बात को लेकर घटना कारित हुई। 19 अप्रैल को मृतक अब्दुल के भाई कयामुद्दीन की जनरल स्टोर की दुकान पर च्विंगम खाकर किसी ने फेंका था जो गेट पर चिपक गया था।

जहां अहमद के शर्ट में लग गया जिसको लेकर पहले तो कहा-सुनी हुई और किसी तरह मामला शांत हुआ। लेकिन कल बीती देर शाम को उसी बात को लेकर अहमद समेत चार लोग पहुंचे और मारपीट करते हुए लाठी, डंडा व पंच तथा चाकुओं से हमला कर दिया गया। जहां एक पक्ष के 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये, जिसमें एक व्यक्ति अब्दुल कलाम को डॉक्टर ने मृत्यु घोषित कर दिया। वहीं दो घायलों का हायर सेंटर रेफर किया गया है।

# शार्ट न्यूज

## हेल्थ इन्शुरन्स से आयु सीमा हटाना सकारात्मक कदम : सिद्धार्थ सिंघल

सिद्धार्थ सिंघल, बिजनेस हेड – हेल्थ इंश्योरेंस, पॉलिसीबाजार.कॉम इसे एक सकारात्मक कदम मानते हैं जो स्वास्थ्य बीमा और स्वास्थ्य सेवा तक आसान पहुंच प्रदान करेगा। उन्होंने कहा, स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों पर आयु सीमा हटाने के साथ, अधिक से अधिक वरिष्ठ नागरिक अब व्यापक स्वास्थ्य कवरेज तक आसानी से पहुंच सकते हैं, जो स्वास्थ्य देखभाल में समावेशिता की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति है। पहले, कई मौजूदा उत्पादों में प्रवेश आयु के रूप में 65 वर्ष की सीमा लगाई गई थी, जिससे पहली बार खरीददारों के रूप में वृद्ध व्यक्तियों की स्वास्थ्य बीमा का लाभ उठाने की क्षमता सीमित हो गई थी। IRDAI का यह सकारात्मक कदम बुजुर्ग व्यक्तियों के लिए बीमा के माध्यम से अपने स्वास्थ्य और वित्तीय कल्याण की सुरक्षा के द्वार खोलता है। मानक नियम और शर्तें जैसे प्रतीक्षा अवधि आदि किसी भी नियमित ग्राहक के समान ही होंगी। हालाँकि, पॉलिसीधारकों के लिए पॉलिसी विवरणों की सावधानीपूर्वक समीक्षा करना महत्वपूर्ण है, जिसमें कमरे के किराए की कैपिंग, सह–भुगतान आवश्यकताओं और मोतियाबिंद, घुटने के प्रतिस्थापन आदि जैसे विशिष्ट उपचारों पर उप–सीमाएं शामिल हैं।

## गजानन एस काले टाटा पावर–डीडीएल के सीईओ नियुक्त

नयी दिल्ली। उत्तरी दिल्ली में 70 लाख की आबादी को बिजली सप्लाई करने वाली पावर यूटिलिटी कंपनी टाटा पावर–डीडीएल ने आज श्री गजानन एस काले को अपना नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त करने की घोषणा की। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि उनकी नियुक्ति 19 अप्रैल, 2024 से प्रभावी हो गई है। श्री काले की नियुक्ति के बारे में टाटा पावर के सीईओ एवं प्रबंध निदेशक (एमडी) डॉ प्रवीर सिन्हा ने कहा, मैं श्री गजानन का टाटा पावर–डीडीएल के नए सीईओ के तौर पर स्वागत करता हूं। बिजली वितरण के क्षेत्र में लंबा अनुभव रखने वाले श्री काले निश्चित ही टाटा पावर–डीडीएल को कामयाबी की नई बुलंदियों पर ले जाएंगे। टाटा पावर–डीडीएल से पहले श्री काले 2021 से 2024 के दौरान, टीपी वेस्टर्न ओडिशा डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड (टीपीडब्ल्यूओडीएल) में सीईओ रह चुके हैं। उन्होंने 2018 से 2020 तक टाटा पावर अजमेर डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड (टीपीएडीएल) में सीईओ के पद पर काम किया। श्री काले 2003 से ही टाटा पावर ग्रुप के साथ हैं। टाटा पावर–डीडीएल में उनकी नई नियुक्ति कंपनी में उनकी दूसरी पारी की शुरुआत है। इससे पहले, वह कंपनी में ऑपरेशंस एवं कमर्शियल वर्टिकल्स से जुड़े थे जहां उन्होंने ऑपरेशंस ट्रांसफॉर्मेशन, नेटवर्क रीवेम्पिंग, बिजनेस प्रोसेस रीइंजीनियरिंग ऑफ रेवेन्यू मैनेजमेंट, तथा रिसोर्स प्लानिंग एवं मैनेजमेंट में कई प्रमुख प्रोजेक्ट्स का नेतृत्व किया।

## जियो प्लेटफार्म्स का मार्च तिमाही का शुद्ध लाभ 12.53 फीसदी बढ़ा

नयी दिल्ली। मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाले रिलायंस समूह की टेलीकॉम इकाई जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड (जेपीएल) का वर्ष 2023–24 की मार्च में समाप्त चौथी तिमाही का शुद्ध लाभ वार्षिक आधार पर 12.53 प्रतिशत बढ़ कर 5307 करोड़ रुपये रहा। इससे पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 4716 करोड़ रुपये था। कंपनी के सोमवार को जारी तिमाही परिणामों के अनुसार के तिमाही–दर–तिमाही आधार पर शुद्ध लाभ में 3.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है। दिसंबर,2023 में समाप्त तीसरी तिमाही में कंपनी को 5143 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। कंपनी की चौथी तिमाही में सेवाओं से आय 30,541 करोड़ रुपये रही, जो वार्षिक आधार पर 10.90 प्रतिशत और तिमाही दर तिमाही आधार पर 2.3 प्रतिशत ऊंची है। जियो प्लेटफॉर्म्स ने पिछले वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में सेवाओं के कारोबार से 29,853 करोड़ रुपये और एक वर्ष पहले इसी तिमाही में इस मद में 27539 करोड़ रुपये की आय दिखायी थी। कंपनी का कर्ज चुकाने का खर्च तिमाही दर तिमाही हल्का घट कर मार्च तिमाही में 1004 करोड़ रुपये रहा। दिसंबर तिमाही में कर्ज की लागत 1016 करोड़ रुपये और मार्च 2023 की तिमाही में 1006 करोड़ रुपये थी। मार्च 2024 की तिमाही में जियो का परिचालन मार्जिन 26.3 प्रतिशत के स्तर पर करीब करीब स्थिर बना रहा।

## नेचुरल डायमंड काउंसिल की सीएसआर पहल

नयी दिल्ली। बेहतर भविष्य के लिए नेचुरल डायमंड काउंसिल पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रतिबद्ध है। इसके लिए उद्योग ऐसे कदम उठा रहा है, जिनसे सीधा एवं सकारात्मक प्रभाव पड़े। प्रकृति द्वारा अरबों साल में बनाए गए प्राकृतिक हीरे दुर्लभता, अनूठेपन एवं पृथ्वी के प्रति जिम्मेदारी को लेकर प्रतिबद्धता की अनूठी कहानी कहते हैं। इस अर्थ डे पर हीरा निर्माताओं और नेचुरल डायमंड काउंसिल (एनडीसी) के इंडस्ट्री पार्टनर्स रोजी ब्लू, शिवम ज्वेल्स, ज्वेलेक्स, डाएंको और डायरफ ने अपने प्रयासों से प्रकृति पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों को सामने रखा। उनकी पहल सामुदायिक विकास, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान पहुंच के साथ–साथ पशु कल्याण, अर्थव्यवस्था में योगदान और समाज से भी व्यापक रूप से जुड़ी हैं। वर्ल्ड अर्थ डे के मौके पर हम इन अग्रणी कंपनियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किए गए प्रयासों का उत्सव मना रहे हैं। रोजी ब्लू ने 'रोजी ब्लू गोइंग ग्रीन' के नाम से बेहतरीन रणनीति तैयार की है, जिसमें ऊर्जा के प्रबंधन पर और कार्बन फुटप्रिंट कम करने पर फोकस किया जाता है। कंपनी 2030 तक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस पर रोकने के लिए ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन कम करने की दिशा में काम कर रही है।

## 23–24 में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 17.70 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली । वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह (अनंतिम) केन्द्रीय बजट में किए गए अनुमान से 1.35 लाख करोड़ रुपये यानी 7.40 प्रतिशत अधिक रहा है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आज यहां जारी बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2023–24 में शुद्ध कर संग्रह 19.58 लाख करोड़ रुपये का रहा, जोकि पिछले वित्त वर्ष 2022–23 के 16.64 लाख करोड़ रुपये के शुद्ध संग्रह की तुलना में 17.70 प्रतिशत अधिक है। मार्च में समाप्त वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष कर राजस्व का बजटीय अनुमान (बीई) 18.23 लाख करोड़ रुपये निर्धारित किया गया था, जिसे संशोधित किया गया और संशोधित अनुमान (आरई) 19.45 लाख करोड़ रुपये निर्धारित किया गया। अनंतिम प्रत्यक्ष कर संग्रह (रिफंड का शुद्ध) बजटीय अनुमान से 7.40 प्रतिशत और संशोधित अनुमान से 0.67 प्रतिशत अधिक हो गया है। वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान प्रत्यक्ष करों का सकल संग्रह (अनंतिम) (रिफंड के समायोजन से पहले) 23.37 लाख करोड़ रुपये का रहा, जोकि वित्तीय वर्ष 2022–23 में 19.72 लाख करोड़ रुपये के सकल संग्रह की तुलना में 18.48 प्रतिशत अधिक है।

## वर्मा ने की गेहूं खरीद की समीक्षा

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्य सचिव अनुराग वर्मा ने रविवार सभी उपायुक्तों के साथ आपात बैठक कर राज्य में जारी गेहूं खरीद और बेमौसम मौसम के कारण क्षतिग्रस्त हुई फसल के इंतजामों की समीक्षा की। वर्मा ने उपायुक्तों को निर्देश दिए कि किसानों द्वारा मंडी में लाई गई फसल की खरीद तत्काल सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही खरीदी गई फसल का भुगतान 48 घंटे के अंदर किसान के खाते में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बेमौसम बारिश के कारण किसानों को हुए नुकसान पर तुरंत सरकार को एक रिपोर्ट भेजने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस सीजन में मंडियों में कुल 132 लाख टन गेहूं आने की उम्मीद है। इसमें से अब तक 17.14 लाख टन गेहूं मंडियों में आ चुका है। उन्होंने उपायुक्तों को उपार्जित फसल के उठान पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार ने एफसीआई के खिलाफ कार्रवाई करने का फैसला किया है। उनके साथ लगातार समन्वय में प्रतिदिन स्पेशल ट्रेनें लगाई जा रही हैं। वर्मा ने बताया कि 20 अप्रैल तक विशेष ट्रेनों के माध्यम से 61 हजार टन गेहूं भेजा जा चुका है और आज 21 अप्रैल को नौ विशेष ट्रेनों के माध्यम से 24 हजार टन गेहूं भेजा जा रहा है, जिससे कुल 85 हजार टन गेहूं भेजा जाएगा। 22 अप्रैल को 26 स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी।

# रिलायंस का तिमाही सकल मुनाफा मामूली बढ़कर 21243 करोड़ हुआ

मुंबई। पेट्रोलियम, टेलीकॉम, डिजिटल, रिटेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली देश की सबसे बड़ी निजी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2023–24 की अंतिम तिमाही में 21243 करोड़ रुपये का सकल शुद्ध लाभ अर्जित किया है जो मार्च 2023 को समाप्त तिमाही के 21227 करोड़ रुपये के सकल शुद्ध लाभ की तुलना में मामूली 0.1 प्रतिशत अधिक है।

कंपनी ने आज निदेशक मंडल की बैठक के बाद वित्तीय आंकड़े जारी करते हुये कहा कि मार्च 2024 में समाप्त तिमाही में उसका राजस्व 248160 करोड़ रुपये रहा है जो वित्त वर्ष 2022–23 की अंतिम तिमाही में यह 238957 करोड़ रुपये रहा था और इसमें 10.8 प्रतिशत की बढोतरी हुयी है।

कंपनी ने वित्त वर्ष 2023–24 में पहली बार 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया है। कंपनी का कुल सकल राजस्व 1000122 करोड़ रुपये रहा है जो मार्च 2023 को समाप्त वित्त वर्ष के 974864 करोड़ रुपये की तुलना में 2.6 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह से मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में कंपनी का सकल शुद्ध लाभ 79020 करोड़ रुपये रहा है जबकि मार्च 2023 को समाप्त वित्त वर्ष में यह राशि 73670 करोड़ रुपये रही थी।

कंपनी के निदेशक मंडल ने प्रति शेयर 10 रुपये का लाभांश देने का प्रस्ताव किया है।




कंपनी ने कहा कि वित्त वर्ष 2023–24 सभी प्रमुख ऑपरेटिंग सेगमेंट के सकारात्मक योगदान से रिलायंस का वार्षिक सकल कर पूर्व लाभ बढ़कर एक लाख करोड रुपये हो गया। जियो प्लेटफॉर्म्स का सालाना शद्ध लाभ 20,000 करोड़ को पार कर गया है जबकि रिलायंस रिटेल का सालाना शुद्ध लाभ 10,000 करोड़ का आंकड़ा पार कर गया है। मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए पूंजीगत व्यय 131,769 करोड़ रुपये रहा। इस अवधि में कंपनी का शुद्ध ऋण थोड़ा कम होकर 116,281 करोड़ रुपये रहा जो 31 मार्च 2023 तक 125,766 करोड़ रुपये रहा था।

उसने कहा कि तेल से रसायन और कंज्यूमर व्यवसाय में बेहतरीन वृद्धि हुयी है। केजी डी 6 ब्लॉक से ज़्यादा उत्पादन होने के कारण ऑइल और गैस सेगमेंट के राजस्व में 42 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। मार्च 2024 तिमाही में जियो का शुद्ध लाभ 12 प्रतिशत बढ़कर 5,583 करोड़ रुपये हो गया। इस वित्त वर्ष में जियो ने अपने उपभोक्ताओं की संख्या में 4 करोड़ 24 लाख की बढ़ोतरी की जो सारी टेलिकॉम कंपनियों में सबसे ज़्यादा है। इस तिमाही में भी सभी अन्य कंपनियों के मुकाबल जियो ने सबसे ज़्यादा 1 करोड़ 9 लाख उपभोक्ता जोड़े। मार्च 2024 की तिमाही में जियो का कुल डेटा ट्रैफ़िक वार्षिक 35.2 प्रतिशत बढ़कर 40.9 अरब जीबी रहा। मार्च 2024 तिमाही तक जियो ट्रू5 जी नेटवर्क से 10 करोड़ 80 लाख से अधिक ग्राहक जुड़ चुके हैं।

उसने कहा कि मार्च 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष में रिलायंस रिटेल का सकल राजस्व 3,00,000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर गया। कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और फैशन एंड लाइफस्टाइल में वृद्धि के कारण मार्च 2024 तिमाही का राजस्व बढ़कर 76,627 करोड़ रुपये हो गया। रिटेल ने मार्च तिमाही के दौरान 562 नए स्टोर खोले। तिमाही के अंत में रिटेल के कुल स्टोरों की संख्या 18,836 हो गई।


# चौतरफा लिवाली की बदौलत शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गुलजार रहा

मुंबई। निवेशकों का फोकस इजराइल–ईरान तनाव से हटकर इस सप्ताह कंपनियों के जारी होने वाले परिणाम पर शिफ्ट होने से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गुलजार रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 560.29 अंक अर्थात 0.77 प्रतिशत की छलांग लगाकर 73,648.62 अंक पर पहुंच गया।

इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेज (एनएसई) का निफ्टी 189.40 अंक अर्थात 0.86 प्रतिशत उछलकर 22,336.40 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे बीएसई का मिडकैप 0.93 प्रतिशत मजबूत होकर 40,374.85 अंक और स्मॉलकैप 1.26 प्रतिशत चढ़कर 46,008.20 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4057 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2620 में लिवाली जबकि 1284 में बिकवाली हुई वहीं 153 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह




निफ्टी की 44 कंपनियों में तेजी जबकि पांच में गिरावट रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

बीएसई में यूटिलिटीज की 0.07 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर शेष 19 समूहों में तेजी का रुख रहा। इससे कमोडिटीज 0.73, सीडी 1.02, ऊर्जा 0.68, एफएमसीजी 0.97, वित्तीय सेवाएं 1.04, हेल्थकेयर 1.05, इंडस्ट्रियल्स 1.93, आईटी 0.59, दूरसंचार 1.17, ऑटो 0.93, बैंकिंग 0.93, कैपिटल गुड्स 1.65, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 2.53, धातु 0.25, तेल एवं गैस 0.94, पावर 0.36, रियल्टी 0.71, टेक 0.80 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.53 प्रतिशत चढ़ गए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बाजार का रुझान सकारात्मक रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 1.38, जर्मनी का डैक्स 0.45, जापान का निक्केई 1.00, हांगकांग का हैंगसेंग 1.77 और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.45 प्रतिशत उछल गया जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.67 प्रतिशत की गिरावट रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 578 अंक की तेजी के साथ 73,666.51 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद 73,227.32 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 73,767.80 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 73,088.33 अंक के मुकाबले 0.77 प्रतिशत उछलकर 73,648.62 अंक हो गया।

इसी तरह निफ्टी 190 अंक की मजबूती के साथ 22,336.90 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,198.15 अंक के निचले जबकि 22,375.65 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 22,147.00 अंक की तुलना में 0.86 प्रतिशत की छलांग लगाकर 22,336.40 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की जिन कंपनियों ने मुनाफा कमाया उनमें एलटी 2.67, एक्सिस बैंक 2.38, बजाज फाइनेंस 2.36, अल्ट्रासिमको 2.09, विप्रो 2.01, एसबीआई 2.00, आईसीआईआई बैंक 1.93, एचसीएल टेक 1.56, इंफ़ोसिस 1.48, टेक महिंद्रा 1.37, सन फार्मा 1.30, एशियन पेंट 1.27, टाटा मोटर्स 1.07, टीसीएस 0.99, टाइटन 0.98, भारती एयरटेल 0.86, पावरग्रिड 0.66, रिलायंस 0.65, मारुति 0.63, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.46, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.38 और आईटीसी 0.11 प्रतिशत शामिल है।

वहीं, एनटीपीसी 2.24, एचडीएफसी बैंक 1.24, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.17, इंडसइंड बैंक 0.46 और टाटा स्टील के शेयर 0.15 प्रतिशत के नुकसान में रहे।

## सेल्सफोर्स इंडिया इनोवेशन हैकेथॉन की श्रृंखला 'रिबूट द अर्थ' लेकर आया

एजेंसी

हैदराबाद। सीआरएम सॉल्यूशंस कंपनी सेल्सफोर्स ने इस पृथ्वी दिवस के अवसर पर संयुक्त राष्ट्र की पाँच एजेंसियों– संयुक्त राष्ट्र सचिवालय, संयुक्त राष्ट्र युवा कार्यालय, खाद्य एवं कृषि संगठन, संयुक्त राष्ट्र–सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी कार्यालय, संयुक्त राष्ट्र और डिजिटल जन सामग्री गठबंधन के सहयोग से जलवायु पर केंद्रित इनोवेशन हैकेथॉन की श्रृंखला 'रिबूट द अर्थ' पेश की है।

हैदराबाद में आयोजित इस हैकेथॉन का उद्देश्य युवा कंप्यूटर प्रोग्रामर्स, एडमिनिस्ट्रेटर्स, आर्किटेक्ट्स, सेल्सफोर्स के परिवेश से परिचित लोगों, वैज्ञानिकों एवं अन्य इच्छुक लोगों को साथ लाना है ताकि जलवायु के मौजूदा संकट से निपटने के लिए समाधानों का विकास हो सके।

सस्टेनेबिलिटी पर केंद्रित रहते हुए सेल्सफोर्स ने हाल ही में जलवायु परिवर्तन के संकट से निपटने के लिए इंडिया सीएसआर ग्रांट्स के अंतर्गत विभिन्न अभियान शुरू किए हैं। पिछले साल वनीकरण की परियोजनाओं द्वारा आज तक 4 लाख पौधे लगाए जा चुके हैं।

मल्लिगावद फाउंडेशन प्रोजेक्ट हैदराबाद में एक 17 एकड़ की स्थानीय झील, रेगुला कुंटा पर चलाया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य झील में पानी धारण करने की क्षमता बढ़ाना और समुदाय एवं पर्यावरण में सुधार के लिए प्राकृतिक सीवेज़ ट्रीटमेंट की विधियों का क्रियान्वयन करना है। इस निवेश से हैदराबाद में मियावाकी विधि द्वारा 6,000 स्थानीय प्रजातियों के पौधारोपण में भी मदद मिली है। इस अभियान से शहर में हरित क्षेत्र बढ़ाने और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने में मदद मिलती है।

ठाणे के घोलाई नगर में वनीकरण प्रोजेक्ट द्वारा हरित यात्रा के साथ एक पूर्व डंपयार्ड को हरित क्षेत्र में परिवर्तित किया गया, और मियावाकी विधि द्वारा यहाँ 3.5 एकड़ भूमि में 33,334 पौधे लगाए गए, ताकि यहाँ हरित क्षेत्र का विस्तार हो, स्थानीय जैव विविधता बढ़े, और खराब होते पर्यावरण की रक्षा हो सके। इसकी मदद से सस्टेनेबिलिटी डेवलपमेंट लक्ष्यों के अनुरूप कार्बन का पृथकीकरण करने में योगदान मिला।

यूथ ऑफ इंडिया फाउंडेशन के साथ गठबंधन में सेल्सफोर्स तेलंगाना के जनगाँव जिले में स्थित तीन गाँवों में ''सोलर ब्लेज़र प्रोजेक्ट'' लॉन्च करेगा।

यह प्रोजेक्ट ग्रामीण समुदायों को सस्टेनेबल सोलर एनर्जी समाधान प्रदान करने के लिए डिज़ाईन किया गया है, ताकि प्रतिवर्ष 2,60,000 किलोवॉट घंटा बिजली का उत्पादन होकर कार्बन डाई ऑक्साईड के उत्सर्जन में 226 टन की कमी लाई जा सके।

## स्वर्ण आभूषण–निर्यात 2023–24 में 62 प्रतिशत बढ़कर 6.79 अरब डॉलर

नयी दिल्ली। वित्त वर्ष 2023–24 में सादे स्वर्ण आभूषणों का निर्यात 62 प्रतिशत बढ़कर 6.79 अरब डॉलर रहा। इससे पिछले वित्त वर्ष में इसका निर्यात 4.19 अरब डॉलर था।

रत्न आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जेजेईपीसी) ने आज यह जानकारी देते हुए कहा, पिछले वित्त वर्ष में अप्रैल–सितंबर 2023 के बीच कुल सोने के आभूषण (सादे और जड़े हुए आभूषण) में 10.47 प्रतिशत की गिरावट देखी गई थी लेकिन दूसरी छमाही में निर्यात में तेजी लौट आयी और इसमें 46.91 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

सोमवार को जारी जीजेईपीसी के आंकड़ों के अनुसार संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) भारत के लिए सादे सोने के आभूषणों का एक महत्वपूर्ण बाजार बन कर उभरा है।

यूएई को सादे सोने के आभूषणों का निर्यात 2023–24 में दोगुना से अधिक होकर 4.52 अरब डॉलर हो गया, इससे पिछले वर्ष वहां के लिए इसका निर्यात 2.18 अरब डॉलर था।

जीजेईपीसी ने कहा, भारत के सादे सोने के आभूषण निर्यात में संयुक्त अरब अमीरात और बहरीन के बाजारों का हिस्सा 85 प्रतिशत से अधिक है।

ऑस्ट्रेलियाई बाजार में भारत के सादे सोने के आभूषणों के निर्यात में भी 37 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जिसका श्रेय भारत–ऑस्ट्रेलिया मुक्त व्यापार समझौते को जाता है।

सादे सोने के आभूषणों के निर्यात में वृद्धि के बारे में जीजेईपीसी के अध्यक्ष विपुल शाह ने कहा, सादे सोने के आभूषणों के निर्यात में वृद्धि का श्रेय सरकार द्वारा व्यावहारिक विदेशी व्यापार समझौतों को दिया जा सकता है। खास कर यह देखते हुए जब कि भारतीय उद्योग को प्रमुख निर्यात बाजारों में आर्थिक मंदी और बढ़ती भू–राजनीतिक चिंताओं के साथ विभिन्न चुनौतियों का सामना करना पड़ा और उसके कारण मांग में गिरावट आई ऐसे में भारत–यूएई व्यापाक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) के कार्यान्वयन इससे बेहतर समय पर नहीं हो सकता था।

# निसान ने नई दिल्ली में बढ़ाया नेटवर्क

### देशभर में निसान टचपॉइंट्स की संख्या 270 पर पहुंची

नई दिल्ली/मुंबई । निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने दिल्ली में चार नए कस्टमर टचपॉइंट्स लॉन्च कर दिए हैं। नई लॉन्चिंग के साथ देशभर में निसान टचपॉइंट्स की संख्या 270 पर पहुंच गई है। दिल्ली में खोले गए चार टचपॉइंट्स में एक शोरूम, दो डिस्प्ले सेंटर और बॉडी शॉप के साथ एक सर्विस सेंटर शामिल है। नए लॉन्च किए गए टचपॉइंट्स से नई दिल्ली में ग्राहकों को निसान की और बेहतर सेल्स एवं सर्विस का अनुभव होगा। यह ग्राहकों को ध्यान में रखकर निसान के आगे बढ़ने के सफर का नया पड़ाव है।

मोती नगर, नई दिल्ली में यह नया जुबिलेंट निसान शोरूम 5500 वर्ग फीट में बना है। वहीं प्रशांत विहार और द्वारका में क्रमश- 2800 वर्ग फीट और 2000 वर्ग फीट में डिस्प्ले सेंटर बनाए गए हैं। इसके अलावा रामा रोड पर सर्विस सेंटर और बॉडी शॉप एक–दूसरे के पास ही क्रमश: 7250 वर्ग फीट




और 7950 वर्ग फीट में बनाए गए हैं। नए जुबिलेंट निसान शोरूम का उद्घाटन आज निसान इंडिया ऑपरेशंस के प्रेसिडेंट श्री फ्रैंक टोरेस और निसान मोटर इंडिया के एमडी श्री सौरभ वत्स ने किया। अनुभवी पेशेवरों की समर्पित टीम के साथ डीलरशिप का उद्देश्य अनूठी सर्विस प्रदान करना और यह सुनिश्चित करना है कि ग्राहकों को हर पड़ाव पर सर्वश्रेष्ठ संभव मदद मिले। नए टचपॉइंट्स से निसान की पहुंच बढ़ेगी और सभी ऑटोमोटिव जरूरतों के लिए वन–स्टॉप शॉप प्रदान करते हुए ग्राहकों को अद्वितीय मूल्य प्रदान करने की कंपनी की प्रतिबद्धता को भी मजबूती मिलेगी। इससे ब्रांड की व्यापकता बढ़ेगी और ग्राहकों के लिए पहुंच सुलभ होगी।

निसान इंडिया ऑपरेशंस के प्रेसिडेंट श्री फ्रैंक टोरेस ने कहा, 'नए कस्टमर टचपॉइंट्स जोड़ने की यह पहल ग्राहकों को हर कदम पर सर्वश्रेष्ठ सर्विस प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दिखाती है। ग्राहकों के अनुभव को बेहतर करने पर फोकस करना हमारे हर फैसले के केंद्र में रहता है। हम आगे भी अपने ग्राहकों को अनूठी मदद एवं संतुष्टि प्रदान करते रहेंगे और भारतीय बाजार में अपनी उपस्थिति को मजबूत करेंगे।'निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सौरभ वत्स ने कहा, 'नए कस्टमर टचपॉइंट्स के साथ अपना फुटप्रिंट बढ़ाते हुए हम ग्राहकों के अनुभव को बेहतर करने की अपनी प्रतिबद्धता को भी मजबूती दे रहे हैं। यह उपलब्धि अपने ग्राहकों एवं महत्वपूर्ण सहयोगियों को अनूठा सपोर्ट प्रदान करने के हमारे प्रयासों का प्रमाण है। हम अपने नए केंद्रों पर ग्राहकों का स्वागत करते हैं और उनके साथ लंबे एवं अर्थपूर्ण संबंध की उम्मीद करते हैं।' निसान मोटर इंडिया 'फिजिटल' डिस्ट्रीब्यूशन अप्रोच के आधार पर परिचालन कर रही है, जिससे ग्राहकों को उनकी सभी जरूरतों के लिए वन–स्टॉप सॉल्यूशन मिलता है। इससे सुगम और सुविधाजनक अनुभव सुनिश्चित होता है, जिसमें ऑफलाइन एवं ऑनलाइन पेमेंट ऑप्शन को इंटीग्रेट किया गया है, जिसका लाभ ग्राहक अपनी पसंद के शोरूम पर ले सकते हैं।

# लर्नएक्स की मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 203 डीपीएस स्कूलों के साथ साझेदारी

एजेंसी

फरीदाबाद। लर्नएक्स ने 203 दिल्ली पब्लिक स्कूलों (डीपीएस) के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की है जिसके तहत लर्नएक्स डीपीएस स्कूलों में टीचिंग और नॉन–टीचिंग स्टाफ के लगभग 15,225 सदस्यों को मानसिक सेहत व स्वास्थ्य पर विस्तृत और संरचनाबद्ध प्रशिक्षण प्रदान करेगा, जिससे एक शैक्षणिक वर्ष में लगभग पांच लाख विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा।

इस साझेदारी की घोषणा डीपीएस फरीदाबाद और डीपीएस बैंगलोर नॉर्थ में लर्नएक्स प्रोग्राम पूरा कर चुके एजुकेटरों के एक सम्मान समारोह में की गई। इस अवसर पर डीपीएस सोसायटी के इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हैल्थ के सीईओ डॉ डेनियल फंग, अनिल कुमार, प्रिंसिपल, डीपीएस फरीदाबाद के प्रिंसिपल अनिल कुमार, चंद्रकांत सिंह, मैनेजिंग डायरेक्टर लर्नएक्स के प्रबंध निदेशक चंद्रकांत सिंह भी मौजूद थे।

इस मौके पर डॉ. फंग ने कहा, मानसिक स्वास्थ्य लोगों, खासकर युवाओं की सेहत बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है, और हमारा यह दायित्व है कि हम उन्हें विकास करने के लिए पूरा सहयोग दें। लर्नएक्स और डीपीएस स्कूलों के बीच यह साझेदारी एजुकेटरों को विद्यार्थियों की मानसिक स्वास्थ्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए सही टूल्स उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, ताकि उन्हें मानसिक स्वास्थ्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए आवश्यक सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त हो सके।

लर्नएक्स के पिछले अभियानों में मानसिक सेहत एवं स्वास्थ्य को बढ़ावा देने की उनकी प्रतिबद्धता स्पष्ट प्रदर्शित होती रही है। 2022 में लर्नएक्स ने अटल इनोवेशन मिशन (एम) नीति आयोग के सहयोग से भारत में समावेशी विकास के लिए एजुकेटर्स को अपनी तरह का पहला अंतर्राष्ट्रीय सर्टिफिकेट प्रोग्राम पेश किया। इस पायलट प्रोग्राम का उद्देश्य शिक्षकों को समावेशी विकास के लिए परिवर्तनकारी शिक्षण का कौशल प्रदान करना था।

## रैलिस इंडिया को चौथी तिमाही में 21 करोड़ रु. का घाटा

नयी दिल्ली। टाटा एंटरप्राइजेज की बीज और कृषि रसायन इकाई रैलिस इंडिया लि को निर्यात बाजार की चुनौतियों तथा इन्वेंट्री नुकसान से 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 21 करोड़ रुपये का घाटा हुआ। कंपनी को तीसरी तिमाही में 24 करोड़ रुपये का और मार्च,2023 की तिमाही में 69 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। कंपनी के निदेशक मंडल ने तिमाही वित्तीय रिपोर्ट को आडिट समिति की समीक्षा के बाद सोमवार को मंजूरी दी। कंपनी ने एक विज्ञप्ति में बताया कि वित्त वर्ष 2023–24 की चौथी में कंपनी की परिचालन आय 436 करोड़ रुपये रही। तीसरी तिमाही में परिचालन आय 598 करोड़ रुपये और वर्ष 2022–23 की चौथी तिमाही में 523 करोड़ रुपये थी। कंपनी को 31 मार्च 2024 को समाप्त पिछले वित्त वर्ष में 2648 रुपये की परिचालन आय के साथ 148 करोड़ रुपये का शुद्ध वार्षिक लाभ हुआ। एक साल पहले परिचालन आय 2967 रुपये पर इससे बेहरत थी। इससे पिछले वित्त वर्ष में परिचालन लाभ 92 करोड़ रुपये था। परिणामों की घोषणा करते हुए, रैलिस इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ डॉ. ज्ञानेंद्र शुक्ला ने कहा,वित्त वर्ष 2022–23 के 92 करोड़ रुपये की तुलना में वित्त वर्ष 2023–24 का लाभ 148 करोड़ रुपये है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष में 11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2648 करोड़ रुपये की परिचालन आय दर्ज की है।

नई दिल्ली
मंगलवार 23 अप्रैल 2024
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### मुझे अपनी क्षमताओं पर भरोसा था : मरीना

नयी दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम के 33 सदस्यीय कोर ग्रुप में जगह बनाने वाली मिजोरम की युवा और ऊर्जावान मिडफील्डर मरीना लालरामनघाकी ने कहा कि मुझे अपनी क्षमताओं पर भरोसा था। अपने चयन को लेकर मरीना ने कहा, जब मुझे कोर ग्रुप में मेरे चयन की खबर मिली तो मैं खुशी से अभिभूत हो गई। यह मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा क्षण था और मेरी आँखे भर आई। मुझे हमेशा आत्मविश्वास था मेरी क्षमताओं और सफल परीक्षणों ने मेरे विश्वास की पुष्टि की। उन्होंने कहा, मेरा अंतिम लक्ष्य 2026 महिला एफआईएच हॉकी विश्व कप और 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में भारतीय महिला हॉकी टीम की सफलता में योगदान देना है। हालांकि, वर्तमान में मेरा ध्यान भारतीय टीम की टीम में जगह बनाना है। उन्होंने कहा, मैं अपना सर्वश्रेष्ठ देने और अपने देश को गौरवान्वित करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं। हॉकी में मरीना का सफर 10 साल की उम्र में स्कूल के दिनों से शुरू हुआ। उनकी प्रतिभा को जल्द ही पहचाना गया, जिससे उनका चयन मिज़ोरम के थेनजॉल में साई महिला हॉकी अकादमी में हो गया। वह अपनी प्रेरणा का श्रेय लालरेम्सियामी को देती हैं और भारतीय टीम की मिडफील्डर सुशीला चानू को अपना आदर्श मानती हैं। उन्होंने कहा, लालरेम्सियामी, जिनकी मिजोरम की यात्रा मेरे साथ गहराई से मेल खाती है।

### भारत के ग्रीको रोमन पहलवान को नहीं मिला ओलंपिक का टिकट

बिश्केक। भारत के छह ग्रीको रोमन पहलवानों का रविवार को एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में निराशाजनक प्रदर्शन, पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने में विफल रहे। आज यहां चार भारतीय पहलवान विकास, सुनील कुमार, नितेश और नवीन को क्वार्टरफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। इस बीच, सुमित और आशु क्वालिफिकेशन राउंड में ही टूर्नामेंट से बाहर हो गए। एशियन गेम्स के कांस्य पदक विजेता सुनील कुमार एकमात्र भारतीय पहलवान थे जो बिश्केक में मुकाबला जीतने में सफल रहे। उन्होंने 87 किग्रा भार वर्ग के क्वालिफिकेशन राउंड में जापान के सोह सकाबे को 5-1 से हराया। हालांकि, सुनील अपने अंतिम-आठ मुकाबले में मौजूदा एशियन गेम्स के चैंपियन उज्बेकिस्तान के जलगासबे बर्दीमुरातोव के खिलाफ 4-2 से हार गए। विकास को 77 किग्रा भार वर्ग में चीन के रुई लियू ने 7-0 से हराया। 97 किग्रा वर्ग में नितेश का अभियान क्वार्टर-फाइनल में पूर्व एशियाई चैंपियन किर्गिस्तान के उजुर दजुजुपबेकोव से हार गये। 130 किग्रा भार वर्ग में नवीन को दक्षिण कोरिया के सेउंगचान ली से 9-1 से हार का सामना करना पड़ा। भारत के पुरुष फ्रीस्टाइल पहलवान भी बिश्केक में हुए एशियाई कुश्ती ओलंपिक क्वालीफायर से खाली हाथ लौटे। अमन सहरावत पेरिस 2024 कोटा हासिल करने से सिर्फ एक जीत पीछे रह गए।

### क्रिकेट प्रेमियों को मतदान के लिए करेंगे जागरूक

धर्मशाला। धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में पांच तथा नौ मई को प्रस्तावित आईपीएल क्रिकेट मैच के दौरान क्रिकेट प्रेमियों को मतदान के लिए जागरूक करने की योजना भी जिला निर्वाचन विभाग की ओर से बनाई गई है। इस बाबत जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि आईपीएच मैच के दौरान हिमाचल तथा अन्य राज्यों के हजारों नागरिक मैच देखने के लिए आएंगे। इस दौरान सभी नागरिकों को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए 'स्वीप' के तहत आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। चूंकि मैच देखने वालों में अधिकांश युवा शामिल रहते हैं यह बेहतर अवसर होगा जब एक साथ इतने लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया जा सकेगा। श्री बैरवा ने कहा कि विभिन्न पार्किंग स्थलों तथा स्टेडियम के नजदीक सेल्फी प्वाइंट स्थापित किए जाएंगे इसके साथ ही आयोजकों को मैच के दौरान मतदाता जागरूक गीत सुनाने के लिए भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मतदान हमारा अधिकार ही नहीं अपितु कर्तव्य भी है। उन्होंने कहा कि सुदृढ़ लोकतंत्र के लिए मतदान जरूरी है तथा मतदान का यह पर्व पांच वर्ष में एक बार आता है। उन्होंने सभी नागरिकों का आह्वान करते हुए कहा कि अपने परिवार के अलावा आस पड़ोस मतदान करने से कोई भी छूटे नहीं। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि कांगड़ा जिला में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप के तहत विभिन्न गतिविधियां आरंभ की हैं।

### कुलदीप के गेंदबाजी वीडियो देखने की योजना से मिली मदद : अभिषेक शर्मा

नयी दिल्ली। सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने कहा कि दिल्ली प्रमुख गेंदबाज कुलदीप यादव की गेंदबाजी के लगातार वीडियो देखने की योजना से बेहतरीन बल्लेबाजी करने में मदद मिली। मैच के बाद पत्रकारों से बात करते हुए अभिषेक ने कहा, मैं हर मैच में विपक्षी टीम के मुख्य गेंदबाजो के खिलाफ अलग से योजना बनाता हूं। मैं मैच से एक दिन पहले उनके जैसे ही नेट गेंदबाज को नेट्स में खेलता हूं। मैं सुनिश्चित करता हूं कि वे नेट गेंदबाज उनके जैसे एकदम हूबहू तो नहीं पर उनसे बहुत समान हों। इससे मुझे बहुत मदद मिलती है। मैंने इस मैच से पहले कुलदीप के खिलाफ भी योजना बनाई थी क्योंकि वह दिल्ली के सबसे प्रमुख गेंदबाज हैं। मैं लगातार उनकी गेंदबाज़ी के वीडियोज़ भी देख रहा था। उन्होंने कहा, इस बार आईपीएल से पहले मेरे दिमाग में यह स्पष्ट था कि मुझे किस तरह से बल्लेबाजी करनी है। मुझे खुशी है कि मैंने जो सोचा था, वह खेल के दौरान मैदान पर उतार पाया। मुझे लगता है कि इस टूर्नामेंट से पहले और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के दौरान जो मैंने कड़ी मेहनत की थी, उससे मुझे बहुत मदद मिल रही है। इस आईपीएल की तैयारी में मुझे पंजाब की घरेलू टीम से भी बहुत सहयोग मिला। उन्होंने कहा, हमारे सभी कोच और कप्तान से हमें यही संदेश मिला है कि बस पिच पर जाइए और अपने आपको खुलकर एक्सप्रेस किजिए। मुझे लगता है कि यह बहुत स्पष्ट और बड़ा संदेश है। एक युवा और सलामी बल्लेबाज के रूप में आपको बस यही चाहिए होता है कि कोच और कप्तान आप पर विश्वास जताए। हमे यह विश्वास पहले दिन से मिला है और हमारा काम बस यही है कि हम वहां जाएं और अपना खेल खेलें।

### हम्पी महिला कैंडिडेट्स शतरंज में दूसरे स्थान पर रहीं, टाईब्रेकर में चीनी खिलाड़ी को हराया

टोरंटो। भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने संयुक्त रूप से शीर्ष पर काबिज चीन की टी लेइ को हराकर टाईब्रेकर में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में दूसरा स्थान हासिल किया। चीन की झोंग्यी तान शीर्ष पर रही जिन्होंने यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक से ड्रॉ खेला। आर वैशाली लगातार पांचवीं जीत दर्ज करके संयुक्त दूसरे स्थान पर थी, लेकिन टाईब्रेकर के बाद चौथे स्थान पर रही। उन्होंने रूस की कैटरीना लागनो को हराया। तान ने नौ अंक बनाए, जबकि हम्पी उनसे डेढ अंक पीछे थीं। लेइ तीसरे और वैशाली चौथे स्थान पर रहीं। अलेक्जेंद्रा गोरियाश्किना पांचवें स्थान पर रहीं। लागनो छठे, बुल्गारिया की नूरगुल सलीमोवा सातवें और मुजिचुक आठवें स्थान पर रहीं। हम्पी के सात दौर के बाद ढाई अंक ही थे, लेकिन बाकी सात मैचों में उन्होंने पांच अंक बनाए। इससे पहले चेन्नई के 17 वर्षीय डी गुकेश ने प्रतिष्ठित कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में दूसरे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी के रूप में हिस्सा लिया था। हालांकि, अब कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के अंतिम दौर में हिकारू नाकामुरा के खिलाफ ड्रॉ खेलने के बाद वह इस टूर्नामेंट के सबसे कम उम्र के विजेता बन गए हैं। इतना ही नहीं, वह विश्व शतरंज चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा करने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी भी बन गए हैं। वह कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी भी बन गए और विश्वनाथन आनंद के बाद यह टूर्नामेंट जीतने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए। नाकामुरा के खिलाफ ड्रॉ खेलने के बाद उनका टूर्नामेंट जीतना तय नहीं था। सबकुछ बियो कारुआना और इयान नेपोमनियाच्ची के बीच चल रहे अन्य मैच पर टिका था।

# गुकेश ने इतिहास रचते हुए विश्व शतरंज का जीता खिताब

एजेंसी

टोरंटो। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में अमेरिकी शतरंज खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के खिलाफ महत्वपूर्ण ड्रॉ खेलकर 14 में से नौ अंक हासिल कर विश्व शतरंज का खिताब जीत लिया है।

इस जीत के साथ ही गुकेश 40 साल पहले महान गैरी कास्पारोव के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए विश्व खिताब के लिए सबसे कम उम्र के चैलेंजर बन गए है। वह कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी भी बने। 17 वर्षीय गुकेश ने 14वें और अंतिम राउंड में अमेरिकी हिकारू नाकामुरा के साथ आसान ड्रॉ खेला तथा टूर्नामेंट को 14 में से नौ अंकों के साथ समाप्त किया। निर्णायक अंतिम दौर में, गुकेश ने काले मोहरों से नाकामुरा को बराबरी पर रोककर भव्य मंच के लिए अपनी तैयारी दिखाई। क्वीन्स गैम्बिट एक्सेप्टेड में नाकामुरा के प्रयासों के बावजूद, गुकेश ने नियंत्रण बनाए रखा, अंततः जीत हासिल की।



खिताब जीतने के बाद गुकेश ने कहा, बहुत राहत महसूस कर रहा हूं और बहुत खुश हूं। मैं यह मजेदार खेल (फाबियो कारूआना और इयान नेपोमनियातची) को फॉलो कर रहा था और फिर मैं अपने दूसरे (ग्रेगोर्ज गेजवीस्?की) के साथ टहलने गया। मेरे ख्याल से इससे मदद मिली।

इस खिताब के साथ गुकेश को 88,500 यूरो (लगभग 78.5 लाख रुपये) का नकद पुरस्कार दिया गया। कैंडिडेट्स टूर्नामेंट की कुल पुरस्कार राशि पांच लाख यूरो है। गुकेश इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को जीतने वाले दूसरे भारतीय है। इससे पहले वर्ष 2014 में पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद यह खिताब जीता था।

आनंद ने सोशल मीडिया मंच एक्स पोस्ट में गुकेश को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई दी है। उन्होंने लिखा, सबसे कम उम्र के चैलेंजर बनने के लिए गुकेश को बधाई। आपने जो किया है उस पर वाका चेस परिवार को बहुत गर्व है। आपने जिस तरह से खेला और कठिन तरीके से संभाला, मुझे निजी तौर पर बहुत गर्व है कि आपने किस तरह खेला और मुश्किल स्थिति को संभाला। इस पल का आनंद उठाएं।

### मोदी ने गुकेश को दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने पर बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि से लाखों के लिए प्रेरणा होगी। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, भारत को फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने डी गुकेश पर गर्व है। उन्होंने गुकेश की तस्वीर साथ में पोस्ट करते हुए लिखा, टोरंटो में हुए टूर्नामेंट में गुकेश की शानदार उपलब्धि उनकी असाधारण प्रतिभा और समर्पण की द्योतक है। उनके असाधारण प्रदर्शन और शीर्ष तक के सफर से लाखों को प्रेरणा मिलेगी। उल्लेखनीय है कि 17 वर्षीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने टोरंटो में कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में 14वें और आखिरी दौर में अमेरिका के हिकारू नकामूरा से ड्रा खेला। उन्होंने 40 साल पुराना गैरी कास्पोरोव का रिकॉर्ड तोड़कर विश्व चैम्पियनशिप खिताब अपने नाम किया। इसके साथ ही वह सबसे युवा शतरंज खिलाड़ी बन गये।

# कोहली पर लगा मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना

कोलकाता। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के सलामी बल्लेबाज विराट कोहली पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ खेले गए मैच में अंपायर के फैसले के प्रति असहमति जाहिर करने लिए मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

आईपीएल की विज्ञप्ति के अनुसार कोहली पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगा है। फुलटॉस गेंद पर आउट दिए जाने के बाद कोहली ने अंपायर के फैसले पर नाराजगी जतायी थी और बाउंड्री लाइन से बाहर आने के बाद गुस्सा भी जाहिर किया था। कोहली को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की आचार सहिंता के आर्टिकल 2.8 के लेवल 1 नियम को तोड़ने का दोषी पाया गया है। कोहली ने अपने अपराध को स्वीकार करते हुए रेफरी द्वारा लगाए गए दंड को स्वीकार कर लिया है।

लेवल के दोष के लिए मैच रेफरी का निर्णय ही अंतिम और सर्वमान्य होता है।



उल्लेखनीय है कि मैच में कोलकाता टीम ने आरसीबी को 223 रनों का लक्ष्य दिया था। बेंगलुरु की ओर से विराट कोहली ने 7 बॉल पर 18 रन बना लिये थे इसी दौरान तीसरे ओवर की पहली गेंद हर्षित राणा ने कमर से ऊपर डाली, जिस पर कोहली ऑन साइड में शॉट मारना चाह रहे थे, लेकिन गेंदबाज हर्षित के हाथों ही कैच आउट हुए।

### विटैलिटी काउंटी चैंपियनशिप में करूण नायर ने जड़ा दोहरा शतक


नॉर्थेप्टनशायर। विटैलिटी काउंटी चैंपियनशिप में ग्लमॉर्गन के खिलाफ करूण नायर के नाबाद दोहरे शतक की बदौलत नॉर्थेप्टनशायर ने मैच पर अपनी स्थिति मजबूत पकड़ बना ली है। भारत के पूर्व टेस्ट बल्लेबाज करूण नायर ने 253 गेंद में नाबाद 202 रन बनाए। उनके दोहरे शतक के बाद टीम ने 334 रनों की बढ़त के साथ छह विकेट पर 605 रन पर पारी घोषित की। नायर ने छठे विकेट के लिए सैफ जैब के साथ 212 रनों की साझेदारी की। इस दौरान जैब ने भी अपने इस सत्र का पहला शतक बनाया। इसके अलावा सलामी बल्लेबाज रिकार्डो वासकॉनसेलोस ने भी 182 रनों की बेहतरीन पारी खेली। मेहमान टीम ने दिन का खेल समाप्त होने तक 104 रन पर तीन विकेट गंवा दिए है और ग्लमॉर्गन अभी भी 230 रन पीछे हैं। अगर आज बारिश होती है तो ग्लमॉर्गन के पास हार टालने का एक अवसर होगा।

# धर्मशाला में देश का पहला एसआईएस ग्रास हाइब्रिड पिच वाला स्टेडियम होगा

शिमला। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन क्रिकेट में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी को अपनाने में हमेशा सबसे आगे रहा है। राज्य में क्रिकेट के प्रबंधन निकाय एचपीसीए ने हाल ही में अपनी अभ्यास सुविधाओं में एसआईएसग्रास हाइब्रिड पिच टेक्नोलॉजी पेश करने के लिए एक रोमांचक पहल की है।

यह कदम यह सुनिश्चित करेगा कि अभ्यास पिचें उच्चतम गुणवत्ता वाली हों क्योंकि पारंपरिक पिचें कठोर प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं झेल सकतीं और जल्दी ही खराब हो जाती हैं जिससे खिलाड़ियों के लिए अभ्यास के बेशकीमती अवसर सीमित हो जाते हैं।

एसआईएसग्रास, नीदरलैंड स्थित एसआईएस पिचेज़ समूह की कंपनियों का अंग है और धर्मशाला के खूबसूरत एचपीसीए स्टेडियम में पहली बार हाइब्रिड पिच इंस्टॉलेशन में अपने



क्रांतिकारी निवेश के साथ भारतीय क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तैयार है। यह अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी अधिक टिकाऊ, सुसंगत और उच्च प्रदर्शन वाली खेल की पिच प्रदान कर इस खेल के अनुभव में आमूल परिवर्तन लाएगी।

एसआईएसग्रास प्रौद्योगिकी खिलाड़ियों को सुरक्षा, स्थायित्व और शानदार खेलने की क्षमता का बेजोड़ संयोजन प्रदान करती है। शानदार एचपीसीए स्टेडियम अपनी तरह की पहले हाइब्रिड पिच इंस्टॉलेशन के लिए तैयार है। इस पिच के इंस्टॉलेशन के बारे में एचपीसीए के मानद अध्यक्ष, आर पी सिंह ने कहा, प्रशंसकों के बीच धर्मशाला स्टेडियम ऐसे स्टेडियम के रूप में उभर रहा है जिसकी मांग बढ़ रही है और यह अपने सुरम्य परिवेश तथा सुंदर माहौल के लिए प्रसिद्ध है और घरेलू, अंतर्राष्ट्रीय तथा आईपीएल मैचों की मेज़बानी करता है। एचपीसीए ने क्रिकेट में लगातार उन्नत प्रौद्योगिकी को अपनाया है।

# मालदीव में मुइज्जू जीते संसदीय चुनाव

## 93 सीटों में से 71 सीटें मिली, भारत समर्थक पार्टी 12 पर सिमटी; चीन ने बधाई दी

माले। मालदीव में इंडिया आउट कैंपेन चलाने वाले राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की पार्टी ने संसदीय चुनाव में जीत हासिल की है। कल (21 अप्रैल) 93 सीटों पर हुए चुनाव में शुरुआती नतीजे आ चुके हैं। इनमें मुइज्जू की पार्टी नेशनल पीपुल्स कांग्रेस और उनकी समर्थक पार्टियों को 71 सीटें मिली हैं। इस पर चीन ने मुइज्जू को बधाई दी है।

जबकि भारत समर्थक MDP को मात्र 12 सीटें हासिल हुई। संसद में बहुमत के लिए 47 से ज्यादा सीटों की जरूरत थी।

नतीजों की आधिकारिक घोषणा में एक हफ्ते का समय लगेगा। वहीं, मालदीव की संसद का कार्यकाल मई में शुरू होगा। न्यूज एजेंसी ,क्क के मुताबिक मुइज्जू की जीत भारत के लिए बड़ा झटका है।

भारत और चीन की इस चुनाव पर



कड़ी निगाह थी। दोनों रणनीतिक रूप से अहम मालदीव में अपनी पकड़ मजबूत करना चाहते हैं। मुइज्जू की पार्टी की जीत के बाद अब मालदीव में आने वाले 5 साल तक चीन समर्थक सरकार रहेगी।

### 8 से 66 सीटों पर पहुंची मुइज्जू की पार्टी

मोहम्मद मुइज्जू की पार्टी को पिछले संसदीय चुनाव में मात्र 8 सीटें हासिल थीं। इसके चलते राष्ट्रपति होने के बावजूद मुइज्जू न तो अपनी पॉलिसीज के मुताबिक बिल पास करा पा रहे थे और न ही बजट पास करा पाए। अब 71 सीटें जीतने के बाद विपक्षी पार्टी उनके रास्ते में कोई रुकावट पैदा नहीं कर सकेगी।

चुनाव में भारत समर्थक मानी जाने वाली मालदीव डेमोक्रेटिक पार्टी को करारी शिकस्त मिली है।

MDP ने 89 उम्मीदवार मैदान में उतारे थे। इनमें से दर्जनभर उम्मीदवारों को ही जीत हासिल हो पाई है। मुइज्जू सरकार में एक सीनियर अधिकारी ने न्यूज एजेंसी AFP से कहा था कि जियोपॉलिटिक्स चुनाव में अहम मुद्दा था।

अधिकारी के मुताबिक मुइज्जू भारतीय सैनिकों को देश से निकालने के वादे पर जीते थे। वो इस पर काम भी कर रहे हैं पर संसद इसमें उनकी मदद नहीं कर रही थी। मुइज्जू ने राष्ट्रपति चुनाव की तरह संसदीय चुनाव में भी भारतीय सैनिकों को मालदीव से निकालने के मुद्दे का सहारा लिया था।

### भारत-मालदीव के रिश्तों में तनाव की वजह...

15 नवंबर 2023 को मालदीव के नए राष्ट्रपति और चीन समर्थक कहे जाने वाले मोहम्मद मुइज्जू ने शपथ ली थी। इसके बाद से भारत और मालदीव के रिश्तों में खटास आई है। नतीजा ये हुआ कि मालदीव ने वहां तैनात 88 भारतीय सैनिकों को निकालने का फैसला किया।

इनमें से अब तक 25 सैनिक वापस आ चुके हैं। ये दो हेलिकॉप्टर और एक एयरक्राफ्ट का ऑपरेशन संभालते रहे थे। इनकी सिविलियन्स लेंगे। आमतौर पर मालदीव में इन हेलिकॉप्टर्स का इस्तेमाल रेस्क्यू या सरकारी कामों में किया जाता है।

### रायसी पाकिस्तान की तीन दिवसीय यात्रा पर

इस्लामाबाद। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद की तीन दिवसीय सरकारी यात्रा पर सोमवार को इस्लामाबाद पहुंचे। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने एक्स पर लिखा ईरानी राष्ट्रपति महामहिम डॉ. इब्राहिम रायसी तीन दिवसीय यात्रा पर इस्लामाबाद पहुंचे। इस्लामाबाद हवाई अड्डे पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। संघीय आवास और निर्माण मंत्री मियां रियाज़ हुसैन पीरज़ादा और पाकिस्तान में ईरान के राजदूत मुदस्सिर टीपू ने उनका स्वागत किया। रायसी के साथ एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आया है, जिसमें ईरानी विदेश मंत्री होसैन अमीराब्दुल्लाहियन भी शामिल हैं। वह पाकिस्तान के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, सीनेट के अध्यक्ष और नेशनल असेंबली के अध्यक्ष से मिलेंगे। ईरान की सरकार एजेंसी इरना की रिपोर्ट के मुताबिक इस उच्च-स्तरीय यात्रा का उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार की मात्रा को 10 अरब डॉलर तक बढ़ाना और साथ ही क्षेत्रीय और वैश्विक सहयोग विकसित करना है। यात्रा के दौरान, ईरानी और पाकिस्तानी अधिकारियों के बीच व्यापार, स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था, सुरक्षा, न्यायपालिका और कृषि के क्षेत्र से जुड़े एक समझौते पर हस्ताक्षर करने की उम्मीद है। ईरानी राष्ट्रपति अपने पाकिस्तानी समकक्ष आसिफ अली जरदारी से भी मुलाकात करेंगे।

### वस्तुओं की अधिक कीमत तय करने वाली कंपनियों के खिलाफ प्रतिबंधों पर चर्चा

अंकारा। तुर्की की संसद में देश के व्यापार कानून और देश में उच्च मुद्रास्फीति के बीच वस्तुओं की अधिक कीमत लगाने वाले उद्यमों के खिलाफ प्रतिबंध लगाने की संभावना पर चर्चा होने की उम्मीद है। तुर्की के अखबार एकोनोमिम ने सोमवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। कथित तौर पर प्रस्ताव में 20 लेख शामिल हैं और इसमें कीमतों को अत्यधिक बढ़ाने वाले व्यवसायों पर लगाए गए प्रशासनिक जुर्माने को बढ़ाने का प्रावधान शामिल है। अखबार ने बताया कि संसदीय चर्चा में ऐसी कंपनियों के संचालन को बंद करने का मुद्दा भी शामिल होगा। तुर्की के सांख्यिकी संस्थान के आंकड़ों के अनुसार तुर्की में वार्षिक मुद्रास्फीति फरवरी में 67.07 प्रतिशत से बढ़कर मार्च में 68.5 प्रतिशत हो गई। तुर्की के उपराष्ट्रपति केवडेट यिलमाज़ ने शनिवार को कहा कि तुर्की सरकार को उम्मीद है कि आर्थिक नीति और मौसमी प्रभावों के संयोजन के कारण इस साल गर्मियों के महीनों में वार्षिक मुद्रास्फीति लगभग 20 प्रतिशत गिर जाएगी। तुर्की अपनी ब्याज दर बढ़ाकर बढ़ती मुद्रास्फीति से लड़ने की कोशिश कर रहा है। मार्च के अंत में यह 45 प्रतिशत से बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया। फरवरी में, तुर्की के केंद्रीय बैंक ने 2024 के अंत के लिए मुद्रास्फीति का पूर्वानुमान 36 प्रतिशत पर रखा है, जबकि वित्त मंत्री ने अनुमान लगाया कि उस समय तक उपभोक्ता मूल्य वृद्धि 34 प्रतिशत तक गिर जाएगी।

### बारिश के कारण तीन की मौत, 11 लापता

गुआंग्डोंग। चीन के दक्षिणी गुआंग्डोंग प्रांत के कई हिस्सों में हाल के दिनों में लगातार भारी बारिश के बाद तीन लोगों की मौत हो गई और 11 लोग लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। तीन मौतें झाओकिंग शहर में हुईं। तीन लोग बारिश के कारण फंस गए थे और घटनास्थल पर ही मृत पाए गए। खोज एवं बचाव अभियान अब भी जारी है। प्रांतीय आपातकालीन प्रबंधन विभाग के अनुसार लापता लोगों में से छह जियांगवान टाउनशिप, शोगुआन शहर से हैं, जबकि अन्य पांच डालोंग गांव, किंगयुआन शहर से हैं। हाल की भारी बारिश ने शाओगुआन, गुआंगजौ, हेयुआन, झाओकिंग, किंगयुआन, मेइझोउ और हुइझोउ सहित कई शहरों को प्रभावित किया है, जिसके परिणामस्वरूप मकान क्षतिग्रस्त हो गए, सड़कें अवरुद्ध हो गईं और भूस्खलन हुआ। विभाग ने बताया कि पूरे प्रांत में कुल 53,741 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है, जिनमें से 12,256 लोगों का तत्काल पुनर्वास किया गया है। तूफान के कारण अब तक 36 मकान ढह गए हैं जबकि 48 मकान गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप लगभग 14 करोड़ युआन (लगभग 1.98 करोड़ अमेरिकी डॉलर) का प्रत्यक्ष आर्थिक नुकसान हुआ है।

# इजराइल के मिलिट्री इंटेलिजेंस चीफ ने इस्तीफा दिया

## हमास के हमले को नाकाम न कर पाने की जिम्मेदारी ली; विपक्ष ने कहा- नेतन्याहू भी पद छोड़ें

इजराइली सेना के खुफिया विभाग के चीफ मेजर जनरल अहरोन हलीवा ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने 7 अक्टूबर को हुए हमास के हमले को नाकाम न कर पाने की जिम्मेदारी लेते हुए अपना पद छोड़ा है। वे पहले सीनियर ऑफिसर हैं, जिन्होंने हमले को नाकाम न कर पाने की जिम्मेदारी लेते हुए पद से इस्तीफा दिया है। सेना ने अहरोन हलीवा के इस्तीफे को स्वीकार कर लिया है।

मेजर हलीवा ने सेना को दिए इस्तीफे में लिखा है, 7 अक्टूबर 2023 को हमास ने इजराइल पर घातक हमला किया था। उस हमले का पता लगाने में मेरे नेतृत्व में काम कर रही टीम नाकाम रही। तभी से मैं सीने में दर्द लेकर जी रहा हूं। इसलिए मैंने फैसला किया है कि मैं अपने पद से इस्तीफा दूंगा।

हमास ने 7 अक्टूबर को इजराइल पर 5 हजार से ज्यादा मिसाइल्स और ड्रोन्स से हमला किया था। इस हमले में



इजराइल के मुताबिक 1 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। वहीं हमास ने 250 से ज्यादा लोगों को बंदी बना लिया था। यह हमला पिछले कुछ इजराइल पर अब तक हुए सबसे बड़े हमलों से एक था, जिसे रोकने में इजराइली सेना नाकाम रही थी।

### हलीवा के बाद कई अधिकारी दे सकते हैं इस्तीफा

इजराइल के विपक्षी दल के नेता याइर लैपिड ने भी पीएम नेतन्याहू से हमास के खिलाफ युद्ध के अंत का इंतजार किए बिना, तुरंत पद छोड़ने की मांग की है। लैपिड ने कहा है कि अक्टूबर 7 के हमले के बाद लोगों ने नेतन्याहू पर विश्वास खो दिया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मेजर हलीवा के बाद कई और सीनियर अधिकारी हमले को नाकाम न कर पाने की जिम्मेदारी लेते हुए अपना पद छोड़ने की पेशकश कर सकते हैं। हलीवा ने ये भी कहा है कि वो इंटेलिजेंस में हुई चूक पर हो रही जांच में सहयोग करेंगे।

दूसरी तरफ, इजराइली सेना ने भी मेजर हलीवा के इस्तीफे पर बयान जारी किया है। सेना ने कहा है कि मेजर हलीवा अगला इंटेलिजेंस चीफ चुने जाने तक अपने पद पर बने रहेंगे। सेना अब तक दी गई मेजर की सेवाओं के लिए उनको धन्यवाद देती है।

### न्यूज़ीलैंड का इथियोपिया, सोमालिया को मानवीय सहायता

वेलिंगटन। इथियोपिया और सोमालिया में गंभीर खाद्य असुरक्षा और अन्य तत्काल मानवीय जरूरतों से प्रभावित समुदायों की सहायता के लिए न्यूजीलैंड 70 लाख न्यूजीलैंड डॉलर का योगदान दे रहा है। विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स ने सोमवार को कहा कि न्यूजीलैंड संघर्ष के साथ-साथ जलवायु संबंधी प्रभावों और बीमारी के प्रकोप सहित अन्य अतिव्यापी संकटों से प्रभावित दोनों इथोपिया और सोमालिया दोनों देशों के लोगों को लेकर काफी चिंतित है। न्यूज़ीलैंड के उप-प्रधानमंत्री पीटर्स ने कहा कि पूरे इथियोपिया में 2.1 करोड़ से अधिक लोगों को मानवीय सहायता की आवश्यकता है, सोमालिया में 69 लाख लोगों को मानवीय सहायता की जरुरत है। उन्होंने कहा कि तत्काल जरूरतों को पूरा करने में मदद के लिए न्यूजीलैंड रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति, संयुक्त राष्ट्र के इथियोपिया मानवतावादी कोष और न्यूजीलैंड आपदा प्रतिक्रिया साझेदारी के तहत न्यूजीलैंड के गैर-सरकारी संगठनों के साथ साझेदारी कर रहा है।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11, ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# महर्षि संस्थान के प्रमुख व महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी के कुलाधिपति श्री अजय प्रकाश श्रीवास्तव से 'गौरवशाली भारत' पत्रिका के प्रधान संपादक प्रोफेसर रवीन्द्र नाथ श्रीवास्तव 'परिचय दास' की बातचीत –

महोदय, आपका स्वागत है।

### कृपया अपने निजी जीवन के विविध चरणों व अपनी रुचियों केबारे में कुछ बताएं।

**अजय प्रकाश श्रीवास्तव :** मेरा जन्म मध्य प्रदेश की सांस्कृतिक राजधानी जबलपुर में हुआ तथा मेरी प्रारम्भिक शिक्षा भीजबलपुर, मध्य प्रदेश तथा उच्च शिक्षा अमेरिका में पूर्ण हुई।मेरे जीवन की अमूल्य निधि, मेरे गुरु पूज्य महर्षिमहेश योगी जीहैं जिनके सानिध्य में मैंने भावातीत ध्यान की दीक्षा प्राप्त की तथा अपने जीवन को किस प्रकार से आगे गति देनी है इसकी प्रेरणा तथा विद्या भी मैंने इसी ज्ञान से प्राप्त की।

पूज्य महर्षि जी के आशीर्वाद से देश तथा विदेश के ख्यातिलब्ध व्यक्तियों, वैज्ञानिकों, विचारकों इत्यादि का मुझे सानिध्य प्राप्त हुआ एवं महर्षि जी के ज्ञान को पूर्ण वैज्ञानिक प्रमाणिकता के साथ किस प्रकार से जनमानस तक पहुँचाना एवं अवगत कराना है इस बात का मुझे भलीभाँति अनुभव हुआ।

अनेक वैज्ञानिकों ने महर्षि जी के ज्ञान (भावातीत ध्यान) को विज्ञान की कसौटी पर परखने के पश्चात् अनेक शोध ग्रन्थ प्रकाशित किये जिनके आधार पर आज हमारी संस्था इस अमूल्य ज्ञान को सम्पूर्ण विश्व में प्रचारित एवं प्रसारित कर रही है।

संस्था में अपने प्रारम्भिक वर्षों में महर्षि जी के निर्देशानुसार भारत के अनेक शहरों जैसे प्रयाग, राजमुन्दरी, श्रीकालाहस्ती, अयोध्या, ब्रम्हस्थान (कटनी), फतेहपुर इत्यादि स्थानों में महर्षि वेद विज्ञान विद्यापीठों की स्थापना की गयी जिनके माध्यम से अनेक बटुक विद्यार्थियों को निःशुल्क वेद विज्ञान की शिक्षा प्रदान की जाती है तथा उन्हें कर्मकाण्ड विद्या में भी पारंगत किया जाता है। इसी क्रम में संस्था के उद्देश्यों को देखते हुए मध्य प्रदेश शासन द्वारा कटनी, मध्य प्रदेशके पास महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय की स्थापना की जा चुकी है जिसके माध्यम से अनेकों छात्र वेद विज्ञान विद्या के सभी चालीसक्षेत्रों–ज्योतिष, अनुष्ठान, वास्तु, वैदिक पाठ एवं कर्मकाण्ड इत्यादि का सुचारू रूप से अध्ययन कर रहे हैं।

वेद विज्ञान विद्या के साथ–साथ आधुनिक विज्ञान के विषयों के लिए भी अनेक जिलों में महर्षि विद्या मंदिर विद्यालयों की स्थापना की गयी जिनमें चेन्नई, होसूर, लखनऊ इत्यादि प्रमुख हैं। वर्तमान में कई स्थानों पर महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय विभिन्न जिलों में संचालित हैं जिनके माध्यम से अनेको छात्र शिक्षा प्राप्त कर अपना भविष्य उज्जवल बना रहे हैं।

हमारी संस्था के द्वारा आयुर्वेद पर भी कई वर्षो तक अध्ययन कर कई रिसर्च सेन्टरों की स्थापना की गयी तथा ख्याति लब्ध वैद्यो पद्म विभूषण श्री वृहस्पतिदेव त्रिगुणा, बलराज महर्षि एवं वासुदेव मूल शंकर द्विवेदी जी के सानिध्य में अनेक कार्यक्रम संचालित किये गये।

मैंने अपने जीवन के लक्ष्य को पूरी तरह पूज्य महर्षि जी के ज्ञान को आगे बढ़ाने के कार्यक्रमों में लगाये रखा जिसके फलस्वरूप आज भारत के लगभग सभी शहरों में इस अतुलनीय ज्ञान को देने वाले भावातीत ध्यान शिक्षक उपलब्ध हैं एवं इस भावातीत ध्यान योग को जनमानस तक सफलता पूर्वक पहुँचाया भी जा रहा है। मैंने महर्षि जी से यही सीखा है कि बिना फल की चिंता किये हुए आपने कार्य में लगे रहें सफलता तो अपने समय से प्राप्त होनी ही है।

इसी प्रकार देश के बाहर भी अनेकों कार्यक्रम महर्षि जी के उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु संचालित किये जाते रहे हैं, जिससे विदेश में भी जन सामान्य को लाभ हो रहा है। महर्षि जी के आशीर्वाद से सभी कार्य सरलता से, बिना किसी कठिनाई के सम्पन्न हो रहे हैं।

आपने मेरी रूचि के बारे में जानना चाहा है तो इस सम्बन्ध में मेरा केवल यही कहना है कि मेरी एकमात्र रूचि है कि महर्षि जी के ज्ञान – भावातीत ध्यानको अधिक से अधिक लोगों तक किस प्रकार से पहुँचाया जाये जिससे देश के जनमानस को इसका अधिकतम लाभ प्राप्त हो सके तथा एक अजेय भारत की स्थापना हो सके जिसके फलस्वरूप हमारा देश विश्वगुरु बनने के अपने महान उद्देश्य में सफल हो सके।

इसी क्रम में नोएडा एवं लखनऊ में महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इन्फार्मेशन टेक्नॉलोजी की स्थापना हो चुकी है तथा वर्तमान में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दो नये विश्वविद्यालयों महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय अयोध्या में तथा महर्षि महेश योगी इन्टरनेशनल एग्रीकल्चर विश्वविद्यालय बिल्हौर, कानपुर में स्थापित किये जाने की घोषणा हो चुकी है।

### आज आप उच्च शिक्षा व भारतीय शिक्षा–व्यवस्था के क्षेत्र में क्या बदलाव देखते हैं ?

**अजय प्रकाश श्रीवास्तव :** वर्तमान समय में शिक्षा व्यवस्था के अन्तर्गत जो उच्च शिक्षा प्रदान की जा रही है उसमें सकारात्मक परिवर्तन की आवश्यकता है। वास्तव में भारत जैसे विशाल देश में जो अनेक विविधताओं तथा संस्कृतियों को समेटे हुए है के अन्तर्गत उच्च शिक्षा व्यवस्था प्रणाली का सुदृढ़ होना अनिवार्य है। प्रत्येक व्यक्ति जानता है कि आज शैक्षणिक संस्थानों में उपलब्ध शिक्षा रोजगार परक शिक्षा है, जो चेतना की उच्चतर अवस्थाओं का विकास नहीं करती एवं विद्यार्थियों के जीवन को पूर्ण सामर्थता के साथ जीने में सहायता नहीं करती। वर्तमान शिक्षा जीविकोपार्जक तो है परन्तु जीवन परक नहीं है, यह प्रबुद्धता प्रदायी नहीं है। यह विद्यार्थियों को सहज रूपेण विचार करने एवं प्रकृति के नियमों के अनुसार कार्य करने के लिए शिक्षित नहीं करती है अत: शिक्षा सदैव नैतिक मूल्यों तथा प्रकृति के सिद्धान्तों पर आधारित होनी चाहिये जिससे विद्यार्थी चरित्रवान बनकर देश की शान, समृद्धि एवं विकास में अमूल्य योगदान दे सकें।

### उच्च शिक्षा में गुणवत्ता में कमी के पीछे क्या कारण आप देखते हैं?

**अजय प्रकाश श्रीवास्तव :** उच्च शिक्षा में गुणवत्ता की कमी का कारण भारत में पिछले कई वर्षो से एक संकीर्ण दृष्टिकोण आधारित शिक्षा प्रदान की जा रही थी इस शिक्षा का मुख्य उद्देश्य था डिग्री प्राप्त करना। शिक्षण संस्थाओं का उद्देश्य था अधिक से अधिक छात्रों को डिग्री प्रदान करना तथा विद्यार्थियों का उद्देश्य था येन केन प्रकारेण डिग्री प्राप्त करना। इस शिक्षा पद्धति के अन्तर्गत व्यक्ति डिग्री तो प्राप्त कर लेता था, किन्तु उसके समग्र जीवन का विकास नहीं होता था।



भारत वर्ष में प्राचीन काल में गुरुकुल परम्परा में विद्यार्थियों को शैक्षणिक शिक्षा के साथ–साथ उनके समग्र जीवन का विकास भी हो सके ऐसी शिक्षण व्यवस्था की गयी थी। किन्तु कालान्तर में कई कारणों से धीरे–धीरे शिक्षा से यह समग्रता कम होती चली गई और शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना रह गया। हम इस पीढ़ी के लोग सौभाग्यशाली हैं कि 50 के दशक में एक वैज्ञानिक संत महर्षि महेश योगी जी ने ऐसी पद्धति भावातीत ध्यान का विकास किया एवं उसे शिक्षा का एक अंग बनाया,जिससे विद्यार्थी शिक्षा प्राप्ति के साथ–साथ अपनी रचनात्मक क्षमता का समग्र विकास कर सके।

महर्षि जी द्वारा प्रतिपादित भावातीत ध्यान पद्धति एक सहज सरल मानसिक प्रक्रिया है जिसके निरन्तर अभ्यास से शिक्षार्थी को शैक्षणिक योग्यता भी मिलती है एवं उसके समग्र जीवन का विकास भी होता है जो कि उच्च शिक्षा का लक्ष्य है। उच्च शिक्षा का लक्ष्य यही होना चाहिये कि व्यक्ति शिक्षा प्राप्ति के साथ–साथ अपने समग्र जीवन का विकास भी करे ताकि वह समाज, राष्ट्र एवं विश्व के लिए उपयोगी हो सके।

### भारतीय उच्च शिक्षा–व्यवस्था में गुणवत्ता की वापसी के लिए क्या किया जाना चाहिए?

**अजय प्रकाश श्रीवास्तव :** भारतीय उच्च शिक्षा–व्यवस्थामें आधुनिक शिक्षा के साथ–साथ चेतना विज्ञान आधारित शिक्षा व्यवस्था को भी सम्मिलित करना आवश्यक है। महर्षि जी ने शिक्षा के मूल तत्व शुद्ध चेतना के क्षेत्र (भावातीत चेतना) को प्रकाशित किया है जो विचार के स्त्रोत पर निहित है। अत: विद्यार्थियों को भावातीत चेतना का अनुभव करना चाहिए जो मस्तिष्क की पूर्ण कार्यप्रणाली को जागृत करता है, प्रत्येक विद्यार्थी की पूर्णसृजनात्मक सामर्थ्य एवं आन्तरिक प्रसन्नता को प्रकट करना संभव बनाता है। अत: भारतीय उच्च शिक्षा व्यवस्था में गुणवत्ता की वापसी के लिए विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ–साथ भावातीत ध्यान पद्वति का प्रात: एवं सायं नियमित अभ्यास करना चाहिये जिससे उनकी सृजनात्मक शक्ति का विकास हो सके। सृजनात्मक सामर्थ्य को बढ़ाना अनिवार्य है जो भावातीत ध्यान के नियमित अभ्यास से ही संभव हो सकता है।

### आज की शिक्षा के लिए रामायण की उपयुक्ता क्यों बढ़ती जा रही है?

**अजय प्रकाश श्रीवास्तव :** आज शिक्षा में जो हमारे पुराने ग्रंथ है जैसे गीता एवं रामायण इनकी उपयोगिता निरन्तर बढ़ती जा रही है क्योकि ये ग्रंथ अपने आपमें बहुत विशाल तथा एक उच्च चेतना के स्तर से रचे गये हैं। इन ग्रंथो को हम केवल एक कहानी न समझ करइसका पूर्ण गूढ़ता से अध्ययन करें अथवा छात्रों को कराये तो उसमें ऐसी बातें छिपी हुई हैं जो आज समाज में आज हमारे चारों तरफ व्याप्त समस्याओं का समाधान हमें स्वत: ही प्राप्त हो जाता है।जब छात्र इनका अध्ययन करेंगे और आधुनिक शिक्षा के साथ जोड़कर इनका अध्ययन करेंगे तो इसकी उपयोगिता बहुत ज्यादा बढ़ जायेगी। रामायण में व्यक्तित्व के विकास का, राजनीति का एवंकुशल प्रशासन का सम्पूर्ण ज्ञान है। रामायण अपने आपमें एक धार्मिक ग्रंथ भी है। यहॉ पर धर्म का अर्थ सही मार्ग पर चलना अर्थात् वह कार्य करना जो सही है तथा उत्तरोत्तर दिशा में हो। धर्म का मूल रूप से अर्थ है धर्मो रक्षति रक्षत: महर्षि जी ने रामायण की परिभाषा तथा भगवान राम की जो व्याख्या की है वह संक्षेप मे यह है कि राम की चेतना उच्च स्तर की हैं कि भगवान राम की चेतना को धारण करके यदि कोई प्रशासक कार्य करता है तो वह आदर्श प्रशासन माना जाता है। राम राज का अर्थ है कि समाज में परेशानी न हो तथा अराजकता न हो, सभी नागरिक खुश हों, प्रगति के पथ पर हों। ऐसा ही उस समय था इसीलिए उस काल को राम राज्य कहा जाता था तथा वह एक आदर्श राज्य माना जाता था। शिक्षा में आधुनिक शिक्षा के साथ इन ग्रंथो का पठन–पाठन और साथ ही महर्षि जी के ज्ञान भावातीत ध्यान से जो चेतना का विकास होता है जिससे इन ग्रंथों के मूल स्वरूप को आसानी से समझ सके। शिक्षा में जब इन दोनों ही चीजों का अनुभवअर्थात आधुनिक शिक्षा एवं भावातीत ध्यान का नियमित अभ्यास विद्यार्थी करेंगा तो उसे रामायण की उपयोगिता स्वत: ही समझ में आ सकेगी।

'राम ब्रह्म परमारथ रूपा'रामायण भारतीय जीवन एवं संस्कृति का मूल भूत आधार है तथा यह हमें अपने धर्म से जुड़े रहने की शिक्षा देता है। धर्म ही जीवन के स्त्रोत से पुन: जुड़ने की सर्वोच्च कला और विज्ञान है, जो ईश्वर के प्रकाश में समस्त जीवन के स्त्रोत की खोज करने के लिए निरन्तर हर स्थान पर सर्वज्ञ, सर्व समर्थ एवं सर्वविधमानका अनुसंधान करता है। धर्म का आदर्श नित्य जीवन में ईश्वर के प्रकाश को जीना है।रामायण पूर्ण ज्ञान का क्षेत्र है तथा पूर्ण प्राकृतिक विधानों के विज्ञान एवं तकनीकों में, समस्त प्राकृतिक नियमों के समत्व क्षेत्र में विद्यमान है। इसी कारण रामायण की उपयोगिता को बढ़ाये जाने की आवश्यकता है जिससे शिक्षा के अन्तर्गत भारतीय संस्कृति एवं धार्मिक मूल्यों की भी जानकारी विद्यार्थियों को हो सके।

### श्रेष्ठ विश्वविद्यालय में परम्परा व आधुनिकता का मिश्रण कैसे हो?

**अजय प्रकाश श्रीवास्तव :** श्रेष्ठ विश्वविद्यालय में परम्परा एवं आधुनिकता का मिश्रण अत्यन्त ही सहज है अपनी प्राचीन परम्परा रही है कि प्रात: एवं सायं विशुद्ध चेतना का अभ्यास करते हैं एवं आधुनिकता में वर्तमान आधुनिक वैज्ञानिक शिक्षा का ज्ञान प्राप्त करें। महर्षि जी द्वारा प्रतिपादित भावातीत ध्यान पद्धति का नियमित रूप से प्रात: एवं सायं अभ्यास करेंगे तथा दिन में अत्यन्त आधुनिक शिक्षा का अध्ययन करेगे जिससे श्रेष्ठ विश्वविद्यालय में परम्परा एवं आधुनिकता का मिश्रण अत्यन्त सहज रूप से सम्भव होगा।

### रामायण की वैश्विक संस्कृति के उन्नयन में महर्षि जी के विचारों को उच्च शिक्षा में कैसे स्थापित करना चाहेंगे?

**अजय प्रकाश श्रीवास्तव :** भगवान राम हमारे ब्रम्हाण्ड के संविधान ''वेद'' जो उनकी अपनी स्वयं की शाश्वत चेतना की प्रकृति है, के माध्यम से ब्रम्हाण्ड पर शासन करते हैं। यह शाश्वत सिद्धान्त वेद एवं वैदिक साहित्य में उपलब्ध है। इस महान ग्रंथ रामायण के माध्यम से हर घर में भगवान राम के चरित्र ''रामलीला'' की असीमित कथाओं का प्रकाश विद्यमान है, जो मानवीय भावनाओं को शुद्ध करता है और पृथ्वी पर जीवन को आनन्दमय बनाता है। उच्च शिक्षा व्यवस्था में रामायण की वैश्विक संस्कृति के अध्ययन से विद्यार्थियों में उदारता, करूणा, मित्रता, प्रसन्नता, धर्म परायणता, मानसिक शक्ति का प्रादुर्भाव होने से विद्यार्थियों में चेतना का उत्थान एवं सर्वागींण विकास होता है जो कि समाज, राष्ट्र एवं विश्व में वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को चरितार्थ करता है। रामायण के अध्ययन के साथ–साथ महर्षि जी द्वारा प्रवर्तित भावातीत ध्यान पद्धति का नियमित अध्यास एवं चेतना विज्ञान की शिक्षा प्रदान करने से रामायण की वैश्विक संस्कृति एवं महर्षि जी के विचारों को उच्च शिक्षा में स्थापित किया जा सकेगा।

### महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में क्या भूमिका होगी ?

**अजय प्रकाश श्रीवास्तव :** पूज्य महर्षि महेश योगी जी के दिव्य मार्गदर्शन में स्थापित होने वाला महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय शीघ्र बनने जा रहा है जिसके द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के आदर्श चरित्र एवं उसके प्राकृतिक सहज ज्ञान को अत्यन्त सरलतापूर्वक विद्यार्थियों के शैक्षणिक उपयोग हेतु प्रस्तुत किया जायेगा। जिससे प्रत्येक छात्र की चेतना में परम्पराओं, संस्कृति, समाजिक संरचना, ज्ञान, प्राकृतिकसंसाधनों को समृद्ध कर विद्यार्थियों को एक आदर्श नागरिक बनाया जा सके इसके फलस्वरूप अजेय भारत का निर्माण हो सके।

### आप की आगामी योजनाएँ क्या हैं ?

**अजय प्रकाश श्रीवास्तव :** हमारी आगामी योजनाएॅ हैं कि सभी शिक्षण संस्थाओं में प्रत्येक विद्यार्थी नियमित रूप से प्रात: एवं सायं भावातीत ध्यान योग का अभ्यास करे जिससे उसकी चेतना का समग्र विकास हो एवं दिन के समय अत्यन्त आधुनिक वैज्ञानिक शिक्षा का पठन–पाठन करे। जिसके फलस्वरूप आने वाले समय में विद्यार्थी बड़ा होकर समाज के लिए हर प्रकार से उपयोगी हो तथा आदर्श राष्ट्र के निर्माण में अपना सहयोग दे सके जिससे राष्ट्र भारत पुन: विश्वगुरु बन सके।

धन्यवाद महोदय।

# ऐतिहासिक रहा स्वर्गीय श्री चंद मान का देशौरी कारज धर्म यज्ञ

## सिदीपुर लोवा कला में लाखों लोगों ने पहुंच कर दी श्रीचंद मान को श्रद्धांजलि





**ललित कुमार गोठवाल (झज्जर/बहादुरगढ़)**

बहादुरगढ़ के गांव सिदीपुर लोवा कला के सुप्रसिद्ध समाजसेवी स्वर्गीय चौधरी श्री चंद मान की तीसरी पुण्यतिथि पर उनके पुत्रों अशोक मान ,दलवीर मान, सिकंदर मान द्वारा अपने पैतृक गांव लोवा – सिदीपुर में देशोरी कारज धर्म यज्ञ का आयोजन कराया गया ।इसमें पालम 360 खाप की अध्यक्षता में चौधरी रामकुमार सोलंकी ने कारज व रसम पगड़ी कार्यक्रम का संचालन किया और कार्यक्रम की अध्यक्षता की । कारज में सभी राजनीतिक दलों के दिग्गज लोगों के अलावा पालम 360 खाप की सभी सरदारी ,तपे सभी दलबल के साथ ढोल नगाड़ों के साथ धूमधाम से पहुंचे। और सभी ने इस देसोरी कारज में पहुंचकर स्वर्गीय श्री चंद मान के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। पालम 360 खाप के तपे ढांसा बारहा ने स्वागत की जिम्मेदारी संभाली तो सुरहेडा 18 ने भंडारे की ड्यूटी बखूबी निभाई । लाखों लोग इस कार्यकर्म में पहुंचें ।मान परिवार के बड़े पुत्र अशोक मान को पगड़ी बांधकर लोवा 17 के प्रधान की जिम्मेदारी सौंपते हुए समाज हित के कार्यों में अपने पिता श्री चंद मान के दिखाए मार्ग पर चलते रहने की प्रेरणा दी। कारज में मुख्य रूप से पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ,पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, राज्यसभा सांसद के सी त्यागी, भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड ,राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा ,कमलजीत सेहरावत, गीता भुक्कल सहित दर्जनों नेताओं ने स्वर्गीय श्री चंद मान के धर्म यज्ञ कार्यक्रम में पहुंचे और उनको नमन किया ।

स्वर्गीय श्री चंद मान के परिवार ने कारज के अवसर पर प्रमुख गौशालाओं, मंदिरों ,धार्मिक स्थलों में लाखों रुपए नगद दान दिया। लोवा 17 के प्रधान अशोक मान ने क्षेत्र में पेड़ लगाने के लिए 21 लाख रुपए देने की घोषणा की ।मान परिवार द्वारा सभी का धन्यवाद करते हुए आभार प्रकट किया गया। और 23 अप्रैल मंगलवार को होने वाले हनुमान जयंती जन्मोत्सव का सभी को निमंत्रण दिया।

# धारदार हथियार से किशोर की नृशंस हत्या, मचा हड़कंप

## मृतक के परिजन गांव के ही चार नामजद सहित एक अज्ञात लोगों पर लगा रहे हत्या का आरोप

**संवाददाता।गौरवशाली भारत**

गोंडा। जिले के इटियाथोक थाना क्षेत्र के एक गांव में पंद्रह वर्षीय किशोर की नृशंस हत्या से इलाके में हड़कंप मच गया और परिजनों में कोहराम मचा है। घटना की सूचना पर आनन फानन में एसपी विनीत जायसवाल सहित स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है। डॉग स्क्वायड व फॉरेंसिक टीम ने भी घटना स्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। वहीं किशोर की बेरहमी से की गई हत्या को लेकर ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। एसपी ने परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया है। घटना इटियाथोक थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत भुड़कुड़ा के मजरे दलपतपुर (खटिकन पुरवा) की है। यहां के निवासी मनीष यादव (15) पुत्र हनुमान क्षेत्र के गोपाल बाग स्थित एमडी जीएन गुरुकुल विद्यापीठ में



कक्षा सात का छात्र था। मृतक के भाई सुरेंद्र यादव ने बताया कि शनिवार को उनका छोटा भाई मनीष गांव के ही राम जियावन वर्मा के यहां आयोजित तिलक समारोह में शामिल होने के लिए गया था। रात करीब 12 बजे वह घर लौट कर आया। उसके बाद वह शौच के लिए घर के पूर्वोत्तर दिशा में खेतों की ओर चला गया। परिवार के सभी सदस्य खाना खाकर सो गए थे। सुबह जब नींद टूटी तो देखा मनीष घर पर मौजूद नहीं है। इस दौरान घर से लगभग 150 मीटर दूर गेहूं के खेत में खून से लथपथ उसका शव पड़ा था।शव को देखकर परिजनों में कोहराम मच गया।

### छह भाइयों में सबसे छोटा था मृतक

ग्रामीणों की मानें तो मनीष छह भाईयों में सबसे छोटा था। पिता हनुमान प्रसाद अपने बड़े बेटे वीरेंद्र यादव के साथ पंजाब प्रांत के लुधियाना शहर में रहकर मेहनत मजदूरी का काम करते हैं।शेष चार भाई घर पर रहकर खेती करते हैं। छोटे भाई के हत्या की सूचना पिता व बड़े भाई को दी गई है। मिली जानकारी के मुताबिक पिता पुत्र लुधियाना से घर के लिए रवाना हो चुके हैं।

### मृतक के परिजन गांव के ही चार नामजद सहित एक अज्ञात लोगों पर लगा रहे हत?या का आरोप

मृतक के परिजनों ने गांव के ही पांच लोगों पर जमीनी रंजिश को लेकर हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। वहीं कुछ ग्रामीणों द्वारा दबी जुबान में मामला आशनाई से जुड़े होने की बात कही जा रही है। इस संबंध में इटियाथोक कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी का कहना है चार नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ तहरीर मिली है। आरोपित प्रवेश यादव, राजकुमार यादव, मुकेश यादव, संजय प्रताप व एक अज्ञात के विरुद्ध षड्यंत्र व हत्या का मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

# टीवी स्टार श्रेय मित्तल फिट रहने के लिए फुटबॉल को देते हैं श्रेय

मुंबई (अनिल बेदाग)। कलर्स टीवी पर प्रदर्शित एकता कपूर के धारावाहिक नागिन 6 और सोनी टीवी पर चले शो इंडिया वाली मां में अपने जबरदस्त किरदारो के लिए विख्यात अभिनेता श्रेय मित्तल स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति भी बहुत सजग रहते हैं। एमटीवी स्प्लिट्सविला सीजन 12 के विजेता रहे श्रेय मित्तल की अद्भुत फिटनेस का राज फुटबॉल का खेल है, जो उन्हें एकदम तरोताजा रखता है। अपना जीवन अनुशासन के साथ गुजारने वाले श्रेय मित्तल को फुटबॉल का बेहद जुनून है।

बचपन से ही खेल से गहरा लगाव रखने वाले श्रेय के दिल के करीब फुटबॉल रहा है। वह इसे केवल एक खेल नहीं बल्कि तनाव और थकान से निकलने का बेहतरीन स्रोत है। श्रेय का



मानना है कि, कोई भी खेल खेलने से इंसान सिर्फ शारीरिक रूप से ही फिट नहीं रहता है; बल्कि स्पोर्ट्स मानसिक रूप से फिट रखने के लिए भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

अपने व्यस्त शेड्यूल के बावजूद, श्रेय मित्तल हफ्ते में कम से कम दो तीन बार फुटबॉल खेलने के लिए समय निकाल ही लेते हैं। फुटबॉल उन्हें फिट रखने में मदद करता है। एक फुटबॉल टीम का मालिक होना श्रेय के जीवन का सपना है।

# ये काली काली आंखें के सीक्वल से इंडस्ट्री में मेरा सबसे रोमांचक होगा : ताहिर राज भसीन

मुंबई (अनिल बेदाग)। नेटफ्लिक्स की हिट सीरीज़ ये काली काली आंखें में मुख्य भूमिका निभाने के लिए जाने जाने वाले अभिनेता ताहिर राज भसीन इस साल अपना जन्मदिन मनाने के लिए तैयार हैं। इस अवसर पर, उन्होंने अपनी जर्नी और वर्षों से मिले प्यार पर विचार करने के लिए कुछ समय निकाला।

अपने बहुमुखी प्रदर्शन और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस के लिए जाने जाने वाले, ताहिर एक ऐसे अभिनेता के रूप में उभरे हैं जो गहन और ग्रे दोनों तरह के किरदार निभा सकते हैं।

विविध किरदारों में जान फूंकने की उनकी क्षमता ने उन्हें दुनिया भर के



दर्शकों से आलोचनात्मक प्रशंसा अर्जित की है।

ताहिर ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, ये काली काली आंखें के सीक्वल के साथ यह इंडस्ट्री में मेरा सबसे बड़ा साल होगा इसलिए, मैं इस जन्मदिन के लिए बेहद खुश और आभारी महसूस कर रहा हूं। मेरे पास इस तरह का एक बड़ा प्रोजेक्ट होना, जो नेटफ्लिक्स पर मेरी सुपरहिट सीरीज़ का सीक्वल है, मेरे लिए यह जन्मदिन वास्तव में रोमांचक बनाता है।

उन्होंने आगे कहा, मैं ये काली काली आंखें की शूटिंग कर रहा हूं और रचनात्मक रूप से बहुत तृप्त महसूस कर रहा हूं।

मैं एक ऐसा अभिनेता हूं जो स्क्रीन पर खुद को लगातार नया रूप देना चाहता है और मैं भाग्यशाली हूं कि उन आविष्कारों को इंडस्ट्री, मीडिया और दर्शकों ने पसंद किया है और सराहा है। ये काली काली आंखें एक ऐसा प्रोजेक्ट है जो मुझे अब भी प्यार देता रहता है। मैं अपने सोशल मीडिया पर लगातार सीरीज के बारे में प्रश्नों से भरा रहता हूँ। प्यार और प्रत्याशा स्पष्ट है।

अभिनेता ने यह भी खुलासा किया, लोग मेरे जन्मदिन पर ये काली काली आंखें से कोई अपडेट साझा कर उपहार देने के लिए मुझे संदेश भेज रहे हैं! यह इसकी अविश्वसनीय सफलता की कहानी को दर्शाता है।

मैं अपने रास्ते में आ रही इस सारी सकारात्मकता का आनंद ले रहा हूं और मुझे उम्मीद है कि जब सीरीज का दूसरा सीजन नेटफ्लिक्स पर आएगा तो मैं जबरदस्त प्रदर्शन कर सकूंगा।

# परवीन डबास ने किया तमिलनाडु स्टेट आर्मरेसलिंग चैंपियनशिप 2024 में टेबल का उद्घाटन



मुंबई (अनिल बेदाग) ।जब इस देश में एक खेल के रूप में आर्म रेसलिंग के विकास की बात आती है, तो परवीन डबास का योगदान वास्तव में सर्वश्रेष्ठ में से एक रहा है। उनकी प्रो पंजा लीग पहल के लिए धन्यवाद, एथलीटों का मानना था कि एक ऐसा करियर है जिसे वे खेल से पेशेवर रूप से बना सकते हैं और कोई आश्चर्य नहीं, इससे देश को काफी मदद मिली है। परवीन ने इस देश के कुछ एथलीटों पर जो विश्वास दिखाया है, उसके लिए वे सभी बाधाओं पर विजय पाने और वैश्विक स्तर पर देश को गौरवान्वित करने के लिए आगे बढ़े हैं। खैर, इसीलिए, जब इस तथ्य को समझने की बात आती है कि परवीन डबास वास्तव में सबसे सम्मानित और सम्माननीय व्यक्तियों में से एक हैं, जिन्हें आर्मरेसलिंग से संबंधित किसी भी चीज़ में विशेष अतिथि कहा जाता है, तो इसमें कोई आश्चर्य नहीं है। व्यस्त और व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद, परवीन डबास तमिलनाडु स्टेट आर्मरेसलिंग चैंपियनशिप 2024 के उद्घाटन में शामिल होने में कामयाब रहे।